सूर्योदय 5:35 सूर्यास्त 7:18

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.5 न्यू | 25.0 अधि |
| धर्मशाला | 21.0 न्यू | 29.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 80604.65 |
| निफ्टी | 24530.90 |
| सोना 72,610 | चांदी 93,250 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार




एचआरटीसी के बेड़े में शामिल होंगी 572 नई बसें
पृष्ठ 3 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शनिवार, 20 जुलाई, 2024 | 5 श्रावण, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 213, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### केजरीवाल की पत्नी आज हरियाणा में करेगी बड़ा ऐलान



**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) हरियाणा के लिए दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गारंटियों की घोषणा के साथ शनिवार को राज्य में विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान शुरू करेगी। 'आप' ने एक बयान में कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री की पत्नी सुनीता केजरीवाल शनिवार को हरियाणा के पंचकूला में एक जनसभा में 'केजरीवाल की गारंटियों' की घोषणा करेंगी। 'आप' ने हरियाणा में कई चुनाव लड़े हैं, लेकिन उसे अब तक चुनावी सफलता नहीं मिली है।

### प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' के लिए सुझाव किए आमंत्रित



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस महीने के आखिरी रविवार 28 जुलाई को प्रसारित होने वाले आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम 'मन की बात' के लिए शुक्रवार को नागरिकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। इस कार्यक्रम का प्रसारण 28 जुलाई को होगा। यह 'मन की बात' कार्यक्रम का 112वां संस्करण होगा। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में इस बात पर भी प्रसन्नता व्यक्त की कि विशेष रूप से कई युवा समाज में परिवर्तन लाने के लक्ष्य से किए जा रहे सामूहिक प्रयासों को रेखांकित कर रहे हैं।

### अब गुजरात में पटरी से उतरी मालगाड़ी

**गुजरात।** देशभर के अलग-अलग हिस्सों में ट्रेन दुर्घटनाएं सामने आ रही है। इन दुर्घटनाओं को लेकर केंद्र का रेलवे विभाग विपक्षी दलों के निशाने पर है। विभाग पर सुरक्षा उपायों की अनदेखी के आरोप लग रहे हैं। इसी बीच वलसाड और सूरत स्टेशन के बीच शुक्रवार को मालगाड़ी का एक डिब्बा पटरी से उतर गया। इस घटना में फिलहाल किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

### असम में मुस्लिम विवाह कानून को खत्म करने की मंजूरी

**असम।** भाजपा शासित असम में राज्य सरकार ने मुस्लिमों की शादी और तलाक़ के पुराने कानून को खत्म करने की मंजूरी दे दी है। साल 1935 के 'असम मुस्लिम विवाह और तलाक़ पंजीकरण कानून' में विशेष परिस्थिति में मुसलमानों को कम उम्र में शादी की इजाजत दी गई है। असम सरकार ने इस फ़ैसले को बाल विवाह के खिलाफ लिया गया फैसला बताया है। असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने पत्रकारों से बातचीत में कहा है कि इस क़ानून को ख़त्म करने के लिए पहले हम अध्यादेश लेकर आए थे, अब इसके लिए कानून बनाया जा रहा है।

### अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- विश्वविद्यालय में पीएचडी प्रवेश में नहीं थम रही धांधलियां -पेज 2
- प्रमोशन कोर्स के लिए पीटीसी पहुंचे 402 पुलिस कर्मचारी -पेज 4
- आग से तीन कमरों का स्लेटनुमा मकान व गोशाला जलकर राख -पेज 6
- कांवड़ मार्ग में हलाल प्रोडक्ट बेचने पर होगी कार्रवाई : योगी -पेज 13
- नौरी को हराकर नदाल नॉर्डिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में -पेज 14


# माइक्रोसॉफ्ट का सर्वर डाउन दुनियाभर में अफरा-तफरी

## 1400 फ्लाइट कैंसिल; बैंक, स्टॉक मार्केट और टीवी चैनलों पर भी असर

**एजेंसी, वेलिंगटन**

दुनिया भर में माइक्रोसॉफ्ट का सर्वर ठप हो गया है। इससे आम लोगों के साथ ही कई दिग्गज कंपनियों के कामकाज पर भी असर पड़ा है। इनमें ब्रिटेन की ब्रॉडकॉस्टिंग कंपनी स्काई न्यूज से लेकर भारत की अकासा एयरलाइंस और अमेरिका की फ्रंटियर एयरलाइंस शामिल हैं। दुनियाभर में 1400 फ्लाइट कैंसिल हो गईं। हालांकि, 3 हजार विमानों ने देरी से उड़ान भरी। यही नहीं, बैंक, स्टॉक मार्केट और टीवी चैनलों पर भी असर देखा गया।

क्राउडस्ट्राइक सॉफ्टवेयर में अपडेट की वजह से शुक्रवार को माइक्रोसॉफ्ट के सर्वर में खराबी आ गई थी। अमेरिका, ब्रिटेन, जर्मनी समेत 25 से ज्यादा देशों में मेडिकल सर्विसेज और बैंक में काम नहीं हो पा रहा है। टीवी चैनल्स, रेडियो, ट्रेन स्टेशंस पर भी कामकाज रुक गया है।




भारत में फिलहाल 6 एयरलाइंस तकनीकी दिक्कत का सामना कर रही हैं। इसके अलावा दिल्ली एयरपोर्ट पर कुछ सेवाएं रुक गई हैं। अमेरिका में लोग इमरजेंसी नंबर 911 को कॉन्टैक्ट नहीं कर पा रहे हैं। ब्रिटेन में लोग छोटे बच्चों के साथ घंटों एयरपोर्ट पर लाइन में रहे। पूरे ब्रिटेन में स्वास्थ्य सेवाओं के लिए जिम्मेदार नेशनल हेल्थ सर्विस कंप्यूटर एक्सेस नहीं कर पा रहे हैं, जिससे लोगों को समय पर इलाज नहीं मिल पा रहा है। भारत में इसका सबसे ज्यादा असर एयरपोर्ट पर देखा गया। एयरलाइंस की चेकइन जैसी ऑनलाइन सर्विसेज इससे प्रभावित हुई। मुंबई, दिल्ली, चेन्नई, बेंगलुरु समेत पूरे देश के एयरपोर्ट पर भारी भीड़ देखी गई।

### क्यों ठप हुआ माइक्रोसॉफ्ट

**दुनिया** भर में लाखों माइक्रोसॉफ्ट विंडोज यूजर्स ब्लू स्क्रीन ऑफ डेथ एरर का अनुभव कर रहे हैं। इसके कारण लोगों का सिस्टम अचानक बंद हो जा रहा है या फिर अपने आप चालू हो जा रहा है। इसके खराबी के पीछे का कारण कंपनी ने क्राउडस्ट्राइक अपडेट को बताया है।

## न्यू ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर नहीं बनी सहमति

# हिमाचल में शिक्षकों के तबादले पर रोक

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

हिमाचल में शिक्षकों के तबादले पर सरकार ने रोक लगा दी है। शिक्षा विभाग में टीचरों के ट्रांसफर के लिए तैयार की जा रही ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर अभी सरकार कोई फैसला नहीं ले पाई है। ट्रांसफर पॉलिसी का मामला अभी सरकार के पास ही आपसी सहमति न बनने से लटका पड़ा है। ऐसे में सरकारी स्कूलों में स्टूडेंट्स की पढ़ाई बाधित न हो इसके लिए शिक्षा विभाग ने 29 जुलाई से शुरू हो रहे अकादमिक सेशन में शिक्षकों के तबादले पर रोक लगा दी है। इन आदेशों के बाद अब प्रदेश भर के विभिन्न स्कूलों में सेवाएं दे रहे जेबीटी, टीजीटी, पीजीटी, डीपीई, फिजिकल एजुकेशन व अन्य शिक्षकों की सत्र के बीच में कोई ट्रांसफर नहीं होगी। प्रदेश सरकार के इस निर्णय से अभिभावकों ने भी राहत की सांस ली है।




शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर लंबे समय से चर्चा हो रही है। मैं व्यक्तिगत रूप से ट्रांसफर पॉलिसी का पक्षधर हूं, जिसमें शिक्षकों को स्कूल में कम से कम दो से तीन साल सेवाएं देने की अवधि होनी चाहिए, जिसके लिए सहमति होना महत्वपूर्ण है, लेकिन जब तक ट्रांसफर पॉलिसी को लेकर निर्णय नहीं होता है।

स्कूलों में अकादमिक सेशन से शिक्षकों तबादले न हो, इस बारे में मुख्यमंत्री से चर्चा हुई है। ऐसे में स्कूलों में स्टूडेंट्स की पढ़ाई प्रभावित न हो, इसके लिए अकादमिक सेशन में अब शिक्षकों के तबादले नहीं किए जाएंगे। (अनंत ज्ञान)

### सरप्लस शिक्षकों पर चलेगा डंडा

**प्रदेश** के शिक्षण संस्थानों में सरप्लस शिक्षकों पर भी नियमों का डंडा चलने वाला है। प्रदेश में ऐसे मामले सामने आए हैं, जहां 50 संख्या वाले स्कूलों में कई शिक्षक तैनात हैं। राजधानी के कई स्कूलों में भी पिछले लंबे समय से सरप्लस शिक्षक हैं। ऐसे में सरकार ने एक बार फिर विभाग को युक्तिकरण के निर्देश दिए हैं। जिसके तहत शहर के स्कूलों में सरप्लस शिक्षक अब ग्रामीण क्षेत्रों में भेजे जाएंगे।

शिक्षा विभाग को इस बारे में जल्द ऐसे शिक्षकों की सूची बनाने को कहा गया है। जिसके लिए अब अकादमिक सेशन में मंत्रियों और विधायकों की सिफारिशें भी काम नहीं आएंगी। प्रदेश में शिक्षा विभाग में तबादलों को लेकर ही सबसे अधिक होड़ मची रहती है। शिक्षा निदेशालयों से लेकर सचिवालय तक शिक्षक ट्रांसफर के लिए फाइल लेकर घूमते हुए नजर आते हैं।

## 10 अतिरिक्त न्यायाधीशों की हुई पदोन्नति

**एजेंसी, नई दिल्ली**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दो हाईकोर्ट के दस एडिशनल जजों को स्थायी जज के रूप में नियुक्त किया है। राष्ट्रपति ने दिल्ली हाईकोर्ट के तीन एडिशनल जजों और बांबे हाईकोर्ट के सात एडिशनल जजों को स्थायी जज के रूप में नियुक्त किया है।



आज जारी नोटिफिकेशन के मुताबिक राष्ट्रपति ने बांबे हाईकोर्ट के एडिशनल जज जस्टिस वाईबी खोबरागड़े, जस्टिस महेंद्र वादुमनी चांदवानी, जस्टिस अभय सोपानराव वाघवासे, जस्टिस रविंद्र मधुसूदन जोशी, जस्टिस संतोष गोविंदराव चपलगांवकर, जस्टिस मिलिंद मनोहर साथाये और जस्टिस डॉ. नीला केदार गोखले को स्थायी जज के रूप में नियुक्त किया है। राष्ट्रपति ने दिल्ली हाईकोर्ट के एडिशनल जज जस्टिस गिरीश कथपलिया, जस्टिस मनोज जैन और जस्टिस धर्मेश शर्मा को स्थायी जज के रूप में नियुक्त किया है।

राष्ट्रपति ने बांबे हाईकोर्ट के दो एडिशनल जजों जस्टिस संजय आनंदराव देशमुख और जस्टिस वृषाली विजय जोशी का कार्यकाल एक साल के लिए एडिशनल जज के रूप में बढ़ाने का आदेश दिया है।

## सिरमौर में चलती कार पर गिरे पत्थर, चार घायल

**एसपी जैरथ, नाहन**

जिला सिरमौर के श्री रेणुकाजी तीर्थ को जोड़ने वाले नाहन-ददाहू-संगड़ाह सड़क पर चलती एक कार पर पत्थर गिरने से चार लोगों के घायल होने की सूचना है। हादसा वीरवार देर शाम बड़ोलिया मंदिर के समीप हुआ।

जानकारी के अनुसार एचपी 79-2351 नंबर की कार नाहन से ददाहू की तरफ जा रही थी। जैसे ही कार बड़ोलिया मंदिर के समीप पहुंची तो पहाड़ी से पत्थर कार पर आ गिरे। इस हादसे में चार लोगों को चोटें आई हैं। इसके बाद घायलों को सिविल अस्पताल ददाहू पहुंचाया गया है, जहां उनका उपचार जारी है। हादसे में पदम देव (34) भराड़ी, नेत्र सिंह (60) धनास, विक्की सिंह (34) पुन्नर धार और सुनील कुमार (35) चाडना घायल हुए हैं। उधर, ददाहू सिविल अस्पताल के प्रभारी डा. अशोक ठाकुर ने बताया कि चारों घायलों का उपचार अस्पताल में किया जा रहा है। सभी की हालत खतरे से बाहर हैं।



क्षतिग्रस्त हुई कार।

## पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी 38 लाख

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में हिंदुओं की आबादी वर्ष 2017 के 35 लाख से बढ़कर 2023 में 38 लाख हो गई जो इन्हें इस इस्लामी राष्ट्र का सबसे बड़ा अल्पसंख्यक समूह बनाती है। पिछले साल की जनगणना के आधिकारिक आंकड़ों से यह जानकारी मिली।

'डॉन' अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान सांख्यिकी ब्यूरो (पीबीएस) ने 7वीं आबादी और आवास जनगणना 2023 के नतीजे जारी किए। इससे पता चलता है कि कुल आबादी में मुसलमानों की हिस्सेदारी 2017 में 96.47 प्रतिशत से थोड़ी कम होकर 2023 में 96.35 प्रतिशत रह गई जबकि सभी प्रमुख धार्मिक अल्पसंख्यकों की आबादी पिछले छह वर्षों में बढ़ी है। हिंदुओं की आबादी 2017 के 35 लाख से बढ़कर 2023 में 38 लाख हो गई, लेकिन कुल आबादी में उनकी हिस्सेदारी 1.73 से घटकर 1.61 प्रतिशत हो गई है। इससे पता चलता है कि अन्य अल्पसंख्यक समुदायों की आबादी में तेज दर से वृद्धि हुई है।



## आईएएस पूजा खेडकर के खिलाफ केस दर्ज

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पूजा खेडकर के खिलाफ दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच में एफआईआर दर्ज कर ली है। यूपीएससी की शिकायत पर केस दर्ज किया गया है। पूजा खेडकर पर आरोप है कि उन्होंने फर्जी पहचान के आधार पर यूपीएससी की परीक्षा दी। यूपीएससी की जांच में सामने आया है कि इस ट्रेनी आईएएस ऑफिसर ने जालसाजी कर अपने डॉक्यूमेंट बदले और नियमों के मुताबिक तय अटेंप्ट से ज्यादा बार यूपीएससी की परीक्षा दी।



जांच में यह सामने आया है कि पूजा खेडकर ने अपना नाम, माता-पिता का नाम, सिग्नेचर, ईमेल आईडी, फोटोग्राफ, मोबाइल नंबर और घर का पता बदला था। यूपीएससी ने सिविल सेवा परीक्षा-2022 के लिए उनकी उम्मीदवारी रद्द करने और भविष्य की परीक्षाओं में शामिल होने से रोकने के लिए कारण बताओ नोटिस भी जारी किया।

## बिलकिस बानो केस में दोषियों को सुप्रीम कोर्ट का झटका




**नई दिल्ली।** बिलकिस बानो केस में दोषियों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को बिलकिस बानो मामले में दो दोषियों की अंतरिम जमानत की याचिका पर विचार करने से इनकार कर दिया। इन दोषियों ने 8 जनवरी को मिली सजा में छूट रद्द किए जाने के फैसले को चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका पर सवाल उठाए और कहा कि यह कैसे स्वीकार्य हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट के सुनवाई से मना करने के बाद दोषियों के वकील को याचिका वापस लेनी पड़ी।

## 25 को सुक्खू कैबिनेट की बैठक कई फैसलों पर लग सकती है मुहर

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू 25 जुलाई को कैबिनेट की बैठक लेंगे। बैठक में कई अहम निर्णयों पर मुहर लगने की उम्मीद है। बैठक प्रदेश सचिवालय में दोपहर 12 बजे रखी गई है।



बता दें कि मुख्यमंत्री सुक्खू की अध्यक्षता में पिछली बैठक इसी महीने की 12 जुलाई को आयोजित हुई थी, जिसमें विभिन्न विभागों में एक हजार से अधिक श्रेणियों के पद भरने सहित इनकम टैक्स भरने वालों को 125 यूनिट फ्री बिजली नहीं दिए जाने का निर्णय लिया गया था। इसमें सीएम, डिप्टी सीएम, पूर्व सीएम, विधायक, सीपीएस, सभी बोर्डों के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, ओएसडी, एडवाइजर समेत सभी बड़े अधिकारी शामिल थे। ऐसे में अब 25 जुलाई को 14 दिन बाद फिर से कैबिनेट की बैठक होने जा रही है। जिसमें विभिन्न विभागों के खाली पड़े पदों को भरने के लिए हरी झंडी देने सहित विधानसभा मानसून सत्र की तारीख फाइनल किए जाने को लेकर चर्चा हो सकती हैं।

हिमाचल प्रदेश मंत्रिमंडल की बैठक में सीएम सुक्खू के दिल्ली दौरे के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी सहित केंद्रीय मंत्रियों से हुई मुलाकात को लेकर भी चर्चा हो सकती है। सीएम सुक्खू इन दिनों दिल्ली दौरे पर हैं। (अनंत ज्ञान)

## विनय क्वात्रा अमेरिका में बने भारत के नए राजदूत

**नई दिल्ली।** अमेरिका में भारत के नए राजदूत के नाम का ऐलान कर दिया गया है। भारतीय विदेश मंत्रालय ने वरिष्ठ भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) अधिकारी विनय मोहन क्वात्रा को अमेरिका में भारत का राजदूत नियुक्त किया है। बता दें कि क्वात्रा इसी महीने विदेश सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए थे। अब उन्हें अमेरिका में नई जिम्मेदारी सौंपी गई है। यह पद जनवरी में तरनजीत सिंह संधू के सेवानिवृत्त होने के बाद से रिक्त पड़ा था। क्वात्रा का कार्यकाल इस वर्ष 30 अप्रैल को ही खत्म हो गया था लेकिन केंद्र सरकार ने उनका कार्यकाल छह महीने के लिए बढ़ा दिया था।









**बेरुखी** — चार दिन बाद मानसून पकड़ेगा रफ्तार, प्रदेश में 22 और 23 को भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट

# हिमाचल प्रदेश में 40 प्रतिशत कम बरसे बादल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश में बरसात की गति धीमी बनी हुई है। बरसात में अभी तक सामान्य से 40 फीसदी तक कम बादल बरसे हैं। मौसम विभाग ने अगले तीन से चार दिनों के दौरान बरसात में बढ़ोतरी के आसार जताए हैं और 22 और 23 जुलाई को कुछ जिलों में कुछ एक स्थानों पर भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। उसके बाद जुलाई के अंत तक मानसून में कमी देखने को मिलेगी। बीते 24 घंटे के दौरान नाहन 63.9, कंडाघाट में 48.0, धौलाकुआं में 39.5, पछाद में 27.3 जबकि शिमला में 26.4 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग के अनुसार अगस्त माह की शुरुआत में मानसून के रफ्तार पकड़ने की उम्मीद है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पॉल ने बताया कि अगले तीन से चार दिनों तक प्रदेश में वर्षा में तेजी आने की संभावना है, इसके लिए विभाग ने अलर्ट जारी किए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश के चार जिलों शिमला, मंडी, कांगड़ा और बिलासपुर में सामान्य के आसपास वर्षा हुई है जबकि बाकी क्षेत्रों में बारिश सामान्य से कम दर्ज की गई है। सबसे कम बारिश लाहौल-स्पीति, सिरमौर, सोलन और ऊना में हुई है।



### कम बारिश की वजह

**मौसम** विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पाल ने बताया कि जुलाई में मानसून के धीमा रहने की मुख्य वजह बंगाल की खाड़ी का एक्टिव न होना है, क्योंकि वहां से तेज हवाएं नहीं आ रही थीं और पश्चिम विक्षोभ भी ज्यादा सक्रिय नहीं था। प्रदेश में जो बारिश हुई है, वह अरब सागर से हवाओं के कारण हुई है। उन्होंने बताया कि अब बंगाल की खाड़ी एक्टिव होने जा रही है, जिससे प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में बारिश होगी। जुलाई के अंत और अगस्त के पहले दो हफ्तों में बारिश का दौर शुरू हो जाएगा। हालांकि, पिछले साल की तरह इस बार ज्यादा बारिश के आसार नहीं हैं।

### अधिकतम तापमान

| | |
|---|---|
| ऊना | 36.6° |
| बिलासपुर | 36.0° |
| हमीरपुर | 35.9° |
| बरठीं | 34.5° |
| चंबा | 35.0° |
| सुंदरनगर | 34.7° |
| कांगड़ा | 34.6° |
| मंडी | 34.6° |
| धौलाकुआं | 33.8° |
| सोलन | 31.0° |
| धर्मशाला | 29.0° |
| शिमला | 25.0° |

## न्यूज ब्रीफ

### बीयर की 230 से अधिक पेटियां बरामद



**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** जिला कुल्लू पुलिस को अवैध रूप से लाई जा रही बीयर की बड़ी खेप पकड़ने में सफलता मिली है। शुक्रवार को कुल्लू व मंडी जिला की सीमा (बजौरा) में पुलिस ने अवैध रूप से लाई जा रही बीयर की खेप बरामद की है। शुक्रवार को जब पुलिस की टीम गश्त पर थी तो उस समय मंडी की ओर से आ रहे एक ट्रक नंबर पीबी03बी एच1683की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान पुलिस ने एक ट्रक से 230 से अधिक बीयर की पेटियां बरामद की है। पुलिस ने पंजाब के एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज कर इसकी छानबीन शुरू कर दी है। उधर, पुलिस अधीक्षक कुल्लू डॉ.कार्तिकियन गोकुलचंद्रन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस थाना भुंतर की टीम ने शुक्रवार को बजौरा फोरलेन में गश्त के दौरान एक ट्रक की तलाशी ली और तलाशी में ट्रक के भीतर से 230 पेटी अवैध बीयर बरामद की है। (अनंत ज्ञान)

### छेड़छाड़ करने के आरोप में शिक्षक निलंबित

अनंत ज्ञान फॉलोअप

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** जिला मुख्यालय कुल्लू के साथ लगती खराहल घाटी के एक स्कूल में करीब छह छोटी छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न (अश्लील छेड़छाड़) करने के आरोप में विभाग द्वारा केंद्रीय मुख्य अध्यापक को निलंबित कर दिया है। साथ ही विभाग ने शिक्षक का मुख्यालय खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय शमशी कर दिया है। सनद रहे कि करीब दो सप्ताह पूर्व खराहल घाटी के एक केंद्रीय प्राथमिक विद्यालय में तैनात केंद्रीय मुख्य अध्यापक द्वारा अपने स्कूल की तीसरी से पांचवी कक्षा में पढ़ने वाली लगभग छह छात्राओं के साथ यौन उत्पीड़न का मामला सामने आया था। छात्राओं ने अपने अभिभावकों को जब यह बात बताई तो उसके बाद अभिभावकों ने चाइल्ड हेल्पलाइन को सूचित किया। इसके बाद चाइल्ड लाइन की ओर से केंद्रीय मुख्य अध्यापक के खिलाफ महिला थाना कुल्लू में मामला दर्ज करवाया गया था। हालांकि इस मामले में पुलिस की ओर से कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, लेकिन शिक्षा विभाग ने शिक्षक को निलंबित कर दिया है। प्रारंभिक शिक्षा उपनिदेशक का कार्यभार देख रहे डाइट के प्रधानाचार्य ने उक्त शिक्षक को निलंबित करने के आदेश जारी करने के साथ ही शिक्षक का मुख्यालय खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय शमशी तय किया है। उधर, यौन उत्पीड़न की शिकार तीन छात्राओं ने स्कूल छोड़ दिया है और दूसरे स्कूल में एडमिशन ले ली है। (अनंत ज्ञान)

### दलचेहड़ा के युवक की चेक डैम में डूबने से मौत

**एसके ठाकुर, बिझड़ी।** बड़सर उपमंडल की दलचेहड़ा पंचायत के 24वर्षीय अंकुश पुत्र कुलदीप चंद की पंचायत में बने एक चैकडैम में डूबने से मौत हो गई। अंकुश बीएससी की पढ़ाई करने के बाद हायर स्टडी की तैयारी कर रहा था। इसके पिता भारतीय सेना में अपनी सेवाएं देने के बाद शिक्षक के पद से सेवानिवृत हुए हैं। अंकुश अपने माता - पिता का इकलौता बेटा था इसकी तीन बहनें हैं। जानकारी के अनुसार जब यह घटना घटी उस समय इसके परिवार जन घर पर नहीं थे। इस घटना का जब परिवार वालों को पता चला मानो उनके पांव के नीचे से जमीन खिसक गई। अंकुश घर से थोड़ी दूरी पर बने चैकडैम में पैर फिसलने से गहरे पानी में डूब गया। उसे तैरना भी कम ही आता था। अंकुश के डूबने को उस के चाचा के लड़के ने देख लिया था। उसी ने इसकी सूचना अपने घर वालों को दी परंतु तब तक देर हो चुकी थी। मौका पर बडसर पुलिस और दमकल विभाग भी पहुंचा था। तहसीलदार बिझडी संदीप सिंह ने पीड़ित परिवार को 25,000 रुपए की फौरी राहत राशि प्रधान की गई। उन्होंने स्थानीय ग्राम पंचायत को सख्त दिशा-निर्देश देते वह कहा जहां भी चेक डैम बने हैं वहां पर सुरक्षा की दृष्टि से चार दीवारी की जाए। क्षेत्र में बने चेक डेमो में डूबने से इससे पहले दो हाथ से हो चुके हैं। अब अगर विभागीय लापरवाही से कोई हादसा होता है जिसकी जम्मेवारी स्थानीय पंचायत की होगी। पंचायत को निर्देश दिए गए हैं कि जितने भी चेक डैम है उनके इर्द-गिर्द फेंसिंग करवाई जाए जिससे कि ऐसी घटनाएं दोबारा न हो। पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आगामी कारवाही जारी है। एसडीपीओ बड़सर आईपीएस सचिन हिरेमठ ने मामले की पुष्टि की है। चेक डैम में डूबने से हुई अंकुश की मौत पर कांग्रेस नेता सुभाष ढटवलिया ने शोकग्रस्त परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है। (अनंत ज्ञान)

# एचआरटीसी के बेड़े में शामिल होंगी 572 नई बसें

## बैठक में आय-व्यय पर रिपोर्ट पेश, उपमुख्यमंत्री ने कहा-एचआरटीसी घाटे में चल रही

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) बीओडी की बैठक सचिवालय में डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में हुई, जिसमें यह सामने आया कि एचआरटीसी घाटे में चल रहा है। बैठक के बाद डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने इस मीटिंग के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि एचआरटीसी के केवल 231 रूट ही मुनाफे में हैं, बाकी एचआरटीसी घाटे में चल रही है। बैठक में वोल्वो बसों का फ्लीट बदलने समेत 572 नई बसें एचआरटीसी में शामिल करने को लेकर फैसला हुआ है।



बैठक की अध्यक्षता करते डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री।

डिप्टी सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि एचआरटीसी घाटे में चल रही है, लेकिन इसे कैसे आत्मनिर्भर बनाया जाए, सरकार इसको लेकर काम कर रही है। ऐसे में माना जा रहा है कि इस घाटे से उबरने के लिए सरकार महिलाओं के लिए 50 प्रतिशत किराए में छूट को बंद कर सकती है। (अनंत ज्ञान)

### प्रदेश को मिलेंगी 297 नई इलेक्ट्रिक बसें

**डिप्टी** सीएम मुकेश अग्निहोत्री कहा कि बैठक में एचआरटीसी के तमाम आय और व्यय को लेकर रिपोर्ट पेश की गई। एचआरटीसी 25 वोल्वो बसों के फ्लीट को पूरी तरह से बदलने जा रहा है। इसके अलावा 297 नई इलेक्ट्रिक बसें बेड़े में शामिल होंगी। वहीं, 250 नई डीजल बसों को भी शामिल किया जाएगा। साथ ही 100 नए टेंपो ट्रैवलर की भी खरीद की जाएगी।

### एचआरटीसी दैनिक वेतन भोगियों का वेतन 375 से बढ़ाकर 400 रुपए किया

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में हिमाचल पथ परिवहन निगम निदेशक मंडल की बैठक में निगम के खर्चे घटाने और राजस्व बढ़ाने पर विस्तृत चर्चा की गई। मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि परिहवन निगम में कंडक्टरों की भर्ती की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है और 357 चयनित उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र जारी किए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि बैठक में निगम के दैनिक वेतन भोगियों का दैनिक वेतन 375 रुपए से बढ़ाकर 400 रुपए करने का महत्वपूर्ण फैसला लिया गया है। हिमाचल पथ परिवहन निगम अपनी स्थापना के 50 वर्ष मनाने जा रहा है। यह बहुत गर्व की बात है कि निगम की बसें प्रदेश के लाखों लोगों को रात-दिन सेवाएं प्रदान कर रही है। हर दिन लगभग पांच लाख लोग परिवहन निगम की सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि परिवहन निगम अपने लोगों 'सजग साधना सविनय सेवा' के साथ तत्परता से अपना काम कर रहा है। परिवहन निगम अपने कर्मचारियों को वेतन व सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पेंशन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ में केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल से मुलाकात कर किया आग्रह

# प्रदेश को 'अम्रुत' योजना में मिले ढील : सुक्खू

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने केंद्र सरकार से हिमाचल जैसे कठिन भौगोलिक पहाड़ी राज्य को अटल नवीकरण एवं शहरी परिवहन मिशन (अम्रुत) योजना के अंतर्गत परियोजनाओं को मंजूरी देने के लिए अलग मापदंड अपनाने का आग्रह किया है।

उन्होंने कहा कि अम्रुत के तहत परियोजनाएं जनसंख्या के आधार पर स्वीकृत की जाती हैं, लेकिन जनसंख्या आधारित मापदंड हिमाचल प्रदेश के लिए उपयुक्त नहीं हैं। इसलिए इस योजना के अंतर्गत अधिकतम लाभ उठाने के लिए मापदंडों में ढील देने की आवश्यकता है।

मुख्यमंत्री ने चंडीगढ़ स्थित हिमाचल भवन में केंद्रीय आवास एवं शहरी मामले मंत्री मनोहर लाल के साथ बैठक आयोजित की। उन्होंने कहा कि 15वें वित्त आयोग की सिफारिशों की भी समय-समय पर समीक्षा की जानी चाहिए, क्योंकि परियोजनाओं की लागत समय के साथ बढ़ती रहती है। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले राज्यों में एक है। प्रधानमंत्री आवास योजना-1 के अंतर्गत धनराशि का पूर्ण उपयोग होने के उपरांत प्रधानमंत्री आवास योजना-2 के लिए धनराशि प्राप्त होगी।



केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल को सम्मानित करते सुखविंद्र सिंह सुक्खू, साथ हैं विक्रमादित्य सिंह।

सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्लास्टिक के उपयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगाया है तथा इस पहल के ठोस परिणाम सामने आ रहे हैं।

पंचायतों और गैर-सरकारी संगठनों ने प्लास्टिक के उपयोग से मानव जीवन पर पड़ने वाले हानिकारक प्रभावों के बारे में जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। विकास कार्यों को गति प्रदान करने के लिए उन्होंने केंद्र सरकार से टेंडर नीति प्रणाली में संशोधन कर टेंडर अवधि को 60 दिन से घटाकर 10 दिन करने का आग्रह किया। सुक्खू ने केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय से स्पीति जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों में बर्फबारी और प्रतिकूल मौसम के कारण होने वाली कठिनाइयों को कम करने के लिए बैटरी बैकअप के साथ एक मेगावाट सौर प्रणाली की अनुमति देने का आग्रह किया।

उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए 362 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। बैठक में बताया गया कि हिमाचल प्रदेश के स्वच्छ शहरों को 'सफाई मित्र सुरक्षित शहर' घोषित किया जा सकता है, जिससे स्वच्छता प्रयासों को बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार से अतिरिक्त धनराशि मिल सकेगी। (अनंत ज्ञान)

### हिमाचल प्रदेश जैसे छोटे राज्य में बड़ी परियोजनाएं संभव नहीं : मनोहर लाल

**केंद्रीय** मंत्री मनोहर लाल ने हिमाचल प्रदेश के प्रदर्शन की प्रशंसा की और केंद्र सरकार से पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि शिमला के निकट जाठिया देवी में नया शहर विकसित करने का प्रस्ताव प्राप्त हुआ है और इस पर काम चल रहा है।

नगर निगमों में ठोस कचरा प्रबंधन संयंत्र स्थापित किए जा सकते हैं, क्योंकि हिमाचल प्रदेश जैसे छोटे राज्य में बड़ी परियोजनाएं संभव नहीं हैं। उन्होंने कहा कि हिमाचल में साझा बाजार के अवसर तलाशे जाने चाहिए ताकि स्वयं सहायता समूह एक ही स्थान पर अपने उत्पाद बेच सकें। ऊर्जा मंत्रालय के कार्यों की समीक्षा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने राज्य को बिजली उत्पादन बढ़ाने का सुझाव दिया क्योंकि राज्य में जल स्रोत प्रचूर मात्रा में हैं। उन्होंने कहा कि राज्य को जल विद्युत ऊर्जा का दोहन करने के लिए बहते पानी का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करना चाहिए।

शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह, अतिरिक्त सचिव आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय सतिंदर पाल सिंह, निदेशक अमृत गुरजीत सिंह ढिल्लों, प्रधान सचिव शहरी विकास देवेश कुमार, निदेशक गोपाल चंद और केंद्रीय मंत्रालय तथा राज्य सरकार के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहे।

### खराब फसलों का आंकलन करेगी सरकार

**रविंद्र जस्टा, शिमला।** पिछले साल हिमाचल में मानसून की बरसातें इतनी बरसी की तबाही मचा दी। सैंकड़ों लोगों को जान माल का भारी नुकसान हुआ। इस बार उल्टा हो रहा है। मौसम की बेरुखी से हिमाचल में सूखे जैसे हालात पैदा हो गए है।

फसलों को भारी नुकसान हुआ है, कई फसलें खराब होने की कगार पर है। सीपीएस किशोरी लाल ने भी माना कि हिमाचल में सुखे से किसानों बागवानों की फसलों को नुकसान हुआ है।

सरकार मूल्यांकन करेंगी और किसानों को फसलों का मुआवजा दिया जाएगा। पिछली बार भी सरकार ने किसानों की मदद की है। अब भी मदद की जाएगी। उन्होंने कहा की भाजपा द्वारा सरकार को गिराने की नाकाम कोशिश की गई। 9 विधायको ने बागी होकर उप चुनाव जनता पर थोपा, लेकिन जनता ने सुक्खू सरकार के डेढ़ साल के कार्यकाल पर मोहर लगाई और फिर से कांग्रेस के विधायकों की संख्या 40 हो गई है। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा ने ऊना में दो दिन किया मंथन, गोपनीय रखी रिपोर्ट

**राजेश शर्मा, ऊना**

स्थानीय भाजपा कार्यालय में चल रही दो दिवसीय भाजपा प्रदेश कार्यसमिति की बैठक मंथन के बाद संपन्न हो गई। भाजपा आला कमान के नेताओं ने सभी नेताओं और कार्यकर्ताओं की फीडबैक ले ली है। इस बैठक में राज्य में हुए उप चुनावों में छह सीटों पर हार का मंथन किया गया।

इसमें कुछ नेताओं की ओर से गंभीर मुद्दे भी उठाए गए हैं। इसमें संगठन में कुछ स्तर पर कमी को भी माना गया और आने वाले समय के लिए एकजुटता से संगठन की मजबूती पर बल दिया गया।

बैठक को पूरी तरह से गोपनीय रखा गया था। बैठक में किन मुद्दों पर चर्चा हुई अथवा कार्रवाई को लेकर भी कोई जानकारी साझा नहीं की गई। राज्य के मुख्य नेताओं ने मात्र कहा कि केंद्र व प्रदेश के वरिष्ठ पदाधिकारियों ने लोकसभा व विधानसभा चुनावों की समीक्षा की एवं संगठन से जुड़े अन्य विषयों पर भी चर्चा की और कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन किया।



ऊना में भाजपा कार्यसमिति की बैठक में उपस्थित पार्टी के वरिष्ठ नेता।

भाजपा कार्यकर्ताओं का संगठन है जहां सबके साथ मिलकर आगे बढ़ने का प्रयास किया जाता है। भाजपा निश्चित तौर पर अधिक मजबूती से जनता के बीच कार्य करेगी व देश एवं प्रदेश हित में अग्रसर होगी। पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर ने कहा कि बैठक के दौरान प्रदेश में संगठन की मजबूती के लिए विस्तृत चर्चा की गई व हाल ही में हुए चुनावों पर भी मंथन किया गया। (अनंत ज्ञान)

# प्रदेश के नव निर्वाचित विधायकों के लिए उदबोधन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 से

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानियां ने 14वीं विधान सभा के लिए प्रथम बार निर्वाचित 26 विधानसभा सदस्यों के लिए 23 जुलाई को उदबोधन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया है।

इस दौरान भरमौर के विधायक डॉक्टर जनक राज, चंबा के विधायक नीरज नैय्यर, डलहौजी के विधायक डीएस ठाकुर, नूरपुर के विधायक रणवीर सिंह (निक्का), इंदौरा के विधायक मलेन्द्र राजन, देहरा की विधायिका कमलेश ठाकुर, नगरोटा के विधायक आरएस बाली, शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानियां, लाहौल एवं स्पिति की विधायिका अनुराधा राणा, मनाली के विधायक भुवनेश्वर गौड़, आनी के विधायक लोकेंद्र कुमार, करसोग के विधायक दीप राज, दरंग के विधायक पूर्ण चंद ठाकुर, धर्मपुर के विधायक चंद्र शेखर, सरकाघाट के विधायक दलीप ठाकुर, भोरंज क्षेत्र के विधायक सुरेश कुमार, सुजानपुर के विधायक कैप्टन रणजीत सिंह, हमीरपुर के विधायक आशीष शर्मा, चिंतपुर्नी के विधायक सुदर्शन सिंह बबलू, कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा (विकू), बिलासपुर के विधायक त्रिलोक जम्वाल, नालागढ़ के विधायक हरदीप सिंह बावा, कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी, नाहन के विधायक अजय सोलंकी, ठियोग के विधायक कुलदीप सिंह राठौर तथा शिमला के विधायक हरीश जनारथा भी शामिल होंगे।

पठानियां ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान उपस्थित इन सभी सदस्यों को विधायिका की सदन में भूमिका एवं विशेषाधिकार, प्रश्नकाल, सदन में चर्चा, विधायी कार्य और सदन की समितियों की भूमिका जैसे महत्वपूर्ण विषयों से अवगत करवाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# एनसीसी का उद्देश्य युवाओं को एकता और अनुशासन सिखाना : डॉ. शांडिल

**आर मोहन, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री डॉ. कर्नल धनीराम शांडिल ने कहा कि नेशनल कैडेट कोर (एनसीसी) का उद्देश्य युवाओं को एकता और अनुशासन सिखाना है। डॉ. शांडिल गत सायं डॉ. यशवंत सिंह परमार बागवानी एवं वानिकी विश्वविद्यालय, नौणी में एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे।

डॉ. शांडिल ने कहा कि युवा देश का भविष्य है और युवाओं को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए प्रेरित करने के लिए अनुकूल वातावरण प्रदान करना आवश्यक है। एनसीसी से जहां युवाओं में चरित्र, अनुशासन, भाईचारा बढ़ेगा वहीं निस्वार्थ सेवाओं के आदर्श तथा साहसिक भावना विकसित होगी।



कैडेस्ट्स को सम्मानित करते स्वास्थ्य मंत्री कर्नल धनीराम शांडिल।

सैनिक कल्याण मंत्री ने कहा कि एनसीसी का विषय सभी संस्थानों में अनिवार्य विषय के रूप में होना चाहिए। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

उन्होंने कहा कि एनसीसी के कैडेट्स आपदा से निपटने के लिए अहम भूमिका निभाते हैं और कैडेट को अन्य प्रकार की आपदाओं से निपटने के गुर सिखाए जाते हैं ताकि समय पर लोगों तक सहायता पहुंच सके। उन्होंने प्रथम हिमाचल प्रदेश गर्ल्स बटालियन एनसीसी सोलन द्वारा आयोजित शिविर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए अपनी ऐच्छिक निधि से 75 हजार रुपए देने की घोषणा की।

इस अवसर पर 10 दिवसीय एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में प्रदेश के आठ जिलों की 685 गर्ल्स कैडेट्स ने भाग लिया। एनसीसी के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। (अनंत ज्ञान)

**नमन** | कैसे हुई मौत, अभी भी संशय बरकरार, पिता बोले-कारणों का जल्दी हो खुलासा

# सैन्य सम्मान के साथ अग्निवीर निखिल को अंतिम विदाई

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

जम्मू कश्मीर के अखनूर से मृतक अग्निवीर निखिल डडवाल का शुक्रवार को यहां हथली खड्ड में स्थित श्मशान घाट पर सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस मौके पर जिला प्रशासन के अधिकारी और सेना के अधिकारियों सहित उनकी बड़ी टुकड़ी भी मौजूद रही, लेकिन निखिल की मौत कैसे हुई है? इस पर अभी भी संशय बरकरार है और पिता दिलेर सिंह का कहना था कि उनके बेटों की मौत के कारणों का जल्दी खुलासा होना चाहिए।

क्योंकि उनका बेटा बुजदिल नहीं था। परिजनों को बुधवार रात को जो सूचना दी गई थी, उसमें गोली लगने की वजह बताई गई थी। डेड बॉडी लेकर पहुंचे सैन्य अधिकारी और अन्य, निखिल के घर पर यह बताने में असमर्थ थे कि मौत कैसे हुई। उनका कहना था कि सैन्य सम्मान के साथ अंतिम विदाई दी जा रही है। मौत कैसे हुई? इस पर लेफ्टिनेंट कर्नल वरुण गांधी का कहना था कि अभी पीछे से इसका पता आना बाकी है।



निखिल को मुखाग्नि देते उसके भाई अखिल (तथा) बिलखती माता आशा देवी।



दोपहर बाद जैसे ही घर पर डेड बॉडी पहुंची, सैकड़ों लोग पहले से ही मौजूद थे। महिलाएं बिलख बिलख कर रो रही थीं। निखिल की माता आशा देवी पार्थिव शरीर देखकर वेशुध हो गईं।

इससे पहले हमीरपुर के एसपी डीसी दोनों निखिल के घर पर परिजनों से मिले। डीसी अमरजीत सिंह ने पिता-माता और उनके भाई को संकट की घड़ी में हिम्मत जुटाए रखने को कहा। (अनंत ज्ञान)

### पहले कहा था चोट लगी है

**अग्निवीर** निखिल के पिता दिलेर सिंह को बुधवार शाम फोन पर पता चला कि चोट लगी है। उन्होंने यह बताया कि चोट तो लगती रहती है, लेकिन कुछ देर बाद पता चला कि निखिल की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि हमें उसी दिन पता चल गया कि ऐसा हुआ है। पिता ने कहा कि निखिल बहुत मेहनती था और वो ऐसा करने के बारे में सोच भी नहीं सकता।

### भाई ने किया इंसाफ का अनुरोध

**निखिल** के भाई अखिल डडवाल ने सरकार से इंसाफ का अनुरोध किया है। अखिल ने बताया कि 16 जुलाई को जब वह डयूटी पर जा रहा था, उससे फोन पर बात हुई। निखिल 8 महीने से आर्मी वालों के पास था तो आर्मी वाले ही बता सकते हैं कि वहां पर क्या हुआ।

### तकनीकी विश्वविद्यालय बीओजी के लिए नामित सदस्यों की अधिसूचना जारी

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** प्रदेश सरकार ने हिमाचल प्रदेश तकनीकी विश्वविद्यालय हमीरपुर का शासक मंडल (बीओजी) गठित किया है। तकनीकी शिक्षा विभाग की ओर से इस बारे अधिसूचना जारी की है। तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति की अध्यक्षता वाली बीओजी के लिए नामित सदस्यों में डॉ. सुदर्शन कुमार आईआईटी मुंबई, रमेश चंद्र, डॉ. अरुण भारद्वाज, रामानंद शर्मा और अधिष्ठाता शैक्षणिक तकनीकी विवि, भवानी पठानिया विधायक फतेहपुर विधानसभा क्षेत्र और सुरेश कुमार विधायक भोरंज विधानसभा क्षेत्र का नाम है।

तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलसचिव बीओजी के सदस्य सचिव होंगे। तकनीकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो शशि कुमार धीमान ने कहा कि बीओजी के पदेन सदस्यों में कुलपति चैधरी सरवण कुमार कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर, सचिव तकनीकी शिक्षा, सचिव वित्त विभाग, निदेशक एनआईटी हमीरपुर, निदेशक राष्ट्रीय तकनीकी शिक्षक प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान चंडीगढ़, निदेशक तकनीकी शिक्षा विभाग सुंदरनगर होते हैं। (अनंत ज्ञान)

# बागवानों से तय मूल्य पर ही वसूला जाएगा किराया

**अनंत ज्ञान, शिमला**

सरकार के तय मूल्य पर ही बागवानों से किराया वसूला जाएगा। सेब सीजन को लेकर एपीएमसी और जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। 15 जुलाई से सेब सीजन की आधारिक शुरुआत हो चुकी है। बहुत जल्द सेब सीजन पीक पर होगा। सेब सीजन के दौरान हजारों वाहन सेब की ढुलाई में शामिल होते है। इस लिए सड़क दुर्घटनाओं के भी बहुत आसार रहते है।

सेब सीजन में सुचारू व्यवस्था के लिए एपीएमसी प्रशासन ने जिला शिमला उपायुक्त, पुलिस अधीक्षक, आढ़ती एसोसिएशन, बागवान और ट्रांसपोर्टरों के साथ बैठक की। इस बैठक में सभी के सहयोग की अपील की गई।

एपीएमसी शिमला किन्नौर के अध्यक्ष देवा नंद वर्मा ने बताया कि सेब सीजन की शुरुआत हो चुकी है और जल्द ही सीजन पीक पर होगा। इस दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न हो, इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए जा रहे है। 2019 के बाद पंजीकृत वाहन जीपीएस



सुविधा से लैस है। इससे पहले पंजीकृत वाहनों में भी जीपीएस लगाने की बात कही गई है।

सभी ट्रांसपोर्टरों से आग्रह किया गया है कि वह वाहनों में जीपीएस लगवाए। इसके अलावा ट्रांसपोर्टरों से यह भी अपील की गई कि बागवानों से केवल उतना ही किराया वसूल करे, जो सरकार ने तय किया है। इसके अलावा मंडियों में आढ़तियों और लदानियों के लिए सेब की खरीद फरोख्त के दौरान पहचान पत्र लगाना भी अनिवार्य होगा। सीजन के दौरान सुचारू यातायात व्यवस्था के लिए पुलिस के जवान 24 घंटे तैनात होंगे। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र में 22 तक करें आवेदन

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला।** हिमाचल प्रदेश विवि क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र खनियारा में शिक्षा सत्र 2024-25 में विभिन्न संकायों में प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्रों को 22 जुलाई तक अपना आवेदन निर्धारित प्रवेश प्रपत्र पर अर्जित प्रवेशांकों सहित जमा करवान सुनिश्चित करना होगा। यह जानकारी क्षेत्रीय केंद्र के निदेशक प्रो डीपी वर्मा ने देते हुए बताया कि हिमाचल विवि द्वारा एमए संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी, राजनीतिक शास्त्र, इतिहास, अर्थशास्त्र, लोक प्रशासन, एम कॉम, एमएससी गणित, एमबीए, एमसीए तथा एलएलबी में प्रवेश परीक्षा ली थी तथा उसी के आधार पर उत्तीर्ण छात्रों को प्रवेश दिया जाएगा। इसके अतिरिक्त एमएससी ज्यूलॉजी, पीजीडीसीए में भी प्रवेश मेरिट के आधार पर दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी हिमाचल प्रदेश विवि तथा क्षेत्रीय अध्ययन केंद्र की बेवसाइट से विवरणिका तथा प्रवेश फार्म डाउनलोड कर सकते हैं तथा निर्धारित तिथि के अनुसार कार्यालय में जमा करवा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### बीएसएफ के ट्रक ने ट्रक ट्रेलर को मारी टक्कर



**अशोक ठाकुर, इंदौरा।** तेज रफ्तार से जा रहे बीएसएफ के ट्रक ने एक ट्रक ट्रेलर को पीछे से मारी टक्कर मार दी। गनीमत रही कि बड़ा हादसा होने से टल गया और जानी नुकसान नहीं हुआ। यह हादसा शुक्रवार दोपहर बाद जम्मू-पठानकोट-जालंधर मार्ग पर हुआ। बताया जा रहा है कि बीएसएफ का ट्रक तेज रफ्तार से जा रहा था कि अचानक सामने ट्रक ट्रेलर आ गया, जिसके चलते बीएसएफ का चालक अपने ट्रक को कंट्रोल नहीं कर पाया और आगे चल रहे ट्रक टेलर को टक्कर मार दी। हालांकि बीएसएफ के जवानों ने अपनी गलती मानते हुए ट्रक चालक को उसके नुकसान की भरपाई कर मामला निपटा दिया और वहां से जल्दी निकलने में ही अपनी भलाई समझी। (अनंत ज्ञान)

### शिवसेना समाजवादी पार्टी ने रोपे 10 पौधे



**अनंत ज्ञान, शाहपुरकंडी।** पर्यावरण को साफ-सुथरा रखने के उद्देश्य को लेकर शिवसेना समाजवादी पार्टी महिला बिंग की प्रदेश चेयरपर्सन सीमा देवी की देखरेख में शुक्रवार को गांव रानीपुर उपरला स्थित श्री गुरु रविदास मंदिर प्रांगण में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर उनकी ओर से विभिन्न प्रजातियों के 10 पौधे लगाए गए तथा उनकी देखभाल करने का पूरा जिम्मा भी उठाया गया। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी रानीपुर उपरला की ओर से उन्हें हर संभव सहयोग करने का भी आश्वासन दिया गया। इस मौके पर चेयरपर्सन सीमा देवी ने कहा कि शिवसेना समाजवादी पार्टी का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण को साफ-सुथरा रखते हुए हर गांव को नशा मुक्त बनाना है। उन्होंने इस मुहिम में सबको अपना बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की इस मौके पर शिवसेना समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमन कुमार एवं महिला बिंग पंजाब की अध्यक्ष सोनिया देवी के अलावा इलाके के कई गणमान्य लोगों सहित गुरु रविदास प्रबंधक कमेटी के कई पदाधिकारी मौजूद थे।

### खंड विकास कार्यालय नगरोटा सूरियां में दर्जनों पद खाली

# बीडीओ समेत कई पद रिक्त होने से विकास पर लगी 'ब्रेक'

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने कहा था कि असली भारत गांवों में बसता है और गांव ही किसानों का मुख्य घर है। सच्चाई यह है कि भला गांवों का विकास कैसे होगा, जब ग्रामीण विकास से जुड़े ज्यादातर पद रिक्त पड़े हों। प्रदेश के पंचायती राज विभाग में रिक्त पड़े पदों के कारण विभागीय कार्यों को निपटाने में खासी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है तथा इससे ग्रामीण क्षेत्रों का विकास भी ठहरा हुआ नजर आता है। खंड विकास कार्यालय नगरोटा सूरियां में कई माह से विभागीय पद रिक्त पड़े हैं। कई पद संबंधित कर्मचारी के तबादले तथा कई पद किसी के सेवानिवृत्त होने के कारण



भरे नहीं जा सके हैं, जिससे ग्रामीण विकास के दावों की पोल खुलती हुई नजर आत रही है।

खंड विकास कार्यालय नगरोटा सूरियां में बीडीओ का पद लंबे अरसे से रिक्त पड़ा है। इसके अलावा सुपरिटेंडेंट का पद पिछले 3 माह से रिक्त है। वहीं एकाउंटेंट, सीनियर एसिस्टेंट प्रोग्रेस, सीनियर एसिस्टेंट, मनरेगा एकाउंटेंट तथा लिपिक का पद भी रिक्त पड़ा है। इसके अलावा चपरासी के मंजूर 4 पदों में से सभी पद रिक्त हैं, जबकि चौकीदार का मंजूर एकमात्र पद भी रिक्त पड़ा है।

पंचायत सचिवों के 14 पद अरसे से रिक्त पड़े हैं। काफी संख्या में पदों के रिक्त होने के कारण पंचायतों के विकास कार्यों को निपटाने में काफी समस्या आती है तथा पंचायतों के विकास कार्यों पर इसका सीधा असर पड़ रहा है।

इस बारे में जब नगरोटा सूरियां के खंड विकास अधिकारी का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे नूरपुर के खंड विकास अधिकारी अंशुल शांडिल से संपर्क किया गया तो उन्होंने बताया कि रिक्त पदों के बारे में जानकारी विभाग के निदेशालय को दे दी गई है। (अनंत ज्ञान)

#### एक कर्मचारी के पास पांच की जिम्मेदारी

**विभागीय** सूत्रों के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार बीडीओ कार्यालय के एक कर्मचारी को स्टाफ के टोटे के कारण एक कर्मचारी को अपने काम के अलावा 4 रिक्त पड़े पदों का काम भी करना पड़ रहा है। इससे विभागीय कामों में देरी होने के साथ पंचायतों का विकास भी धीमा हो गया है। लंबे अरसे से पद रिक्त होने के बावजूद अब तक इन पदों को भरा नहीं जा सका है।

## वरिष्ठ नेताओं का निष्कासन भी हार का कारण : धवाला

**पंकज सोनी, ज्वालामुखी**

पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ ओबीसी नेता रमेश धवाला ने देहरा उपचुनाव में हुई भाजपा की हार पर टिप्पणी करते हुए कहा कि देहरा उपचुनाव में जहां पार्टी के हर कार्यकर्ता को साथ चलाने की आवश्यकता थी, नाराज लोगों को घर से बाहर निकालकर उनका साथ लेने की आवश्यकता थी, वहीं पर डॉ. राजीव बिंदल ने होशियार सिंह के कहने पर पार्टी के तीन निष्ठावान और जमीन से जुड़े नेताओं भाजपा के जिला उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह, किसान मोर्चा के नेता जसवीर गुलरिया और पंचायती राज के नेता विवेक पठानिया को बिना कोई नोटिस दिए उनकी शिकायत या नाराजगी को सुने सीधा पार्टी से निष्कासन कर दिया, जिसका सीधा चुनाव पर असर पड़ा।

लोगों में भारी नाराजगी देखी गई और हैरानी इस बात की थी कि इन तीन नेताओं के निष्कासन के लिए न तो देहरा भाजपा मंडल को विश्वास में लिया गया और न ही पिछले डेढ़ साल से यहां पार्टी और संगठन का कार्य देख रहे भाजपा के पूर्व में प्रत्याशी रहे उनको विश्वास में लिया गया। तीन भाजपा नेताओं के निष्कासन के बाद जब उन्होंने डॉक्टर राजीव बिंदल से पूछा तो उन्होंने कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया। उन्होंने कहा कि मीडिया में चले गए इसलिए निष्कासित कर दिया, जबकि किसी को निष्कासित करने से पहले उनका पक्ष जाना जाता है, परंतु उनकी कोई दलील अपील नहीं सुनी गई। यह हार का सबसे बड़ा कारण बना।

उन्होंने कहा कि जब उन्होंने डॉक्टर राजीव बिंदल से इन तीन कार्यकर्ताओं को बहाल करने के लिए जोरदार सिफारिश की तो उनकी कोई सुनवाई नहीं की गई। धवाला ने कहा कि राजीव बिंदल देहरा में दुकान दुकान में जाकर वोट मांगते रहे, परंतु उनके घर पर उनका गिला -शिकवा सुनने तक नहीं आए। (अनंत ज्ञान)

## प्रमोशन कोर्स के लिए पीटीसी पहुंचे 402 पुलिस कर्मचारी

**राकेश डोगरा, डरोह**

हिमाचल प्रदेश पुलिस प्रशिक्षण केंद्र डरोह में बीते लंबे समय से पीटीसी में इतनी बड़ी संख्या में कर्मचारी किसी प्रमोशन कोर्स में शामिल हुए हैं। यह पहला मौका है जब विभाग ने पुलिस के जवानों को पदोन्नति कोर्स के लिए प्रशिक्षण केंद्र में भेजा है। इस बार हवलदार से एएसआई बनने के लिए लगभग 402 पुलिस जवान पीटीसी डरोह पहुंच चुके हैं। इनमें 15 के लगभग महिला पुलिस कर्मी भी शामिल हैं।

**हवलदार से पदोन्नत होकर बनेंगे एएसआई**

विभाग में इससे पहले 18 से 20 साल नौकरी कर चुके कर्मचारी ही इस प्रमोशन कोर्स को करने के लिए आते थे। यह पहला अवसर है कि इस बार 2014 व 2015 वैच के कर्मचारियों को भी विभाग ने पदोन्नति कोर्स हेतु भेजा है। इन कर्मचारियों ने 2013 में लोअर क्लास कोर्स पूरा कर लिया है। विभागीय सूत्र इसके लिए आगामी सालों में होने वाली सेवानिवृत्ति और भारतीय न्याय संहिता का लागू होना भी बता रहे हैं। नौ सप्ताह तक चलने वाले इस पदोन्नति कोर्स में इन कर्मचारियों को इंडोर व आउटडोर विषयों का बारीकी से ज्ञान दिया जाएगा।

वहीं पीटीसी में ही अप्पर क्लास कोर्स भी चलाया जा रहा है, जिसमें 117 पुलिस अधिकारी प्रमोशन कोर्स कर रहे हैं। इस कोर्स के बाद यह पुलिस अधिकारी सब इंस्पेक्टर बनेंगे। उधर, पीटीसी डरोह के पुलिस अधीक्षक अरविंद चौधरी ने पीटीसी में प्रमोशन कोर्स चलाए जाने की बात की पुष्टि की है। बताया कि कोर्स के दौरान कर्मचारियों को नए कानूनों, सीआरपीसी व आईपीसी की बारीकियों को सिखाया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

## विमान यात्रियों को हाथ से बनाकर देने पड़े बोर्डिंग पास

**अनंत ज्ञान, गगल।** विश्व भर में शुक्रवार को कई हवाई अड्डों पर



माइक्रोसॉफ्ट सर्वर सिस्टम डाउन हो जाने से आई तकनीकी समस्या का प्रभाव गग्गल हवाई अड्डे पर भी देखने को मिला। माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम सर्वर डाउन होने के कारण एयरपोर्ट पर एयरलाइंस कंपनियों को कंप्यूटर के माध्यम से दिए जाने वाले बोर्डिंग पास हाथों से बना कर यात्रियों को दिए गए। इस बारे जानकारी देते हुए गगल एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह कहा कि माइक्रोसॉफ्ट सिस्टम सर्वर डाउन होने के कारण एयरपोर्ट पर एयरलाइंस की कंपनियों जो बोर्डिंग पास कंप्यूटर के माध्यम से दिए जाते थे, वे हाथों के द्वारा बनाकर यात्रियों को दिए गए।

## मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य स्तर को उच्च बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने पर दिया जोर

### धर्मशाला में हुई स्वास्थ्य विभाग के चार जिलों की जोनल समीक्षा बैठक

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

जिला मुख्यालय धर्मशाला में शुक्रवार को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की चार जिलों की जोनल समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में प्रदेश के चार जिलों कांगड़ा, चंबा, ऊना तथा हमीरपुर के मुख्यचिकित्सा अधिकारियों, जिला स्वास्थ्य अधिकारी, मेडिकल सुपरिटेंडेंट व मेडिकल कॉलेजों के प्रधानाचार्य उपस्थित रहे। इस विशेष बैठक की अध्यक्षता राज्य स्वास्थ्य सचिव एम. सुधा ने की।

इस दौरान विशेष रूप से उनके साथ मिशन निदेशक एनएचएम प्रियंका वर्मा, निदेशक स्वास्थ्य विभाग डॉ गोपाल बेरी, निदेशक स्वास्थ्य शिक्षा डॉ. राकेश शर्मा, प्रिंसिपल डॉ. अजय दत्ता भी उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि स्वास्थ्य सचिव एम. सुधा ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कांगड़ा के सम्मेलन सभा का उद्घाटन किया। बैठक के शुरू में मुख्य चिकित्सा अधिकारी कांगड़ा डॉ. राजेश गुलेरी ने विशेष समीक्षा बैठक में सभी मुख्य अतिथि और सभी अधिकारियों का स्वागत टोपी शॉल देकर किया। बैठक में चारों जिलों में चल रहे स्वास्थ्य कार्यक्रमों और आगामी लक्ष्यों राज्य स्वास्थ्य सचिव द्वारा अवलोकन किया गया तथा सभी कार्यक्रमों के बारे विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य स्तर को उच्च बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने, फील्ड स्तर के सभी कर्मचारियों को सरकार के निर्देशों के बारे में अवगत करवाने और सहायक निरीक्षण पर चर्चा हुई। गैर संचारी बीमारियों से बचाव के लिए व्यस्क निरंतर जांच को सुचारु करने पर भी चर्चा की गई। (अनंत ज्ञान)




स्वास्थ्य विभाग की जोनल समीक्षा बैठक में भाग लेते विभाग के अधिकारी।

# पनालथ पंचायत के बाशिंदे पानी की बूंद-बूंद के लिए मोहताज

### कभी पांचवें दिन तो कभी एक सप्ताह के बाद होती है पानी की आपूर्ति

**अनिल छांगू, जवाली**

बरसात के मौसम में भी ग्राम पंचायत पनालथ के लोगों को पेयजल की किल्लत का सामना करना पड़ रहा है। लोग पानी की बूंद-बूंद के लिए मोहताज हो गए हैं तथा सिर पर घड़े उठाकर या कंधों पर बहंगी लादकर दूरदराज के कुओं-बावड़ियों या हैंडपंप से पानी लाने को मजबूर हो गए हैं। कुछ लोग तो टैंकरों से पानी मंगवाकर टंकियों में डाल रहे हैं। लोगों ने कहा कि कभी पांचवें दिन पानी की सप्लाई आती है तो कभी हफ्ते के बाद नलों में पानी आता है। लोगों ने कहा कि पशुओं को पिलाने, नहाने, कपड़े धोने के लिए पानी नहीं मिल रहा है।

समस्या विकराल होती जा रही है, लेकिन इस समस्या से निपटने के लिए कोई कारगर नीति नहीं बनाई जा रही है। लोगों ने कहा कि पानी की समस्या से जल शक्ति विभाग को अवगत करवाया जाता है, लेकिन कोई हल नहीं निकलता है। पनालथ निवासी प्रेम शर्मा ने कहा कि विभाग का कोई भी अधिकारी अपने जिम्मेदारी नहीं समझता है। हर सीनियर अधिकारी अपने जूनियर पर जिम्मेदारी डाल कर पल्लू झाड़ लेता है। उन्होंने कहा कि पेयजल की समस्या का अतिशीघ्र निदान किया जाए अन्यथा विभाग के खिलाफ मोर्चा खोला जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, जल शक्ति मंत्री मुकेश अग्निहोत्री से मांग की है कि इस समस्या का जल्द से जल्द समाधान करवाया जाए। (अनंत ज्ञान)

#### जैंद गांव के नलों से पिछले 12 दिन से नहीं टपकी पानी की एक भी बूंद

**अनंत ज्ञान, भवारना**

भवारना तहसील की जैंद पंचायत के गांव जैंद (सुघड़े दा बेहड़ू) में पिछले दो सप्ताह से पानी की सप्लाई नहीं होने से लोगों को कई दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। एक-दो दिन तो पेयजल की आपूर्ति की गई, लेकिन जरूरत के हिसाब से बहुत ही कम पानी गांववासियों को उपलब्ध हो सका। लेकिन करीब 12 दिन से तो पानी की सप्लाई पूरी तरह से बंद पड़ी है। इस गांव में कुल 15 परिवार रहते हैं। खास बात यह है कि गांव में 90 प्रतिशत लोग वरिष्ठ नागरिक हैं। गांववासी सतीश शर्मा, सुरेश शर्मा, चमन लाल, ज्योति प्रकाश और राजीव शर्मा ने बताया कि कई दिनों से गांवों के नलों से पानी की एक बूंद भी नहीं टपकी है। गांव में पानी का कोई अन्य स्रोत नहीं होने से लोगों को बहुत सी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। गांव निवासी सतीश शर्मा ने कहा कि उन्होंने इस बारे में स्वयं जल शक्ति विभाग डरोह के एसडीओ से उनके कार्यालय में जाकर बात की और समस्या से अवगत करवाया, लेकिन उनकी समस्या का समाधान आज दिन तक नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि विभाग के जेई से तो कई बार बात की गई, परंतु पानी की समस्या जस की तस बनी हुई है। सतीश शर्मा ने बताया कि दो दिन पूर्व उन्होंने कैबिनेट मंत्री और स्थानीय विधायक यादविंद्र गोमा से भी इस बारे में बात की। मंत्री ने जल्द ही इस समस्या को हल करवाने का आश्वासन दिया है। गांववासियों ने सरकार एवं जल शक्ति विभाग से अनुरोध किया है कि उनकी समस्या का जल्द से जल्द समाधान किया जाए।

**विभाग को बार-बार अवगत करवाने के बाद भी हल नहीं हुई समस्या**

## कुमारी निज्जा ने मांसाहार से होने वाली बीमारियां बताईं



**सालबिया शर्मा, गरली**

सेंट्रल संस्कृत यूनिवर्सिटी (सीएसयू) के बलाहर स्थित वेदव्यास परिसर में शुक्रवार को एनएसएस यूनिट द्वारा फूड प्लैनेट हेल्थ विषय पर एक जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इसमें ऑनलाइन माध्यम से गुजरात के बड़ौदा स्थित एक एनजीओ की कुमारी निज्जा ने विशेष रूप से भाग लिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता सीएसयू की निदेशक प्रोफेसर सत्यम कुमारी ने की। इस ऑनलाइन सत्र में परिसर के एनएसएस यूनिट के समस्त वॉलंटियर्स ने भी बढ़-चढ़कर भाग लिया।

इस जागरूकता सत्र का शुभारंभ विद्या की अधिष्ठात्री देवी माता सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष परिसर निदेशक व एनएसएस यूनिट के सदस्यों ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। उसके पश्चात एक छात्र द्वारा वैदिक मंगलाचरण प्रस्तुत किया गया। इस समस्त कार्यक्रम का संचालन परिसर की एनएसएस इकाई के सदस्य एवं व्याकरण विषय के विद्वान डॉ. भूपेंद्र ओझा द्वारा किया गया।

**सीएसयू में फूड प्लैनेट हेल्थ पर जागरूकता सत्र का हुआ आयोजन**

सत्र के दौरान कुमारी निज्जा ने नॉन वेज (मांसाहार) खाने से होने वाली बीमारियों के बारे में बताया व यह भी बताया कि इसका ग्लोबल वार्मिंग से सीधा संबंध है। यानी ग्लोबल वार्मिंग का सीधा कारण नॉन वेज और डेयरी प्रोडक्ट्स हैं। उन्होंने सबको वीगन डाइट लेने की सलाह दी। कार्यक्रम के दौरान परिसर निदेशक प्रो. सत्यम कुमारी ने भी अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम के अंत में केंद्रीय संस्कृत विवि परिसर की एनएसएस यूनिट के कार्यक्रम अधिकारी अमित वालिया ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। (अनंत ज्ञान)

## आईटीआई संसारपुर टेरेस में 26 को होंगे कैंपस इंटरव्यू

**पिंकी, डाडासीबा।** आईटीआई पासआउट तथा जो प्रशिक्षणार्थी जुलाई /अगस्त 2024 में परीक्षा देंगे उनके लिए राजकीय मॉडल आईटीआई संसारपुर टेरेस में 26 जुलाई को कैंपस इंटरव्यू का आयोजन किया जा रहा है। राजस्थान की Shriram Pistons and Rings Ltd. Pathredi (Bhiwadi) कंपनी द्वारा ट्रेड फिटर, टर्नर मशीनिस्सु, मोटर मैकेनिक वाहन, इलेक्ट्रीशियन डिप्लोमा होल्डर्स के लिए साक्षात्कार रखे गए हैं। इंटरव्यू क्लीयर करने वाले आईटीआई पासआउट अभ्यर्थियों को कंपनी की ओर से 13470 रुपए मासिक और आईटीआई 11730-00 आठ घंटे ड्यूटी करने पर दिया जाएगा।

इच्छुक अभ्यर्थियों को अपने साथ योग्यता के प्रमाण पत्र दसवीं व अपने व्यवसाय से संबंधित दस्तावेज, पहचान के लिए आधार कार्ड आदि अपने साथ लाने का आह्वान किया है। उम्मीदवारों की आयु 18 से 30 वर्ष तक होनी चाहिए साक्षात्कार में किसी भी राज्य का उम्मीदवार भाग ले सकता है। अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षा एवं साक्षात्कार के माध्यम से किया जाएगा। यह जानकारी प्रधानाचार्य ललित मोहन ने दी। (अनंत ज्ञान)




## मझेरना से भुआना लाइन को जोड़ने से खत्म होगी बिजली की समस्या

**अजय पाल, पंचरुखी**

विद्युत उपमंडल चढ़ियार के अंतर्गत अनुभाग भुआना को मझेरना फीडर से जोड़ने से धार क्षेत्र के लोगों को बिजली की समस्या से छुटकारा मिल जाएगा। भौगोलिक दृष्टि से भी विद्युत उपमंडल चढ़ियार का क्षेत्र बहुत बड़ा है जहां आए दिन तूफान या बारिश होने पर कहीं न कहीं बिजली की तारे टूट जाने या पेड़ गिर जाने से बिजली गुल हो जाती है। अगर लडभड़ोल से चढ़ियार 33केवी लाइन मे कोई फॉल्ट आ जाता है तो पूरा धार क्षेत्र अंधेरे मे डूब जाता है। कुछ महीनों से बिजली की समस्या बहुत ज्यादा बढ़ गई है। बिजली के अघोषित कटों से हजारों रुपए का सामान खराब हो रहा है। बिजली न होने से पानी की समस्या से भी जूझना पड़ता है क्योंकि धार क्षेत्र के लोगों को उठाऊ जल योजना के तहत ही पानी की आपूर्ति की जाती है। हालांकि उपमंडल चढ़ियार के सभी अनुभागों मे कर्मचारियों की कमी होने के वावजूद भी बिजली आपूर्ति बाधित न हो इसके लिए सभी कर्मचारी पूरी मेहनत से काम करते हैं। इस बारे सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल चढ़ियार ओम प्रकाश ने कहा कि जैसे हमने अनुभाग दगोह को जयसिंहपुर से जोड़ दिया है। वैसे ही उच्च अधिकारियों के निर्देश व सहयोग से जल्द ही दस सालों से बंद पड़ी मझेरना से भुआना लाइन को जोड़ दिया जाएगा जिसका 90 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है। इस लाइन के शुरू हो जाने से धार क्षेत्र मे बिजली की समस्या खत्म हो जाएगी। (अनंत ज्ञान)

**कार्यक्रम** तकीपुर कॉलेज की वार्षिक पत्रिका का विमोचन कार्यक्रम आयोजित

# डॉ. केएस अत्री ने किया 'ज्ञानरूप' का विमोचन

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय तकीपुर में ज्ञानरूपा पत्रिका के चौथे संस्करण के विमोचन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में डॉ. भगवान दास ने मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए ज्ञानरूपा पत्रिका की प्रस्तावना के बारे में विस्तृत जानकारी दी तथा पत्रिका के विकासात्मक कार्य के लिए पूर्व प्राचार्य डॉ. केएस अत्री एवं संपादकीय मंडल की कार्य प्रणाली को भी सराहा। उन्होंने कहा कि इस पत्रिका के संपादन में विद्यार्थियों का विशेष योगदान रहता है। विद्यार्थी अपने लेखन के माध्यम से ही अपनी प्रतिभा एवं कुशाग्र बुद्धि का भी परिचय देते हैं। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. आरएस गिल ने मुख्य अतिथि डॉ. केएस अत्री द्वारा ज्ञानरूपा के चौथे संस्करण का विमोचन करवाया। प्राचार्य डॉ. आरएस गिल ने महाविद्यालय के बीए, बीकॉम एवं बीएससी तृतीय वर्ष के अच्छे परिणाम के लिए समस्त शिक्षक वर्ग की कार्य प्रणाली की सराहना की वर्तमान में महाविद्यालय में बीए, बीकॉम एवं बीएससी मेडिकल, नॉन मेडिकल में दाखिला प्रक्रिया जारी है। प्राचार्य गिल ने कहा कि विद्यार्थी ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से बीए, बीकॉम. एवं बीएससी प्रथम, द्वितीय, तृतीय वर्ष में दाखिला ले सकते हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय पत्रिका के मुख्य संपादक प्रो. अमन वालिया डॉ. भगवान दास (वाणिज्य) डॉ. अश्विनी कुमार (हिंदी) प्रो. लेखराज (पहाड़ी) एवं प्रो. सुरेश कुमार (विज्ञान संकाय) के अतिरिक्त समस्त शिक्षक एवं गैस शिक्षक कर्मचारी उपस्थित रहे।



अटल बिहारी वाजपेयी महाविद्यालय तकीपुर की पत्रिका का विमोचन करते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### गुरु पूर्णिमा पर कल बीड़ में होगा कार्यक्रम

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** ब्रह्मलीन 1008 महात्मा शेषराम जी आश्रम साधन कुटीर बीड़ में गुरु पूर्णिमा महोत्सव 21 जुलाई को धूमधाम से मनाने का निर्णय किया गया। आश्रम प्रबंधन समिति के सदस्य बलदेव राज सूद द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि गत दिन प्रबंधन समिति की बैठक डॉ. रामकुमार सूद की अध्यक्षता में हुई। बैठक में निर्णय हुआ कि 21 जुलाई प्रातः 8 बजे सुंदरकांड का पाठ होगा। सुबह 9:30 बजे गुरु जी तथा गुरु माता जी की समाधियों पर गुरु पूजन होगा। तदोपरांत हवन यज्ञ तथा 11 बजे प्रशाद तथा भंडारा होगा। प्रवंध समिति ईलाके के समस्त भक्तों से अनुरोध करती है कि कार्यक्रम में पधार कर पुण्य अर्जित करें। (अनंत ज्ञान)

### आज शुरू होगा जिला स्तरीय नागनी मेला

**संजीव महाजन, नूरपुर।** देवभूमि हिमाचल में हर वर्ष ऐसे कई मेलों और त्योहारों का आयोजन किया जाता है, जो कि न सिर्फ प्रदेश में, बल्कि समूचे भारत वर्ष में अपनी अलग पहचान रखते हैं। इन्हीं में से एक है नूरपुर का नागनी माता का मेला। श्रावण माह (जुलाई-अगस्त) के हर शनिवार को यहां मेले लगते हैं। इस साल भी 20 जुलाई से 21 सितंबर तक मेलों का आयोजन किया जा रहा है। मान्यता है कि सर्प दंश से पीड़ित जो भी एक बार माता नागनी की शरण में आता है, वह ठीक हो जाता है। लोगों की आस्था है कि सांप, बिच्छु और अन्य जहरीले जीव जंतुओं के काटने का उपचार यहां मंदिर में पानी पिलाकर और शक्कर (मिट्टी) का लेप लगाकर किया जाता है। ऐसा विश्वास है कि इस शक्कर को घर में रखने से कोई सांप और बिच्छू इत्यादि नहीं निकलता है। यही कारण है कि नागनी माता का यह मंदिर लोगों की आस्था का एक प्रमुख केंद्र बन चुका है। प्रदेश सरकार ने भी नागनी मेले को जिला स्तरीय मेला घोषित किया हुआ है। इन मेलों में हजारों की संख्या में श्रद्धालु हिमाचल समेत पड़ोसी राज्यों से माता नागनी के दर्शन के लिए यहां पहुंचते हैं। (अनंत ज्ञान)

# बीड़ बिलिंग में देश का पहला पैराग्लाइडिंग स्कूल खोलने पर छाए संकट के बादल

## 9 करोड़ से बने भवन में होटल संचालित करने की योजना बना रहा टूरिज्म विभाग

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ**

दुनिया भर में पैराग्लाइडिंग के लिए विख्यात बीड़ बिलिंग में देश के पहले पैराग्लाइडिंग स्कूल खोलने की योजना को पैक करने की तैयारी शुरू हो चुकी है। हालांकि पैराग्लाइडिंग स्कूल के लिए 9 करोड़ की लागत से भवन आदि तैयार हो चुका है, लेकिन टूरिज्म विभाग इस भवन में अब अपना होटल संचालित करने की योजना बना रहा है।

इसके लिए विभागीय टूरिज्म विभाग की रणनीति बदलने से पैराग्लाइडिंग के शौकीनों को बड़ा झटका लगा है। दूसरी तरफ प्रदेश सरकार के लिए यह स्कूल चौखी कमाई का जरिया भी बन सकता था, लेकिन प्रदेश सरकार और टूरिज्म विभाग के फैसले से हिमाचल प्रदेश में बनने वाला देश का पहला पैराग्लाइडिंग स्कूल का सपना टूट सकता है।

हिमाचल प्रदेश राज्य पर्यटन विभाग द्वारा दो साल पहले करीब 9 करोड़ रुपये की लागत से पैराग्लाइडिंग स्कूल बना दिया गया था, लेकिन इसका उद्घाटन नहीं हो सका । इस भवन में अकादमिक भवन, कांफ्रेंस हाल, क्लास रूम, 24 कमरे, दो डोरमैट्री, पार्किंग सुविधा सहित तमाम सारी सुविधाओं के अलावा होस्टल भी बनाया गया है। बीड़ में शुरू होने वाले इस संस्थान को हिमाचल के पर्यटन और ऐरो स्पोर्ट्स के लिए सबसे बड़ा सेंटर बनने की उम्मीद जताई जा रही है, लेकिन सियासी बदलावों से इस महत्वाकांक्षी परियोजना का न केवल मकसद फेल होते दिख रहा है बल्कि व्यवस्था पर भी कई सवाल खड़े हो रहे हैं। बीड़ बिलिंग में हर वर्ष आसमान में हजारों मानव परिंदे उड़ते हैं, लेकिन अभी तक न तो इनके लिए किसी तरह का अधिकारिक प्रशिक्षण है और न ही कहीं ट्रेनिंग दी जाती है। मात्र पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन के अनुभव प्रमाणपत्र के आधार पर ही काम चलाया जा रहा है। उड़ान के दौरान पहाड़ में अनेक हादसे हो चुके हैं और कई लोग अपनी जान भी गंवा चुके हैं। इस लिहाज से भी यहां पर पैराग्लाइडिंग स्कूल की सबसे ज्यादा जरूरत थी। (अनंत ज्ञान)

### स्कूल खुलने से सेना को भी मिल सकता है फायदा

**स्कूल** के शुरू होने से देशभर से पैराग्लाइडिंग का शौक रखने वाले लोग यहां सरकारी दायरे में पैराग्लाइडिंग का प्रशिक्षण ले सकते थे। गौर रहे कि अभी तक देश में कुछ स्थानों पर कुछ पैराग्लाइडर पायलट ही नए पायलटों को प्रशिक्षण देते आ रहे हैं। पैराग्लाइडिंग स्कूल के शुरू होने से यहां पैराग्लाइडिंग से जुड़े कई प्रशिक्षण कोर्स शुरू होने थे। पायलट सोलो व टेंडम पैराग्लाइडिंग का प्रशिक्षण के साथ-साथ यहां पैराग्लाइडिंग रेस्क्यू से जुड़े कई कोर्स भी शुरू होंगे। इस स्कूल के शुरू होने से यहां जल, थल व हवा से जुड़ी रोमांचक खेलों के कोर्स प्रदेश में उपलब्ध होने थे।

### पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह ने की थी घोषणा

**बीड़** में नेशनल पैराग्लाइडिंग स्कूल की घोषणा वर्ष 2015 में पूर्व मंत्री सुधीर शर्मा के प्रयासों से हो पाई थी। उस समय यहां आयोजित देश के पहले पैराग्लाइडिंग वर्ल्ड कप के समापन पर पहुंचे तत्कालीन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने यहां इस स्कूल को खोलने की घोषणा की थी। इसके बाद सरकार बदल गई। पूर्व सीएम जयराम ठाकुर ने 2021 में बीड़-बिलिंग की यात्रा के दौरान पैराग्लाइडिंग स्कूल में कक्षाएं जल्द शुरू करने की घोषणा की थी, लेकिन कोई फायदा नहीं हुआ। प्रदेश में फिर कांग्रेस की सरकार आने के बाद लोगों को उम्मीद बंधी थी, प्रदेश सरकार जल्द ही इसका शुभारंभ कर देगी, लेकिन अब सरकार के फैसले ने सारी उम्मीदों को धराशायी कर दिया।

### हैप्पी बर्थडे



रोहित और अनीता ठाकुर की बेटी कविशा ठाकुर को जन्मदिन पर 'अनंत ज्ञान' परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं।

### बर्थडे व सालगिरह के फोटो भेजें

बर्थडे हो या शादी की सालगिरह। आपकी खुशियों में हम भी हैं शामिल। अपना फोटो अनंत ज्ञान में प्रकाशित करवाने के लिए नाम और पते सहित व्हाट्सएप नंबर 88945-21702 पर भेजें।

### हवाई फायर केस में गिरफ्तार व्यक्तियों की जमानत याचिका रद्द

**अनिल छांगू, जवाली।** विधानसभा क्षेत्र जवाली के अधीन ग्राम पंचायत सिद्धपुरघाड़ में बंदूक से हवाई फायर करने के आरोपी सागर कुमार निवासी कांगड़ा और उसके साथियों की जमानत अर्जी न्यायालय द्वारा रद्द कर दी गई है और उनका रिमांड समय 27 जुलाई तक बढ़ा दिया गया है । बता दें कि 9 जुलाई की रात को सिद्धपुरघाड़ निवासी कृष्ण कुमार के घर के प्रांगण में सागर कुमार अपने साथी के साथ बंदूक लेकर आया और जोर-जोर से आवाजें लगाने लगा, 'कालू बाहर निकल। मैं तुझे मार दूंगा।' जब कृष्ण कुमार डर के कारण बाहर नहीं निकला तब उन्होंने बंदूक से हवाई फायर दाग दिया। इसे लेकर कृष्ण कुमार ने पुलिस थाना जवाली में आकर शिकायत दर्ज करवाई थी। वहीं, डीएसपी जवाली वीर सिंह ने बताया कि आरोपियों को चार दिन के रिमांड के बाद कोर्ट में पेश किया गया। इसके बाद आरोपियों ने अपनी जमानत के लिए एक अर्जी न्यायालय में दी, जिसको न्यायालय द्वारा रद्द कर दिया गया। (अनंत ज्ञान)

# एटीएम में चोरी के आरोप में चौथा आरोपी भी गिरफ्तार

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

**पहले पकड़े गए तीन आरोपियों को 3 दिन का पुलिस रिमांड**

कांगड़ा में एटीएम लूटने का असफल प्रयास करने वाले चौथे आरोपी को पुलिस ने शुक्रवार को चंबा जिला से गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान खनोड़ा निवासी अर्पित (22) के रूप में हुई है, जो गाड़ी चलाता है। वहीं इससे पहले गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों को अदालत ने तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है।

अनंत ज्ञान फॉलोअप

बताते चलें कि कांगड़ा शहर में 12 जुलाई को शहर में लगे सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया के एटीएम को लूटने के प्रयास का मामला सामने आया था। चोरों द्वारा रात 2:30 बजे एटीएम को लूटना चाहा तो एटीएम से लिंक सायरन बजने लगा, जिसे देख चोर मौके से भाग गए थे। इस पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया द्वारा कांगड़ा थाना में मामला दर्ज करवाया गया था। कांगड़ा पुलिस ने इस घटना को अंजाम देने वाले शातिरों को एक सप्ताह के भीतर ही पकड़ लिया था। तीनों आरोपी कांगड़ा के साथ लगते गांव कोहला के रहने वाले हैं। उधर, मामले की पुष्टि करते हुए डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को इस घटना के चौथे आरोपी को पुलिस थाना चुवाड़ी के अंतर्गत खनोड़ा से गिरफ्तार कर लिया गया है। इससे पहले गिरफ्तार किए गए तीन आरोपियों को अदालत ने तीन दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। (अनंत ज्ञान)

# 14 करोड़ की धोखाधड़ी करने के आरोपी को 2 दिन का पुलिस रिमांड

## मामले में फरार हुए आरोपी की तलाश में दिन-रात जुटी है पुलिस

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

नगरोटा धोखाधड़ी मामले में धर्मशाला से गिरफतार आरोपी को शुक्रवार को कोर्ट में पेश किया गया। अदालत ने उक्त आरोपी को 2 दिन के पुलिस रिमांड पर भेज दिया है। उधर, फरार हुए आरोपी की तलाश में पुलिस दिन-रात जुटी हुई है। हालांकि अभी तक उसे गिरफ्तार नहीं किया जा सका है।

बताते चलें कि इस मामले में चरान में कैंची मोड़ के पास हार्डवेयर की दुकान करने वाले आरोपी को पुलिस ने वीरवार को गिरफ्तार किया था, जबकि अन्य आरोपी अनुज कुमार फरार हो गया था। पुलिस उसकी तलाश कर रही है। अनुज नगरोटा का रहने वाला है और प्रॉपर्टी डीलर के रूप में काम करता है।

जानकारी के अनुसार दोनों आरोपियों ने जिला एवं सत्र न्यायाधीश के यहां अग्रिम जमानत

अनंत ज्ञान फॉलोअप

के लिए आवेदन किया है, जिसे वीरवार को खारिज कर दिया गया। इसके बाद नगरोटा बगवां पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि दूसरा आरोपी फरार हो गया था। इन दोनों व्यक्तियों ने अन्य आरोपियों के साथ मिलकर साजिश रच नगरोटा बगवां की प्रतिष्ठित बस सेवा के मालिक से 13.85 करोड़ की धोखाधड़ी को अंजाम दिया था। बताते चलें कि इससे पूर्व नगरोटा बगवां पुलिस ने करोड़ों रुपए की ठगी करने के आरोप में मुंबई के बांद्रा के सर्वदमन सिंह सिसौदिया को गिरफ्तार किया था।

उधर, धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने वीरवार को गिरफ्तार किए गए आरोपी को 2 दिन का पुलिस रिमांड मिलने की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपए की ठगी मामले में फरार हुए आरोपी की तलाश पुलिस द्वारा की जा रही है तथा जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# खून से लथपथ जगदीश के लिए मसीहा बन पुहंचीं एसडीएम बेक्टा

**सालबिया शर्मा, गरली**



**गाड़ी में बिठाकर तुरंत पहुंचाया अस्पताल**

खबली दोसडका सड़क के किनारे खून से लथपथ पड़े गांव सुनेहत के करीब 60 वर्षीय जगदीश चंद के लिए एसडीएम देहरा मसीहा बनकर पहुंचीं। बताया जा रहा है कि एसडीएम शिल्पी बेक्टा किसी जरूरी काम से धर्मशाला की ओर जा रही थीं कि वहां खबली दौसडका में लोगों का हुजूम देखकर रुक गईं। किसी के घायल पड़े होने की जानकारी के बाद उन्होंने अपना टूअर बीच में छोड़कर घायल की नाजुक हालत को देखते हुए उसे अपनी गाड़ी में बिठाया और तुरंत सिविल अस्पताल देहरा पहुंचाया। इसकी सूचना शिल्पी बेक्टा ने जगदीश चंद के परिजनों को दी और इसके बाद एसडीएम धर्मशाला के लिए रवाना हुईं।

इस नेक कार्य को देखते हुए एसडीएम शिल्पी बेक्टा की हर कोई भूरी-भूरी प्रशंसा कर रहा है। वहीं, जानकारी देते हुए एसडीएम ने बताया कि जगदीश चंद को गहरी चोटें लगी थीं तथा वह खून से लथपथ बेहोशी की हालत में थे। देहरा में प्राथमिक उपचार के बाद जगदीश चंद को डॉक्टरों ने टांडा रेफर कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पालना शक्ति सदन योजना की दी जानकारी

## बैजनाथ में मिशन शक्ति के तहत आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**




कांगड़ा जिला में मिशन शक्ति के अंतर्गत बैजनाथ ब्लॉक में 100 दिनों का विशेष जागरूकता अभियान आरंभ किया गया। यह जानकारी जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक शर्मा ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम के दौरान महिलाओं को वन स्टॉप सेंटर महिला हेल्पलाइन, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, पालना, शक्ति सदन (स्वाधार गृह) के बारे जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि जिला कांगड़ा में अप्रैल, 2023 से जिला महिला सशक्तिकरण केंद्र की स्थापना की गई है, जिसमें मिशन शक्ति के तहत सभी योजनाओं के सुचारु रूप से कार्यान्वयन व उनकी समीक्षा एवं निगरानी इस केंद्र द्वारा की जा रही है। उन्होंने कहा कि मिशन शक्ति के तहत जागरूकता कार्यक्रम जिला के सभी विकास खंडों में आयोजित किए जा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि कानूनी सलाहकार वन स्टॉप सेंटर कांगड़ा के द्वारा भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत महिलाओं से संबंधित सभी कानूनों जैसे घरेलू हिंसा अधिनियम 2005, कार्यालय स्तर पर महिलाओं से यौन उत्पीड़न से सुरक्षा अधिनियम 2013, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम 2012 और बाल विवाह प्रतिशेध अधिनियम 2006 इत्यादि के बारे विस्तृत जानकारी प्रदान की। शिविर में जिला स्तर से मिशन शक्ति प्रभाग से राहुल, शिवानी, सोनाली तथा पंजाब नेशनल बैंक से वरिष्ठ प्रबंधक असीम गुप्ता व वीरेंद्र शर्मा, बाल विकास परियोजना अधिकारी वैजनाथ, पर्यवेक्षक गदियाड़ा, पपरोला, महाकाल, कनिष्ठ सहायक गोपाल अवरोल, सचिन खंड संयोजक तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं सहित लगभग 80 प्रतिभागियों ने भाग लिया। (अनंत ज्ञान)

# कबीरपंथी समाज सुधार सभा कमेटी जयसिंहपुर का पुनर्गठन

**प्रवीण मिश्रा, लंबागांव**

**तीसरी बार फिर पुरानी कमेटी को ही कार्यभार**

कबीरपंथी समाज सुधार सभा जयसिंहपुर इकाई कमेटी की बैठक में सभी सदस्यों ने भाग लिया। यह बैठक कबीरपंथी हिमाचल प्रदेश समाज सुधार सभा के उपाध्यक्ष मिलखी राम की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में कबीर पंथी समाज सुधार सभा जयसिंहपुर ईकाई के प्रधान शक्ति चंद ने कमेटी द्वारा पिछले विगत चार बर्षों से कमेटी द्वारा किये गये कार्यों का विवरण पेश किया। तत्पश्चात कमेटी के सदस्यों ने अपने अपने विचार रखे।। इस दौरान कार्यकारिणी के सदस्यों कमेटी को भंग करने प्रस्ताव प्रधान शक्ति चंद के माध्यम से रखा। अंत में इस बैठक की अध्यक्षता कर रहे मिलखी राम ने सबको संबोधित करते हुए कहा कि कमेटी द्वारा पिछले बर्षों से शानदार कार्य किया गया है। और इस बैठक में उपस्थित इतने सदस्य भी उपस्थित नहीं हैं कि वोटिंग करवाई जा सके और यहां पर किसी ने दावेदारी भी पेश नहीं की है अत: सारी चीजों को ध्यान में रखते हुए उन्होंने कहा कि कबीरपंथी समाज सुधार सभा जयसिंहपुर ईकाई की कार्यकारिणी यथावत काम करती रहेगी। इसमें प्रधान शक्ति चंद, कमेटी के महासचिव मोहिंदर सिंह, उपप्रधान जगदीश राम, कोषाध्यक्ष तथा मीड़िया प्रभारी हरिदास, तथा श्रवण सिंह तथा रत्न सिंह, प्रेम चंद, मस्त राम मुख्य सलाहकार सचिव रणजीत सिंह, इसके अलावा नानक चंद, राम सिंह को कार्यकारिणी सदस्य चुना गया। दिनेश कुमार राणा नगर को तथा कुशल खुराना को सचिव बनाया गया। परमिंदर कौर, सुलोचना देवी भी मुख्य सलाहकार में शामिल हुई। महासचिव मोहिंदर सिंह ने कहा कि शीघ्र ही कार्यकारिणी का विस्तार किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# सीपीएस कल करेंगे कबीर भवन का शिलान्यास

**जितेंद्र कौशल, बैजनाथ।** कबीर पंथ समाज सुधार सभा बैजनाथ द्वारा 21 जुलाई को गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर कबीर मंदिर पंडोल रोड बैजनाथ में मुख्य संसदीय सचिव पंचायती राज पशुपालन विभाग किशोरी लाल द्वारा कबीर पन्थ समुदाय भवन का शिलान्यास किया जाएगा। उसके उपरान्त कबीर पंथ की प्रभुद संतो द्वारा संतसंग व प्रवचन करने के उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन किया जा रहा है। पंचायत समिति के पूर्व अध्यक्ष मस्त राम ने आप सभी से अनुरोध किया है कि इस आयोजन में आमंत्रित है। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व अध्यक्ष पंचायत समिती बैजनाथ एंव वृष्ठ उपाध्यक्ष कबीर पंथ समाज सुधार सभा हिमाचल प्रदेश द्वारा की जाएगी। इस मौके पर हिमाचल समानता अधिकार मंच द्वारा भिन्न-भिन्न महिला मंडलों व सभी अतिथिगणों को सम्मानित किया जाएगा। (अनंत ज्ञान)

# युवती की चेन छीनकर भागे तीन पंजाबी युवकों को पुलिस ने दबोचा

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

नेशनल हाईवे पर एहजू बाजार में सड़क किनारे खड़ी युवती की चेन तथा उसका पर्स खींचकर उसे करीब 50 मीटर तक घसीटने का मामला सामने आया है। घायल युवती को बैजनाथ अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, जहां उसकी हालात खतरे से बाहर बताई जा रही है। पुलिस को जैसे ही बारदात का पता चला तो जगह-जगह नाके लगाए गए तथा इस बारदात में शामिल पंजाब के तीन युवकों को घटनास्थल से करीब 30 किमी दूर गुम्मा के पास लगाए गए नाके में पकड़कर हिरासत में लिया है। जानकारी के अनुसार मटरू पंचायत के सूजा सदंराल गांव की नेहा उम्र 25 वर्ष एहजू बाजार में खड़ी थी तभी चेन स्नेचर इस बारदात को अंजाम देते हुए उसके गले से चेन खींच कर उसे घसीटते हुए करीब 50 मीटर तक ले गए।

उधर, थाना प्रभारी अश्वनी शर्मा ने बताया कि प्राथमिक जानकारी के अनुसार गाड़ी में स्वार तीन युवकों ने इस घटना को अंजाम देने के बाद करीब चार वाहनों को टक्कर मारी थी। युवकों द्वारा गाड़ी की नंबर प्लेट को भी बदला है। तीनों को काबू कर लिया गया है।

# दयाल नैहरनपुखर व ठाकुरद्वारा करियाड़ा में किन्नरों की बधाई राशि निर्धारित

**शुभम शर्मा, देहरा।** उपमंडल देहरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत दयाल नैहरनपुखर व ठाकुरद्वारा करियाड़ा द्वारा किन्नरों को दी जाने वाली बधाई राशि निर्धारित कर दी है। पंचायत द्वारा इस संदर्भ में शुक्रवार को प्रस्ताव पारित कर दिया गया, जिसमें ट्रांसजेंडर अब गरीब परिवारों से 2100 रुपए जबकि साधन संपन्न परिवारों से 3100 रुपए से अधिक की बधाई राशि नहीं ले सकेंगे। ग्राम पंचायत दयाल नैहरनपुखर की प्रधान ममता देवी व ठाकुरद्वारा करियाड़ा पंचायत के उपप्रधान राजीव कुमार ने बताया कि पंचायत को लगातार शिकायतें मिल रही थीं कि किन्नर लोगों से 15 से 20 हजार रुपए तक की बधाई राशि मांग रहे हैं। पंचायत प्रधान ने बताया कि यदि कोई किन्नर निर्धारित राशि से ज्यादा राशि की मांग करता है तो वे इस संदर्भ में एसडीएम देहरा शिल्पी बेक्टा, डीएस.पी. देहरा अनिल कुमार, तहसीलदार व पुलिस थाना को भी शिकायत कर सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

**जागरूकता** एसडीएम ने बताए साइबर क्राइम से बचने के तरीके

# किसी से शेयर न करें ओटीपी-पासवर्ड

**अनिल छांगू, जवाली**



आईटीआई स्टूडेंट्स को साइबर क्राइम की जानकारी देते हुए अधिकारी।

**जवाली और कोटला में लगाए डिजिटल अवेयरनेस कैंप**

उपमंडल के जवाली और कोटला में प्रशासनिक टीम ने लोगों को साइबर क्राइम से बचने के तरीके बताए गए। जवाली स्थित राजकीय प्रशिक्षण संस्थान एवं कोटला के सामुदायिक भवन में उपमंडलाधिकारी वचित्र सिंह ठाकुर की अगुवाई में लगाए गए इन शिविरों में खंड परियोजना अधिकारी एवं प्रधानाचार्य प्रभात चंद्र पावा और अध्यापक कपिल देव ने बतौर रिसोर्स पर्सन लोगों को ऑनलाइन लेन-देन करते समय सावधान रहने की अपील की।

जवाली के उपमंडलाधिकारी वचित्र सिंह ठाकुर ने कहा कि हमें अपने मोबाइल फोन पर बैंक अकाउंट संबंधी कोई भी जानकारी शेयर नहीं करनी चाहिए। खासकर अपना ओटीपी और एटीएम का पासवर्ड किसी को भी नहीं बताना चाहिए। खंड परियोजना अधिकारी एवं प्रधानाचार्य प्रभात चंद्र पावा ने कहा आजकल हैकर्स लोगों के फेसबुक और व्हाट्सऐप तक का डाटा चुराने के माहिर हैं। इसके साथ ही गूगल पे या पे-टीएम पर भी पूरी सावधानी के साथ ही लेन-देन करें। उन्होंने लोगों से किसी भी फर्जी कॉल्स या मैसेज का जबाव न देने की अपील की। उन्होंने कहा कि आजकल ऑनलाइन ठगों ने ठगी के कई तरह के हथकंडे अपनाकर लोगों को ठगने का जरिया बना रखा है, ऐसे में हमें अपने आस-पड़ोस के लोगों को भी इस बाबत जागरूक करना चाहिए। इस मौके पर जवाली आईटीआई के प्रधानाचार्य अशोक चौधरी, कोटला के योगराज मेहरा और अन्य लोग मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)


## कार्यालय ग्राम पंचायत धनीरी
विकास खंड लंबागांव , जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

अध्यक्ष द्वारा पंचायत बैठक में प्रस्ताव रखा गया कि वर्ष 2024 से 31.3.2025 तक विभिन्न मदों के अंतर्गत करवाए जाने वाले विकास कार्यों में प्रयोग की जानी वाली सामग्री की निविदाएं ली जानी हैं यह निविदाएं 20.07.2024 से 30.07.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत धनीरी में ली जानी हैं यह निविदाएं 02.08.2024 को कार्यालय ग्राम पंचायत धनीरी में कमेटी के समक्ष खोली जानी हैं।

**सामग्री का विवरण निम्न प्रकार से है।**

क्रशर रेत, क्रशर बजरी, 10,20,40,60एमएम, नदी रेता-प्रति वर्ग फुट, कटा पत्थर -प्रति पीस, ईंट-प्रति पीस, इंटरलॉक टाइल 40,60,80एमएम- प्रति पीस, बेंच- प्रति बेंच, साईन बोर्ड-प्रति पीस, सटरिंग-वर्ग फुट, सीमेंट बैग लोडिंग व अनलोडिंग सहित लंबागांव से धनीरी-प्रति बैग, क्रेटबायर लोडिंग व अनलोडिंग मारडा से धनीरी तक किराया, सरिया-प्रति किलो, टाइल 2वाई2 फुट-प्रति टाइल।

**नोटः-**1. फर्म के पास अपना जीएसटी नं. व आईएसआई मार्क होना आवश्यक है। 2. निविदा के साथ जीएसटी व आईएसआई मार्क प्रमाण पत्र की प्रतिलिपि साथ में संलग्न हो। 3. सामग्री की गुणवत्ता सही न होना, सामग्री समय पर न पहुंचाना निविदा को रद्द कर दूसरे नंबर की निविदा को स्वीकार किया जाएगा। 4. सामग्री कार्य स्थल में पहुंचानी होगी नहीं तो निविदा रद्द कर दी जाएगी। 5. निविदा डाक या स्वयं आकर भी बंद लिफाफे में जमा करवा सकते हैं। 6. बिल बनाते समय बिल की राशि के साथ जीएसटी प्रदर्शित करनी होगी व एम फार्म भी साथ हो। सबसे कम दर वाली निविदा व उपरोक्त शर्तों को पूर्ण करने वाले व्यक्ति/वेंडर को ही स्वीकृत किया जाएगा।

**प्रधान/सचिव**
**ग्राम पंचायत धनीरी**
**विकास खंड लंबागांव , जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

## कार्यालय ग्राम पंचायत नागाबाड़ी
विकास खंड नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)

### निविदा सूचना

अध्यक्ष महोदया ने पंचायत बैठक में प्रस्ताव पेश किया और उपस्थित सदस्यों को इस बारे में अवगत करवाया कि ग्राम पंचायत नागाबाड़ी ने वर्ष 2024-25 में समस्त विकास कार्यों की सामग्री की सप्लाई उपलब्ध करवाने हेतु जैसे मनरेगा, 15वां वित्तायोग व अन्य सभी मद जिसमें ग्राम पंचायत को राशि उपलब्ध होती है के विकास कार्यों के लिए निम्नलिखित सामग्री उपलब्ध करवाने हेतु ग्राम पंचायत द्वारा निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। जिनका विवरण निम्न प्रकार से है।

| क्र.सं. | मद | मात्रा |
|---|---|---|
| 1. | रेत क्रेशर | 1 क्यूबिक मीटर |
| 2. | बजरी क्रेशर 10,20,40,60,80 एमएम | 1 क्यूबिक मीटर |
| 3. | किराया पानी टैंक | प्रति टैंक/प्रति दिन |
| 4. | पत्थर तोड़वा | प्रति पत्थर |
| 5. | पत्थर जब्बर व चक्की खड्डु | प्रति क्युविक मीटर |
| 6. | किराया सीमेंट ढुलाई एचपीएससीएस नूरपुर से निर्माण कार्य तक | प्रति बैग |
| 7. | किराया मिक्सर मशीन डीजल सहित | प्रति दिन |
| 8. | साइन बोर्ड कंपलीट और बाल पेंटिंग | प्रति साईन बोर्ड/प्रति वर्ग फुट |
| 9. | ईंट प्रथम/द्वितीय श्रेणी | प्रति ईंट |
| 10. | किराया शटरिंग स्टील, लकड़ी/अन्य | प्रति वर्ग फुट/मीटर |
| 11. | सीमेंटड बेंच आर्म एवं बिना आर्म इंस्टालेशन सहित | प्रति बेंच |
| 12. | रेत चक्की/जब्बर खड्डु | प्रति क्यूबिक मीटर |
| 13. | ओपन जिम सामग्री | |
| 14. | पाईप 300 एमएम, 900 एमएम | प्रति मीटर |
| 15. | स्टील (सरिया) एंगल 6-8-10-12 एमएम | प्रति किलो |

अतः उपरोक्त सामग्री की निविदाएं ग्राम पंचायत नागाबाड़ी को दिनांक 23.07.2024 को समय 4.00 बजे स्थान कार्यालय ग्राम पंचायत नागाबाड़ी में डाक द्वारा या फिर स्वयं हस्ताक्षरयुक्त बंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं आमंत्रित हेतु निम्न शर्तें हैं। जिनका पालन करना आवश्यक है। बोलीदाता किसी भी कार्य दिवस में आकर निविदा जमा करवा सकता है।, प्रधान/उप प्रधान के पास भी जमा करवाा सकते हैं। जो कार्य प्रगति पर है जिनकी सामग्री मौके पर पहुंच चुकी है उन कार्यों की सामग्री जिस वेंडर ने दी है उसकी अदायगी उसी वेंडर को दी जाएगी। शर्तें निम्न प्रकार से हैं। 1. निविदाएं देने वाले के पास अपना जीएसटी/सीएसटी पंजीकरण नं. होना अनिवार्य है उपरोक्त नं. न होने पर निविदा रद्द कर दी जाएगी। 2. दिनांक 23.07.2024 को समय 4.00 बजे के बाद कोई भी निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी। 3. वेंडर धारक धरोहर राशि/सुरक्षा राशि के तौर पर कम से कम मु. 25000/- रुपए का चेक पंचायत के नाम से निविदा के साथ पंचायत में जमा करवाएगा ताकि सामग्री न देने की स्थिति में उस राशि से भरपाई की जा सके। ऐसा न करने पर निविदा रद्द कर दी जाएगी। 4. सामग्री समय पर उपलब्ध न करवाए जाने पर सामग्री हेतु दूसरे नं. के बोलीदाता को कार्य आर्डर दिया जाएगा। सामग्री की उपलब्धता कार्य स्थल जहां तक गाड़ी जाती है करवानी होगी। 5. सामग्री की गुणवत्ता ग्राम पंचायत द्वारा टीए/जेई द्वारा सुनिश्चित की जाएगी। गुणवत्ता ठीक न होने पर उसकी अदायगी पंचायत द्वारा नहीं की जाएगी। सामग्री समय पर उपलब्ध न करवाने की दशा में ग्राम पंचायत जो उचित समझे जुर्माना भी लगा सकती है। 6. किसी भी कार्य सामग्री की अदायगी टीए/जेई/एसडीओ की असेस्मेंट होने (एमबी) होने की दशा में की जाएगी उससे पहले नहीं। 7. निविदाएं स्वीकृत या अस्वीकृत पंचायत द्वारा गठित कमेटी द्वारा की जाएगी। जिस निविदा धारक की दर सबसे कम होगी कमेटी द्वारा कार्य आर्डर उसी फर्म को दिया जाएगा। निविदाएं दिनांक 25.07.2024 को समय 12.00 बजे स्थान कार्यालय ग्राम पंचायत नागाबाड़ी में कमेटी के समक्ष व आवेदकों के समक्ष खोली जाएगी। सभी बोलीदाता उपरोक्त निर्धारित दिनांक व समय पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें ताकि कारवाही समय पर पूरी की जा सके।

**प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत नागाबाड़ी**
**विकास खंड नूरपुर, जिला कांगड़ा (हि.प्र.)**

## न्यूज ब्रीफ

### श्री शिव महापुराण कथा 22 से 28 तक

**अतुल, सुजानपुर।** शिव महाशक्ति दुर्गे माता मंदिर, बनालग में श्री शिव महापुराण कथा का आयोजन 22 से 28 जुलाई तक किया जाएगा। श्री शिव महापुराण में कथा वाचक पंडित लखनपाल शर्मा होंगे। श्री शिव महापुराण कथा 11:30 से सायं 3:30 बजे तक प्रतिदिन आयोजित की जाएगी। इस कथा का आयोजन मोहन सिंह डोगरा (रिटायर्ड प्रधानाचार्य) कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

### जड़ोह सड़क की समस्या को लेकर दिया ज्ञापन

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी।** उपमंडल भोरंज के तहत ग्राम सुधार सभा हनोह की बैठक प्रधान धर्म चंद की अध्यक्षता में हुई। इसमें निर्णय लिया गया कि पशु अस्पताल से जड़ोह सड़क मार्ग पर एक पुलिया है, जिस पर रेलिंग आज दिन तक नहीं लगी है। इसी सड़क पर फटलियां कस्बे के पास ज्योति के घर के पास पेवर टाइल लगाने के लिए जगह छोड़ी थी, लेकिन वह भी आज दिन तक नहीं लगी। इसी सड़क पर पिछले साल एक डंगा लगा व खुदाई इतनी ज्यादा करवा दी और वहां पर डंगे का काम बच गया है, वह कभी भी भारी बरसात में गिर सकता है। बैठक के बाद इन सभी समस्याओं का ज्ञापन लोक निर्माण विभाग भोरंज अधिशाषी अभियंता व सहायक अभियंता को दिया गया। इस मौके पर लेख राज उपप्रधान, राज कुमार सचिव, बीडीसी चेयरमैन राजेंद्र गारला, रघुवीर सिंह, अजीत सिंह, देश राज इत्यादि उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

### बार-बार बिजली के कटों से लोग परेशान

**संजीव चैहान, टौणी देवी।** टौणी देवी तथा इसके आसपास के क्षेत्र में गर्मी में बिजली की आंख मिचौली से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। बार-बार अघोषित बिजली के कटों से नागरिक अच्छे खासे परेशान हो रहे हैं। दिन में पांच से छह बार बिजली का जाना यहां आम बात हो चुकी है। भीषण गर्मी में कूलर-पंखे बंद होने से लोगो मे बेचैनी बढ़ जाती है। इसके अलावा इलेक्ट्रिक, फोटोस्टेट, टीवी मैकेनिक, ऑनलाइन सर्विस के कारोबारी भी बार-बार बिजली जाने से परेशान हैं। ऐसे में लोगों में भारी रोष व्याप्त है। स्थानीय बिजली विभाग बिजली की आंख मिचौली को रोकने में नाकाम साबित हो रहा है। इसके अलावा अब यहां के अधिकांश गांवों में लो वोल्टेज की समस्या भी खड़ी हो गई है। इस बात की शिकायत बिजली विभाग के अधिकारियों से करने पर सुधार का काम होने की बात कहकर नागरिकों की परेशानी से पल्ला झाड़ ले रहे हैं। इस बारे में विद्युत विभाग टौणी देवी स्थित एसडीओ दीपक चैहान ने बताया कि यह दिक्कत हमीरपुर सबस्टेशन से है। टौणी देवी को भी सप्लाई वहीं से आती है। बार-बार बिजली के कट हमीरपुर से लगाए जाते हैं। (अनंत ज्ञान)

### किसानों को नकदी फसलों की दी जानकारी




**अनंत ज्ञान, नादौन।** नादौन उपमंडल की पंचायत दंगड़ी के गांव रूपाल में किसानों के लिए एकदिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इसमें किसानों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। कृषि विज्ञान केंद्र बड़ा हमीरपुर के विशेषज्ञों द्वारा कृषकों को मक्की व नकदी फसलों बारे विस्तार से जानकारी दी गई। उद्यानिकी एवं वानिकी महाविद्यालय नेरी के सौजन्य से लगाए गए इस शिविर में करीब 40 कृषक महिला व पुरुषों ने नकदी फसलों के उत्पादन बारे प्रशिक्षण प्राप्त किया। इस शिविर में सब्जी विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ. बलवीर सिंह डोगरा, सब्जी वैज्ञानिक डॉ. शिव प्रताप, डॉ. दीपा शर्मा, डॉ. संतोष तथा कृषि विज्ञान केंद्र बड़ा से कीट वैज्ञानिक डॉ. छवि तथा रेखा डोगरा उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम के दौरान डॉ. बलवीर सिंह डोगरा ने किसानों को वैज्ञानिक तरीके से कद्दुवर्गीय सब्जियों की देखभाल एवम रखरखाव, आने वाले मौसम की गोभिवर्गीय सब्जियों की पौध उगने के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कीट वैज्ञानिक डॉ. छवि ने किसानों को बैंगन में लगने वाले तना व फल छेदक, कद्दुवर्गीय सब्जियों में लगने वाली फल मक्खी एवं उनकी रोकथाम एवं नियंत्रण के बारे में बताया तथा साथ ही साथ आजकल किसानों के खेतों में आ रही मुख्य्य समस्या जो कि मक्की की फसल में विकराल रूप धारण कर रही है, वह है फॉल आर्मीवर्म के लक्षणों तथा नियंत्रण विधियों के बारे में महत्त्वपूर्ण जानकारी साझा की। प्रशिक्षण में रेखा डोगरा ने स्थानीय फलों एवम सब्जियों के मूल्यवर्धन के बारे में बताया। कृषि विज्ञान केंद्र बड़ा से रेखा डोगरा ने स्थानीय फलों एवं सब्जियों से घरेलू स्तर पर मूल्यवर्धित उत्पाद बनाने की जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)

### स्वयंसेवियों को एनएसएस प्रमाण पत्र किए वितरित

**एसपी जैरथ, नाहन।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई नाहन द्वारा आयोजित एक विशेष समारोह में स्नातक उत्तीर्ण स्वयंसेवियों को एनएसएस प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रेमराज भारद्वाज ने स्वयंसेवियों को संबोधित करते हुए कहा कि 'एनएसएस का उद्देश्य छात्रों में सेवा, समाजसेवा और नेतृत्व के गुणों का विकास करना है। आप सभी ने एनएसएस के माध्यम से समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझा और निभाया है। मेरी शुभकामनाएं आपके साथ हैं और मैं आपके उज्ज्वल भविष्य की कामना करता हूं।' कार्यक्रम अधिकारी डॉ. पंकज चांडक ने बताया कि 42 स्वयंसेवियों ने अनुमानित 15120 घंटों से अधिक का निशुल्क श्रमदान कर नवभारत निर्माण में अपना अमूल्य योगदान दिया है। उन्होंने स्वयंसेवियों की करियर संबंधित काउंसिलिंग भी की। कार्यक्रम अधिकारी प्रो. लक्षिता रमाने भी इस अवसर पर स्वयंसेवियों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि 'एनएसएस ने आपको केवल समाज सेवा का अनुभव ही नहीं दिया, बल्कि आपको एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में भी विकसित किया है। मैं सभी स्वयंसेवियों को उनके समर्पण और कठिन परिश्रम के लिए धन्यवाद देती हूं।' इस समारोह में प्रो. देवेंद्र शर्मा ने कहा, 'आप सभी ने एनएसएस के तहत जो सेवाएं दी हैं, वे सराहनीय हैं। आपके प्रयासों से समाज में सकारात्मक बदलाव आ सकता है।'कार्यक्रम के अंत में स्वयंसेवियों ने अपने अनुभव साझा किए और एनएसएस के दौरान सीखे गए महत्वपूर्ण पाठों पर चर्चा की। यह कार्यक्रम सभी के लिए प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक रहा। इस अवसर पर उपप्राचार्य डॉ. उत्तमा पांडे, वरिष्ठ आचार्य डॉ. नीलकांत व कार्यालय अधीक्षक सुरेश शर्मा ने स्वयंसेवियों का उत्साहवर्धन किया। (अनंत ज्ञान)

# नाराज जेओए ने दिनभर घेरे रखा राज्य चयन आयोग

## रिजल्ट में देरी पर धरना-प्रदर्शन कर रहे थे अभ्यर्थी, कहा-बिना रिजल्ट घोषित करवाए नहीं जाएंगे

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



राज्य चयन आयोग के बाहर गेट पर प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थी।

रिजल्ट में देरी को लेकर राज्य चयन आयोग से नाराज जेओए पोस्टकार्ड 817 के अभ्यर्थियों ने शुक्रवार को दिनभर कार्यालय के गेट पर धरना प्रदर्शन किया। उनकी नाराजगी थी कि पिछले काफी समय से उनके रिजल्ट को लेकर बेवजह देरी की जा रही है।

बार-बार यही कहा जा रहा है कि दो-चार दिन में रिजल्ट घोषित कर दिया जाएगा लेकिन लगातार इसमें देरी जारी है। वे अब यहां से रिजल्ट घोषित करवाए बगैर लौटने वाले नहीं हैं। उन्होंने शाम तक आयोग के दफ्तर के बाहर डेरा डाला हुआ था।

**देरी हो रही रिजल्ट घोषित करने में :** शुक्रवार को विभिन्न जिलों से अभ्यर्थी चयन आयोग पहुंचे। यहां पहुंचकर जल्द परिणाम घोषित करने की उन्होंने मांग की, लेकिन उनकी बात भीतर से कोई सुनने वाला तो था, मगर उनके साथ यह वादा नहीं कर रहा था कि कब रिजल्ट घोषित किया जाएगा। इसी को लेकर अभ्यर्थी भड़के हुए थे। अभ्यर्थियों का कहना है कि हर बार परिणाम घोषित करने को लेकर नई तिथि बता दी जाती है। आयोग की तरफ से परिणाम घोषित करने की तिथि 17 जुलाई, 2024 बताई गई थी। निर्धारित समय अवधि में परिणाम घोषित न करने को लेकर अभ्यर्थी प्रदर्शन पर उतर आए हैं।

अभ्यर्थियों का कहना है कि जब तक परिणाम घोषित नहीं किया जाता, इनका दिन-रात प्रदर्शन जारी रहेगा। शनिवार के दिन भी काफी संख्या में अभ्यर्थी विरोध-प्रदर्शन करने के लिए राज्य चयन आयोग के बाहर पहुंचे। यहां पहुंचकर जल्द परिणाम घोषित करने की मांग उठाई गई। (अनंत ज्ञान)

### एक सप्ताह लगेगा रिजल्ट घोषित करने में : मुख्य प्रशासक



उधर, आयोग के मुख्य प्रशासक डॉक्टर आरके पूरूथी ने बताया कि कम स्टाफ के बावजूद पूरा अमला रिजल्ट घोषित करने के लिए जुटा हुआ है। इसकी स्क्रीनिंग की जा रही है। एक-एक चीज को देखा जा रहा है। कोई चूक न रह जाए। इसीलिए एक सप्ताह के भीतर यह रिजल्ट घोषित कर दिया जाएगा। शनिवार हो या रविवार, देर रात तक भी काम किया जा रहा है।

# सुपर हाईवे पर दो बाइकों में जोरदार टक्कर, एक सवार पीजीआई रेफर



सुलगवान के पास दो बाइकों में टक्कर होने के बाद दुर्घटनास्थल पर पड़ी बाइकें।

**एसके शर्मा, जाहू**

सुपरहाईवे जाहू-भोटा पर वीरवार रात 9 बजे के आसपास सुलगवान के पास दो बाइकों में जोरदार टक्कर होने से दोनों बाइक चालकों को गंभीर चोटें आई हैं। इनमें से एक बाइक सवार को पीजीआई रैफर कर दिया गया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार साहिल ठाकुर गांव बजौड़ जाहू से सुलगवान की तरफ आ रहा था, तो दूसरा नीरज कुमार गांव रखो तहसील सरकाघाट सुलगवान से जाहू की तरफ आ रहा था।

सुलगवान के पास दोनों बाइकों की टक्कर इतनी जोरदार थी कि आसपास के सभी लोग एकदम सड़क पर पहुंच गए। दोनों बाइक चालक बुरी तरह से घायल होकर सड़क पर पड़े हुए थे। लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी। जाहू पुलिस सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची और एंबुलैंस के द्वारा दोनों घायलों को भोरंज अस्पताल पहुंचाया गया।भोरंज अस्पताल से साहिल ठाकुर की को देखते हुए डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल हमीरपुर रैफर कर दिया, जहां से उसे पीजाआई चंडीगढ़ रैफर कर दिया गया। भोरंज एसएचओ योगराज ने बताया कि पुलिस दुर्घटना के कारणों की गहनता से छानबीन कर रही है। इनमें में से एक बाइक सवार अपनी दिशा को छोड़कर गलत दिशा में जा रहा था, जिसके खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। (अनंत ज्ञान)

### अवैध निर्माण पर 6 लोगों को नोटिस

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम के अंतर्गत आने वाले हमीरपुर शहर के आसपास के कुछ क्षेत्रों में अवैध निर्माण और नगर एवं ग्राम नियोजन (टीसीपी) विभाग के नियमों के उल्लंघन के मामलों का कड़ा संज्ञान लेते हुए टीसीपी विभाग ने कुल 6 लोगों को नोटिस जारी किए हैं।

मंडलीय नगर नियोजन कार्यालय हमीरपुर के योजना अधिकारी ने गांव लाहड़ और अणुकलां के 2-2 मामलों, बृजनगर वार्ड नंबर 5 और शिवनगर वार्ड नंबर 4 के एक-एक मामले में कुल 6 लोगों को नोटिस जारी करके 15 दिनों के भीतर अवैध निर्माण को हटाने तथा संबंधित जमीन पर पूर्व की स्थिति बहाल करने के निर्देश दिए हैं। ऐसा न करने पर संबंधित लोगों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश नगर एवं ग्राम नियोजन अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। (अनंत ज्ञान)

## सरकारी स्कूलों में कोताही बरत रहा क्लेरिकल स्टाफ, उच्च शिक्षा उपनिदेशक ने जारी किए पत्र

# उपनिदेशक के तीन स्कूलों के निरीक्षण में निकली कई कमियां

**अनिल कुमार, हमीरपुर**



बलडूक स्कूल में अनिल कौशल औचक निरीक्षण के दौरान रजिस्टर देखते हुए।

सरकारी स्कूलों में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान क्लेरिकल स्टाफ कोताही बरत रहा है। इसका खुलासा उच्च शिक्षा उपनिदेशक के औचक निरीक्षण के दौरान हुआ है। शुक्रवार को उच्च शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़ा, चौड़ू और बलडूक का औचक निरीक्षण किया। इन तीनों स्कूलों में विद्यालय के प्रति अपनाई जा रही व्यवस्थाओं में कमियां पाई गई हैं। इन कमियों को लेकर स्कूल के कर्मचारियों को पत्र जारी स्थिति स्पष्ट करने को कहा गया है।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़ा में रिकॉर्ड में कुछ कमी पाई गई, जिसे एक सप्ताह में दुरुस्त करने और रजिस्टर दिखाने के लिए आदेश दिए गए हैं, वहीं राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौड़ू में तैनात स्टाफ स्कूलों में खर्च किए जाने वाले फंड का रजिस्टर तक नहीं दिखा सके। इस निरीक्षण के दौरान पाया गया कि स्कूल में तैनात स्टाफ न तो वर्दी में आ रहा है और न ही समय पर स्कूल आ रहा है।

सभी स्कूलों में बायोमिट्रिक मशीनें स्थापित की गई हैं, लेकिन कई कर्मचारी हाजिरी लगाकर बाहर घूमने चले जा रहे हैं, जबकि उनकी ड्यूटी स्कूल में लगी हुई है।

इसी तरह राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बलडूक में चपड़ासी के अलावा सहायक नदारद मिला। उपनिदेशक ने स्कूल में कर्मचारी से पूछा तो पता चला कि स्कूल में तैनात सहायक हाजिरी लगाकर कहीं चले गए हैं और स्कूल महिला चपड़ासी के सहारे छोड़ दिया है। बलडूक स्कूल के ऑफिस में ऐसे हालात हैं कि सामान इधर-उधर बिखरा हुआ है और कंप्यूटर पर भी धूल जमी हुई है।

उपनिदेशक अनिल कौशल ने इन स्कूलों में अव्यवस्थाओं को लेकर कार्रवाई की है, जिसके तहत इन तीन स्कूलों को पत्र जारी कर दिया है व स्कूल में अपनाई जा रही अव्यवस्थाओं के बारे में जवाब मांगा है।

उच्च शिक्षा उपनिदेशक अनिल कौशल ने वीरवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या नादौन, खरवाड़, डिडवीं टिक्कर का भी औचक निरीक्षण किया है। उपनिदेशक ने सभी स्कूलों को सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए हैं। (अनंत ज्ञान)

### सरकारी स्कूलों में लगेगा हाजिरी का नया सिस्टम

सरकारी स्कूलों में शीघ्र ही बायोमीट्रिक मशीनें हटा दी जाएंगी, इसकी जगह नया सिस्टम लगाया जा रहा है। इसके तहत मोबाइल से ही टीचरों और कर्मचारियों की हाजिरी लगेगी। यदि टीचर 50 मीटर के दायरे से बाहर जाता है तो इस नए सिस्टम से पता चल जाएगा कि वह स्कूल से कितनी देर बाहर रहता है और कब स्कूल वापस आया। इस बारे में उपनिदेशक अनिल कौशल ने बताया कि सरकारी स्कूलों में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा शिक्षा पर लाखों रुपए खर्च किए जा रहे हैं, इसका सदुपयोग किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूलों में सफाई व्यवस्था और अन्य व्यवस्थाओं के प्रति लापरवाही सहन नहीं की जाएगी।

## रेलवे गेटमैन के लिए हमीरपुर में भूतपूर्व सैनिकों की भर्ती 27 को

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

भारतीय रेलवे के मुंबई, अहमदाबाद, भावनगर और राजकोट डिवीजनों में गेटमैन और गेटकीपरों के कुल 550 पदों के लिए चैकमेट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड 27 जुलाई को सुबह 10 बजे हमीरपुर के सैनिक विश्राम गृह में थल सेना के भूतपूर्व सैनिकों की भर्ती करेगी।

जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के उपनिदेशक स्क्वाड्रन लीडर मनोज राणा ने बताया कि इस भर्ती में 54 वर्ष तक की आयु के दसवीं पास भूतपूर्व सैनिक भाग ले सकते हैं। चयनित भूतपूर्व सैनिकों को 30 से 35 हजार रुपए तक वेतन और अन्य सुविधाएं मिलेंगी। भर्ती के इच्छुक भूतपूर्व सैनिक अपने साथ डिस्चार्ज बुक, पीपीओ, एक्स सर्विसमैन का पहचान पत्र, आधार कार्ड, पैन कार्ड, एसपी कार्यालय द्वारा जारी पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट, बैंक पासबुक या कैंसल्ड चेक, दसवीं कक्षा की अंक तालिका और 10 पासपोर्ट साइज फोटो अवश्य लाएं। उपनिदेशक ने बताया कि इन पदों के अलावा चेकमेट सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड गुजरात के मुख्य शहरों में सिविलियन सिक्योरिटी गार्ड के पदों के लिए भी भर्ती करेगी, जिनके लिए 19 से 35 वर्ष तक के दसवीं पास युवा पात्र होंगे। अभ्यर्थियों की लंबाई कम से कम पांच फुट छह इंच होनी चाहिए।

सिक्योरिटी गार्ड के पदों के लिए इच्छुक युवाओं को अपने साथ चार पासपोर्ट साइज फोटो, एसपी कार्यालय द्वारा जारी पुलिस वेरिफिकेशन रिपोर्ट, दसवीं की अंक तालिका की मूल प्रति, आधार कार्ड और इसकी फोटो प्रति, बैंक पासबुक और इसकी फोटो प्रति लानी होगी तथा प्रशिक्षण एवं प्रशासनिक शुल्क के रूप में 4000 रुपए की राशि जमा करवानी होगी। अधिक जानकारी के लिए जिला सैनिक कल्याण कार्यालय के दूरभाष नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

### हमीरपुर की बेटी ने इसराइल विवि से प्राप्त की डॉक्टरेट की उपाधि

**अनिल कुमार, हमीरपुर।** शहर के व्यवसायी अश्विनी शर्मा की पुत्री स्वाति शर्मा ने तेल अवीव विश्वविद्यालय इसराइल से न्यूरो बायोलॉजी में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। स्वाति शर्मा की प्रारंभिक शिक्षा हमीरपुर के सावित्री पब्लिक स्कूल एवं डीएवी स्कूल सलासी में हुई।



इसके बाद स्वाति शर्मा ने बीएससी एवं एमएससी की डिग्री पंजाब विश्वविद्यालय चंडीगढ़ से प्राप्त करने के पश्चात स्वाति शर्मा का चयन पीएचडी करने के लिए इसराइल विश्वविद्यालय तेल अवीव में हो गया। डिग्री पूरी होने पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों ने पीएचडी की उपाधि से सम्मानित भी किया। स्वाति शर्मा ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, परिवार व इसराइल विश्वविद्यालय के प्रोफेसर युयोव हैनिस को दिया है। (अनंत ज्ञान)

# आग से तीन कमरों का स्लेटनुमा मकान व गोशाला जलकर राख

**वाईके भारद्वाज, भरेड़ी**



आग बुझाते दमकलकर्मी व स्थानीय लोग।

उपमंडल भोरंज के अंतर्गत भुक्कड़ पंचायत के गांव बैरी भटां में सुबह करीब साढ़े 4 बजे एक तीन कमरों का स्लेटनुमा मकान व गोशाला जलकर राख हो गई। पंचायत भुक्कड़ के प्रधान किशोर चंद ने बताया कि गांव बैरी भटां के तीन भाइयों सुरेश कुमार, कमलेश कुमार व राकेश कुमार का पुराना रिहायशी मकान व गोशाला में सुबह करीब साढ़े 4 बजे अचानक आग लगने से सब कुछ जलकर राख हो गया है।

आग की घटना के कारण का पता नहीं चल सका है। उन्होंने बताया कि कमलेश कुमार का परिवार आईआरडीपी से सबंधित है। हालांकि परिजनों और ग्रामीणों ने आग बुझाने का प्रयास किया। आग लगते ही अग्निशमन विभाग भोरंज को भी सूचना दे दी गई थी, जब तक अग्निशमन विभाग पंहुचा तब तक मकान जलकर राख हो चुका था। अग्निशमन विभाग की टीम ने भी आग को बुझाने का प्रयास किया और आग पर काबू पा लिया, लेकिन फिर भी लाखों का नुकसान हो गया है।

आग की घटना से मकान के अंदर रखी इमारती लकड़ी, घास व सारा सामान जलकर राख हो गया है। गनीमत यह रही कि परिवार दूसरे मकानों में रह रहे थे व पशुओं को भी सही सलामत बाहर निकल लिया, नहीं तो बड़ा हदसा ही सकता था। उन्होंने बताया कि पटवारी हलका को मौका देखकर नुकसान का आकलन करने को कहा गया है ताकि पीड़ित परिवार को मुआवजा मिल सके।

उधर, इस बारे प्रधान किशोर चंद ने बताया कि परिवार का 4 लाख रुपए का नुकसान हुआ है। उन्होंने प्रशासन से शीघ्र मुआवजे देने की मांग की है। (अनंत ज्ञान)

# भाजपा को उपचुनाव में मुंह की खानी पड़ी : प्रेम कौशल

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**



प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते प्रेम कौशल।

हिमाचल कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता प्रेम कौशल ने कहा है कि राज्यसभा सांसद हर्ष महाजन को बीजेपी लीडरशिप ने दलबदलुओं की इंटरप्राइजेज लिमिटेड का सरदार बना दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष चिंतन बैठक में जिन मुद्दों पर चर्चा कर रहे हैं, ऐसा लगता है की प्रदेश में फिर से स्पष्ट जनादेश देने पर भी हिमाचल की जनता के रवैया को राजीव बिंदल समझ नहीं पाए हैं।

प्रदेश सरकार फिर 40 विधायकों वाली हो गई है, लेकिन चिंतन बैठक में राजीव बिंदल कह रहे हैं, कांग्रेस के जबड़े से खींच के ले आए जीत। हिमाचल में भाजपा को विधानसभा उपचुनाव में मुंह की खानी पड़ी है, फिर भी उसके नेताओं को तसल्ली नहीं हो रही।

शुक्रवार को यहां प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए प्रेम कौशल ने कहा कि षड्यंत्र के तहत भाजपा ने हर्ष महाजन के जरिए राजनीतिक दुकान चलाई जिसमें छह लोगों का उसमें कत्ल कर दिया गया।

भाजपा को कोई फायदा नहीं हुआ। कांग्रेस और मजबूत हुई भाजपा के नेता मुख्यमंत्री और कांग्रेस का विरोध करते-करते अब थक हार चुके हैं उनका चेहरा बेनकाब हो चुका है। भाजपा की लीडरशिप सावन के अंधेरे में है। यह नेता अहंकार में डूबे हुए हैं यदि यह स्थिति उसने नहीं बदली तो जनता उनकी बुरी हालत कर देगी। (अनंत ज्ञान)

**मुहिम** रैल में उद्यान प्रसार अधिकारी की देखरेख में लगाए जा रहे 250 पौधे

# बागवानों के घर-द्वार कर्मचारी लगवा रहे फलदार पौधे

**राज कुमार चौधरी, रंगस**





धमोटी गांव में गड्ढे करती महिला मजदूर। (दाएं) किसान को नींबू के पौधे उपलब्ध करवाते उद्यान प्रसार अधिकारी।

नादौन ब्लॉक में उद्यान विभाग ने इस बार बागवानों के घर-द्वार पहुंच कर फलदार पौधों को कैसे लगाना है, कितनी इनमें खाद डालनी है, कितना बड़ा गड्ढा करना है, की पूरी जानकारी देकर इन्हें लगवाने का भी बीड़ा उठाया है ताकि बागवानों के पौधे सही ढंग से लगें और समय पर फल दें ताकि इनकी आर्थिकी में भी बढ़ोतरी हो और पर्यावरण का भी सरंक्षण हो। पहले उद्यान विभाग केवल फलदार पौधे बागवानों को उपलब्ध करवाने तक ही सीमित रहता था। इसी के तहत रैल के पास धमोटी गांव में नींबू के 250 पौधे रंगस के उद्यान प्रसार अधिकारी संतोष कुमार की देख-रेख में लगवाए जा रहे हैं।

वहीं, रंगस के उद्यान प्रसार अधिकारी का कहना है कि विभिन्न किस्मों के फलदार पौधे रंगस स्थित उद्यान विभाग के कार्यालय में पहुंच गए हैं, बागवान वहां से इन्हें निर्धारित मूल्य चुका कर ले सकते हैं। बगीचा लगाने पर विभाग द्वारा सब्सिडी का भी प्रावधान है। अधिक जानकारी के लिए उनके मोबाइल नंबर 78078-14088 पर संपर्क किया जा सकता है।

**कैसे लगाएं पौधे बागवान :** बागवानों को पौधे लगाने के लिए पहले डेढ़ फुट चौड़ा और 2 फुट गहरा गड्ढा करना होगा। गड्ढा करते समय निकलने वाली ऊपरी सतह और नीचली सतह वाली मिट्टी को अलग-अलग रखना होगा।

फिर ऊपरी सतह वाली मिट्टी में गले-सड़े गोबर की खाद को अच्छी तरह मिक्स करना होगा। बागवान कच्चा गोबर पौधे लगाने के लिए कतई भी इस्तेमाल न करें। फिर पौधे को गड्ढे में लगाकर ऊपरी सतह वाली मिट्टी को पहले डालना है, उसके बाद निचली सतह वाली मिट्टी को डालना है। पौधे को केवल कलम प्वाइंट तक ही गड्ढे में दबाना है, बाकी हिस्सा बाहर रखना है। कई बार किसान कलम प्वाइंट को भी बीच में ही दबा देते हैं, जिस कारण पौधे की ग्रोथ ठीक नहीं होती है। (अनंत ज्ञान)

### कितने रुपए में मिलेगा कौन-कौन सा पौधा

**आम** में लंगड़ा, दशहरी, चौसा व अन्य 70 रुपए जबकि मल्लिका, दशहरी-51, अमरपाली और पूसा के पौधे 75 रुपए, करौंदे का 45 रुपए, लीची 70 रुपए, किन्नू, संतरा, मालटा व मौसमी का 60 रुपए, नींबू में बारह मासी और के. लाइम बरायटी के पौधे 55 रुपए, अमरूद, शहतूत, लौकाठ और बेर 60 रुपए, आंबला 60 रुपए, जैतून व पिस्ता का 50 रुपए, अखरोट 140 रुपए, बेल का 35 रुपए, कटहल 30-40, जामुन 30-35, ढेऊं 30-35 रुपए, पपीता 30-40 रुपए में उपलब्ध हैं।

# गलोड़ क्षेत्र के 200 किसानों को वितरित किए औषधीय पौधे

**अशोक कुमार, गलोड़**

औद्योनिकी एवं वानिकी महाविद्यालय नेरी के वानिकी विभाग द्वारा अनुसूचित जाति एवं जनजाति स्कीम के अंतर्गत आने वाले किसानों को औषधीय पौधे मुफ्त में वितरित किए गए। गलोड़ क्षेत्र की कश्मीर, लहड़ा, सरेड़ी व अन्य पंचायतों में विभिन्न प्रकार के इन औषधीय पौधों को किसानों को बांटा गया। इन पौधों में खैर, जामुन, हरड़, चंदन व बिल इत्यादि के पौधे बांटे गए और लोगों को अधिक से अधिक पौधे लगाने के लिए भी जागरूक किया गया।

इस मौके पर इस विभाग के प्रमुख एसडी शर्मा ने कहा कि प्रकृति को संभाल कर रखना हम सब की जिम्मेदारी है और अधिक से अधिक पौधे लगाकर हम अपनी इस जिम्मेदारी को बखूबी निभा सकते हैं, साथ ही पर्यावरण को संभाल कर रखने में हम सब अपना योगदान दे सकते हैं और इस तरह के औषधीय पौधे लगाकर हम आने वाली अपनी युवा पीढ़ी को विभिन्न बीमारियों से भी बचा सकते हैं। इस मौके पर पंचायत प्रधान राजेश कुमार शर्मा ने कहा कि इन पौधों को जरूर रोपित करें व उनकी देखभाल करना भी सुनिश्चित करें। इस पौधा वितरण कैंप में लगभग 200 किसानों को पौधे वितरित किए गए। (अनंत ज्ञान)



पौधे लेने वाले लोगों का पंजीकरण करते हुए अधिकारी

जंगली जानवर आपके शरीर को नुकसान पहुंचा सकता है, लेकिन बुरा मित्र आपकी बुद्धि को नुकसान पहुंचाता है। –महात्मा बुद्ध

## संपादकीय

# नकली क्रिप्टो करंसी का जाल

हिमाचल में बिछा नकली क्रिप्टो करंसी के धंधे का जाल कट जाने की उम्मीद बलवती हुई है। जालसाजों पर हिमाचल पुलिस का शिकंजा कसता जा रहा है। घोटाले के मास्टरमाइंड उत्तर प्रदेश के मेरठ के निवासी आरोपी 35 वर्षीय मिलन गर्ग को कोलकाता से गिरफ्तार करना बड़ी कामयाबी के रूप में देखा जा रहा है। मामले में अभी और भी गिरफ्तारियां होनी हैं। पुलिस ने कदमताल बढ़ा दी है। आरोपियों से गहन पूछताछ जारी है। गिरफ्तारी के डर से कई आरोपी अंडरग्राउंड हो गए हैं, जबकि कई एजेंटों ने लोगों को पैसे लौटाना शुरू कर दिए हैं। आरोपियों ने हिमाचल के अलावा पंजाब और हरियाणा के लोगों के साथ भी महाठगी की है। लोगों को चूना लगाकर मंडी, बिलासपुर, हमीरपुर, पंजाब, दिल्ली, चंडीगढ़ में जालसालों ने करोड़ों रुपए की संपत्तियां बना ली हैं। दूसरी ओर, क्रिप्टो करंसी ठगी मामले में एसआईटी ने शिमला हाईकोर्ट में 45 और लोगों के खिलाफ 3,100 पेजों की चार्जशीट दायर की है। इस मामले में अब तक 70 लोगों के खिलाफ चार्जशीट दायर हो चुकी है, लेकिन जांच की गति काफी धीमी है।

जालसाजों ने क्रिप्टो करंसी के नाम पर लोगों को करीब 2500 करोड़ रुपए का चूना लगाया है। नकली क्रिप्टो करंसी के जरिए महाठगी का यह खेल वर्ष 2018 से चल रहा था। जालसाजों ने शुरुआत में लोगों को निवेश के 11 महीने के बाद डबल पैसे दिए। देखादेखी में और भी लोग निवेश करने लगे, लेकिन जब लोगों को तीन साल बाद पैसे नहीं मिले तो उनकी परेशानी बढ़ गई। इसके बाद पीड़ित पुलिस में शिकायतें करने लगे। जब आपके साथ कोई अपराध होता है या आप किसी धोखाधड़ी या ठगी का शिकार होते हैं तो आप क्या करते हैं? जाहिर है आप सीधे पुलिस के पास जाते हैं और अपनी शिकायत दर्ज कराते हैं, लेकिन अगर पुलिस के साथ ही ठगी हो जाए तो आप क्या कहेंगे? हिमाचल में नकली क्रिप्टो करंसी का धंधा इस कदर फैल चुका था कि एक हजार से ज्यादा पुलिस कर्मचारी भी ठगों के झांसे में आ गए और करोड़ों रुपए की धोखाधड़ी के शिकार हो गए। जालसाजों ने नेटवर्क इतना तगड़ा बना लिया था कि क्रिप्टो करंसी धोखाधड़ी में हिमाचल के कम से कम एक लाख लोगों के साथ धोखा हो गया। वह आज भी अपने खोए हुए पैसे को पाने की चाह पाले हुए हैं। हिमाचल में निवेशकों को आकर्षित करने के लिए घोटालेबाजों ने दो क्रिप्टो करंसी लॉन्च कीं थी। एक थी 'कोरवियो कॉइन' और दूसरी 'डीजीटी कॉइन'। इन डिजिटल मुद्राओं की कीमतों में हेरफेर करके नकली वेबसाइटें बनाई गई थी। दरअसल, क्रिप्टो करंसी एक डिजिटल मुद्रा है, जिसे ब्लॉकचेन-आधारित कंप्यूटर नेटवर्क और विनिमय के माध्यम से काम करने के लिए डिजाइन किया गया है। शातिर इतने चालाक थे कि उन्होंने क्रिप्टो करंसी के अलावा अन्य जमा योजनाएं भी चलाईं। 90,000 रुपए की जमा राशि पर 10 प्रतिशत मासिक रिटर्न दिया जा रहा था। बस इन्हीं लालचों की वजह से लोग रातों रात अमीर बनने के चक्कर में अपनी पूंजी गंवाते रहे और जालसाज अपना पैसा बनाकर विदेश भाग गए। घोटालेबाज उच्च रिटर्न का वादा करते हैं और वे बड़ी चालाकी से नए निवेशकों के पैसे का उपयोग पुराने निवेशकों को भुगतान करने के लिए करते रहते हैं।

घोटालेबाज कीमतें बढ़ाते हैं, फिर बेचते हैं, जिससे कीमतें गिर जाती हैं और निवेशकों को नुकसान होता है। यही नहीं, फंड या व्यक्तिगत डेटा चुराकर फर्जी एक्सचेंज स्थापित करते हैं। नकली क्रिप्टो करंसी व्यवसायों से बचने के लिए पहले जांच पड़ताल करें। कंपनी की वैधता, टीम और साख को सत्यापित करें। निवेश से पहले नियमों की जांच करें और यह सुनिश्चित करें कि कंपनी प्रासंगिक नियमों का अनुपालन करती है या नहीं। लेनदेन की निगरानी करते रहें। नियमित रूप से अपने खातों और लेनदेन की जांच करना बेहद जरूरी है।

व्यक्तिगत जानकारी कभी भी साझा न करें। याद रखें, क्रिप्टो करंसी निवेश में जोखिम होता है। हमेशा सावधानी और गहन शोध को प्राथमिकता दें। यदि आप अनिश्चित हैं, तो किसी वित्तीय सलाहकार या कानूनी विशेषज्ञ से परामर्श जरूर लें। जनता यह भी ध्यान में रखे कि यदि कोई योजना 12 प्रतिशत से अधिक वार्षिक रिटर्न का वादा करती है, तो सावधान रहे। ठगी से बचने के लिए सतर्कता जरूरी है तथा सावधानी बरतने में ही भलाई है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### हिंदी फिल्मों के सदाबहार अभिनेता

**राजेंद्र कुमार** भारतीय फिल्म अभिनेता थे। वह 1960 और 1970 के दशक में फिल्मों में सक्रिय थे। उन्होंने फिल्मों में अभिनय करने के अलावा कई फिल्मों का निर्माण और निर्देशन भी किया था। हिंदी फिल्मों में अपने सफल अभिनय और बेमिसाल अदाकारी की वजह से राजेंद्र कुमार ने जो स्थान बनाया है, वहां तक पहुंचना हर अभिनेता का सपना होता है। राजेंद्र कुमार की हर फ़िल्म इतनी हिट होती थी कि वह कई सालों तक बेहतरीन बिजनेस किया करती थी और यही वजह थी कि लोग उन्हें 'जुबली कुमार' के नाम से पुकारते थे। अपने रोमांटिक व्यक्तित्व की उन्होंने सिनेमा जगत में ऐसी छटा बिखेरी की, उनकी फिल्में एक यादगार बन गईं। फिल्म 'आरजू' हो या 'आई मिलन की बेला' हर फिल्म में राजेंद्र कुमार का एक अलग ही स्वरूप दर्शकों ने देखा। पश्चिम पंजाब के सियालकोट में 20 जुलाई, 1929 को जन्मे राजेंद्र कुमार बचपन से ही अभिनेता बनने की चाह रखते थे। 21 साल की उम्र में ही उन्हें फिल्मों में काम करने का पहला मौका मिला। एक अभिनेता के तौर पर पहली बार उन्हें दिलीप कुमार अभिनीत फिल्म 'जोगन' में एक छोटा-सा किरदार निभाने को मिला था। यहीं से वह लगातार सफलता प्राप्त करते गए। वर्ष 1957 में प्रदर्शित महबूब खान की फिल्म 'मदर इंडिया' में राजेंद्र कुमार ने जो अभिनय किया, उसे देख आज भी लोग प्रफुल्लित हो उठते हैं। 'मदर इंडिया' के बाद राजेंद्र कुमार ने 'धूल का फूल', 'मेरे महबूब', 'आई मिलन की बेला', 'संगम', 'आरजू', 'सूरज' आदि जैसे सफल फिल्मों में काम किया। 1969 में उन्हें 'पद्मश्री' से सम्मानित किया गया। हिन्दी फिल्म 'कानून' और गुजराती फिल्म 'मेंहदी रंग लाग्यो' के लिए उन्हें पं. जवाहरलाल नेहरू ने राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। ■



राजेंद्र कुमार
**जन्म :** 20 जुलाई, 1929
**मृत्यु :** 12 जुलाई, 1999

## अपनी बात

**हिमाचल** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में अगले साल से पांचवीं कक्षा तक इंग्लिश मीडियम लागू होने जा रहा है। निश्चित रूप से सरकार का यह ऐतिहासिक फैसला काबिलेतारीफ है, क्योंकि स्टूडेंट्स की ओवरऑल डेवलपमेंट के लिए यह बेहद जरूरी है और वैसे भी अंग्रेजी आजकल स्टेटस सिंबल बन चुका है। अंग्रेजी के बिना किसी कंपटीशन को क्वालीफाई करना आसान नहीं होता है। खुशी की बात यह है कि नए सत्र के लिए इंग्लिश मीडियम की पुस्तकों की छपाई शुरू हो गई है, यानी तैयारी पूरी है। प्रदेश के 10,300 प्राइमरी स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 से नई व्यवस्था के लागू होने के बाद हिंदी माध्यम में पढ़ाई बंद हो जाएगी। सरकारी स्कूलों में अंग्रेजी में पढ़ाई होने से जहां निजी स्कूलों का वर्चस्व खत्म होगा और उनकी लूट खसोट बंद होगी तो वहीं, सरकारी स्कूलों में बच्चों की तादाद भी बढ़ेगी। –**हरि राम, योल**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# बेहतरीन रहे जीएसटी के सात वर्ष, उत्सव मनाने के लिए बहुत कुछ

सात एक विशेष संख्या है। चाहे गणित (अभाज्य संख्याएं और संख्या सिद्धांत), संगीत (सात संगीतमय स्वर), खगोल विज्ञान (चंद्र चरण में दिन) या पौराणिक कथा (सप्त चक्र, सप्त समुद्र या सप्त ऋषि) हो, सात का चक्र हमारे चारों ओर निरंतर मौजूद है। इसलिए यह प्रयास उचित है कि इस महीने वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) के सात साल पूरे होने पर, हम इस बात की जांच करने के लिए कुछ समय निकालें कि स्वतंत्रता के बाद के सबसे बड़े कर सुधार, जीएसटी, जिसे 1 जुलाई, 2017 की मध्य रात्रि को लागू किया गया था, का प्रदर्शन कैसा रहा है। तब से, जीएसटी ने बड़े पैमाने पर अकादमिक ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया है।

अनुपालन के सरलीकरण, लॉजिस्टिक्स में सुधार से लेकर मजबूत राजस्व संग्रह तक के प्रत्येक आयाम की विस्तार से जांच की गई है। जीएसटी के विषय से जुड़े कई दृष्टिकोणों में से एक है- जीएसटी के राजस्व प्रदर्शन पर हाल में हुई चर्चा जो अन्य बातों के साथ-साथ यह दर्शाती है कि सकल राजस्व संग्रह में तेज वृद्धि दर्ज की जा रही है, लेकिन इस वृद्धि के अनुरूप शुद्ध राजस्व नहीं बढ़ा है। शुद्ध राजस्व हाल ही में जीएसटी-पूर्व स्तरों पर पहुंच पाया है। शुद्ध संग्रह में इस गिरावट को कुछ चिंता के साथ देखा जा रहा है। इसके अलावा, विशेष रूप से धन वापसी (रिफंड) के साथ डेटा की उपलब्धता की कमी तथा जीएसटी परिषद के कामकाज पर भी कुछ चिंताएं व्यक्त की गई हैं। आइए राजस्व प्रदर्शन से शुरू करते हुए इनमें से प्रत्येक बिंदु पर गहराई से विचार करें। खुशी की बात है कि शुद्ध राजस्व संग्रह लगातार बढ़ रहा है और जीएसटी लागू होने के बाद इसकी वृद्धि की गति बढ़ी है। दूसरा, जीएसटी शुरू होने के बाद की अवधि में शुद्ध राजस्व की वर्ष-दर-वर्ष आधार पर होने वाली वृद्धि (जीएसटी के शुरू होने से पहले की अवधि में 11.81 प्रतिशत की तुलना में) औसतन 12.76 प्रतिशत रही। यह उपलब्धि महामारी के बाहरी झटके के बावजूद है। तीसरा, हम यह देख सकते हैं कि शुद्ध राजस्व वृद्धि ने लगातार सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि की तुलना में बेहतर प्रदर्शन किया है। यह नई कर व्यवस्था की प्रणालीगत दक्षताओं को दर्शाता है।



लेखक : देवी प्रसाद मिश्रा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

राजस्व संग्रह कर दरों का एक फलन होता है। यहां संदर्भ के लिए, हम इस तथ्य को याद कर सकते हैं कि कर संग्रह संबंधी दक्षता में सुधार के साथ-साथ कर दरों में उल्लेखनीय कमी आई थी। जीएसटी की शुरुआत से पहले, जीएसटी के लिए राजस्व निरपेक्ष दर (आरएनआर) से संबंधित समिति ने 15-15.5 प्रतिशत की दर की सिफारिश की थी। इसके ठीक उलट जीएसटी की शुरुआत के समय इसकी प्रभावी दर 14.4 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया गया था। बाद में सितंबर 2019 में इसे घटाकर 11.6 प्रतिशत कर दिया गया और मार्च, 20238 में यह 12.2 प्रतिशत हो गया। राजस्व के संदर्भ में, इसे अर्थव्यवस्था के लिए पिछले साल ही 4.3 लाख करोड़ रुपए से अधिक की बचत (प्रोत्साहन) के रूप में निरूपित किया जा सकता है।

यह ध्यान रखना दिलचस्प है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर की तुलना में भारत की जीएसटी दरें दुनिया में सबसे कम हैं। एक उठता हुआ ज्वार सभी नावों को ऊपर उठा देता है। राजस्व में वृद्धि एक बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था का स्वाभाविक परिणाम होता है, हालांकि सकल घरेलू उत्पाद में होने वाली वृद्धि के ऊपर राजस्व संग्रह में होने वाली वृद्धि (या उछाल) एक कर प्रणाली की प्रणालीगत दक्षता की असली परीक्षा होती है। इस मामले में, जीएसटी की शुरुआत के बाद से पहले पांच वर्षों के दौरान, सकल घरेलू उत्पाद (मौजूदा कीमतों पर) के मुकाबले शुद्ध राजस्व उछाल 1.02 था, जबकि जीएसटी के बाद के सात वर्षों के दौरान यह 1.28 था। यह जीएसटी द्वारा संभव बनाई गई संग्रह संबंधी क्षमता का एक प्रमाण है। निस्संदेह, मासिक आधार पर जारी किए गए राजस्व के आंकड़ों में आमतौर पर सकल संग्रह के आंकड़े शामिल होते हैं। शुद्ध आंकड़े केवल फरवरी, 2024 से प्रकाशित किए गए हैं। हालांकि, जीएसटी की शुरुआत के बाद से प्रत्येक वर्ष की वार्षिक सांख्यिकीय रिपोर्ट प्रकाशित की गई है और सार्वजनिक रूप से रखी गई है। इन रिपोर्टों में निर्यात के कारण किए जाने वाले जीएसटी रिफंड से संबंधित महीने-वार विवरण शामिल हैं। इसलिए रिफंड संबंधी आंकड़ों की सार्वजनिक दृश्यता, थोड़े अंतराल पर ही सही, बनी हुई है।

हम, बिना किसी आधार के, इस दावे की जांच करने के लिए आगे बढ़ते हैं कि जीएसटी परिषद में केंद्र का 'प्रभुत्व' है। जीएसटी की शुरुआत के साथ, केंद्र और राज्यों ने नए कर के प्रशासन से संबंधित मामलों में, खासतौर पर नीति निर्माण, दरों के निर्धारण, कानूनों/नियमों का मसौदा तैयार करने, अनुपालनों के समन्वय आदि जैसे क्षेत्रों में अपनी संप्रभुता को एकाकार किया। कभी-कभी इसे राज्यों की शक्तियों पर प्रतिबंध के रूप में उद्धृत किया जाता है। हालांकि, यह केंद्र सरकार के लिए भी समान रूप से एक 'प्रतिबंध' है। जीएसटी परिषद ने अपनी समितियों के समर्थन से कई जटिल मुद्दों पर विचार किया है और वह कई ऐसी सिफारिशें लेकर आगे आई है, जिससे कानून के प्रशासन में एकरूपता और दरों की संरचना में स्थिरता आई है। यह सहकारी संघवाद की भावना का एक प्रमाण है। जीएसटी परिषद के सभी निर्णय सर्वसम्मति से लिए गए हैं।

इसके अलावा, अनुपालनों को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सभी त्रुटियों को दूर करने या छूट को तर्कसंगत बनाने के परिषद के सभी निर्णयों से केंद्र और राज्यों को समान रूप से लाभ पहुंचा है। उपरोक्त चर्चा से, तीन बिंदु उभर कर सामने आते हैं- सबसे पहले जीएसटी की संग्रह संबंधी क्षमताएं स्पष्ट, सुसंगत एवं प्रारंभिक हैं और मुख्य रूप से अंतर्जात कारकों के कारण हैं। यही बात रिफंड के शुद्ध राजस्व संग्रह को देखने के समय भी लागू होती है। तीसरा, जीएसटी ने अपेक्षाकृत कम कर दरों और बाहरी झटकों के बावजूद राजस्व में लगातार वृद्धि की है। जैसे-जैसे जीएसटी अपने प्रगति के अगले चरण में प्रवेश कर रहा है, ऐसे कई क्षेत्र हैं जिन पर ध्यान देने की आवश्यकता होगी। उदाहरण के लिए दर संरचना का सरलीकरण, जीएसटी के दायरे से बाहर रह गई वस्तुओं को शामिल करना और साथ ही एक कुशल अपीलीय तंत्र जैसे प्रशासनिक मुद्दे। हालांकि अब जबकि जीएसटी के सात वर्ष पूरे हो गए हैं, उत्सव मनाने के लिए काफी कुछ है।


**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

## नजरिया

# धर्म छुपाकर व्यापार करने वालों पर सरकार सख्त

सावन का महीना शुरू हो गया है। इस महीने शिव भक्त कांवड़ प्रदेश की प्रसिद्ध नदियों का जल लेकर अपने क्षेत्रीय शिवालयों में चढ़ाने के लिए निकल पड़े हैं। कांवड़ यात्रा के दौरान ऐसे दुकानदारों के खिलाफ उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने फरमान जारी कर कहा है कि कोई भी दुकानदार अपना धर्म और नाम छुपाकर व्यापार नहीं करेगा।

सरकार ने सभी जिला प्रशासनों से इस बात का ध्यान रखने के निर्देश दिए है कि कांवड़ यात्रा के रास्ते में पड़ने वाली दुकानों के मालिक दुकान पर अपने नाम का बोर्ड जरूर लगाएं, लेकिन योगी सरकार के इस निर्देश पर सियासी बवाल शुरू हो गया है। खैर, योगी सरकार के आदेशानुसार सभी दुकानदारों को अपनी दुकान पर नाम का बोर्ड लगाने को कहा गया है। उधर, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के कई जिलों जैसे मुजफ्फरनगर,मेरठ, बिजनौर आदि में कांवड़ यात्रा के रास्ते पर पड़ने वाले बहुत से मुस्लिम दुकानदारों ने बोर्ड लगाने शुरू कर दिए हैं। योगी सरकार इस फैसले पर कांग्रेस एवं सपा, बसपा की तो कोई प्रतिक्रिया नहीं है, लेकिन यूपी की सरहद से दूर बैठे असदुद्दीन ओवैसी से लेकर टीएमसी सांसद महुआ मोईत्रा तक ने योगी सरकार को घेरा है।



लेखक : अजय कुमार
वरिष्ठ पत्रकार


वहीं, मुजफ्फरनगर के एसएसपी का कहना है कि यात्रा के दौरान किसी विवाद से बचने के लिए दुकानदारों से अपना नाम डिस्प्ले बोर्ड पर लिखे जाने से संबंधित फैसला लिया गया है। यूपी के मुजफ्फरनगर में कांवड़ यात्रा के रास्ते में तमाम मुस्लिमों की दुकानें भी पड़ती हैं, जो फल, चाय एवं अन्य खाद्य सामग्री बेचते हैं। पुलिस यात्रा के बंदोबस्त में लगी है और उन्हीं में से एक इंतजाम यह भी है कि सभी मुस्लिम दुकानदारों को अपनी पहचान बताते हुए कारोबार करना होगा।

बता दें कि हिंदू संगठन बार-बार यह आरोप लगा रहे थे कि मुस्लिम दुकानदार अपनी पहचान छिपाकर कारोबार कर रहे हैं। उनके मुताबिक कांवड़ियों के लिए यह जरूरी है कि वे जहां से सामान खरीदें उसका धर्म भी जान लें। कैमरे के सामने तकरीबन सभी दुकानदारों ने प्रशासन के फैसले को सही बताया। उनका कहना है कि रोजी-रोटी देने वाला अल्लाह है, इसलिए इस फैसले से कोई फर्क नहीं पड़ता। बहरहाल, यह बात अल्लाह को मानने वाले समझ रहे है तो इसमें किसी को ऐतराज नहीं होगा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

कविता

## मैं राहु हूं



डॉ.राजीव डोगरा
गांव जनयानकड़

*राहु हूं नई राह दिखाता हूं,*
*पथ पर अग्रसर कर,*
*अपार सफलता दिलवाता हूं।*
*कर्म बुरे करते तो,*
*रोग, शत्रुता और ऋण बढ़ाता हूं।*
*शुभ कर्मों पर,*
*धनार्जन के नए मौके दिखलाता हूं।*
*शुक्र, शनि, बुध मित्रों संग,*
*मिलकर राज पाठ का,*
*अधिकारी भी बनाता हूं।*
*18 साल की महादशा में,*
*सब के रंग दिखलाता हूं।*
*तभी तो अपने रंग में,*
*रंगा रह कर कैपुट कहलाता हूं।*
*जपता जो नाम मेरी महादशा में,*
*उसके बिगड़े हर काम बनाता हूं।*

# बुद्धिमत्ता के खेल 'शतरंज' में नंबर वन बनने की ओर अग्रसर भारत

**विश्व शतरंज दिवस पर विशेष**

शतरंज प्रेमियों के लिए आज का दिवस विश्व भर में विशेष है । वैसे तो वर्ष का हर दिन महत्वपूर्ण होता है, परंतु कुछ दिन विशेष प्रायोजन हेतु समर्पित व आयोजित किए जाते हैं। जैसे यूनेस्को द्वारा वर्ष 1966 से व बाद में विश्व शतरंज संस्था द्वारा 20 जुलाई को हर वर्ष विश्व शतरंज दिवस के रूप में मनाया जाता है। वर्तमान में 201 से अधिक देशों ने अपनी राष्ट्रीय शतरंज संस्थाएं बना ली हैं। दुनिया भर में 605 मिलियन अर्थात लगभग 50 करोड़ से ज्यादा वयस्क नियमित रूप से शतरंज खेलते हैं। यह आंकड़ा शतरंज की लोकप्रियता का प्रमाण है।

मूलत: भारत से जिस खेल का प्रादुर्भाव हुआ, जो शुरुआत में शाही खेल हुआ करता था। राजा-महाराजा जिस दिमागी खेल से आपस में कई निर्णय कर लिया करते थे, आज पूरे विश्व में ख्याति प्राप्त खेल बन चुका है । विश्व के लगभग सभी देशों में आज यह खेल प्रचलित है। भारत ने शतरंज ओलंपियाड का सफल आयोजन करके विश्व जगत को अपनी काबिलियत का परिचय दे दिया है और आने वाले समय में बड़े आयोजन करवाने का मौका पुन: मिल सकता है। भारत में शतरंज खेल को बढ़ावा देने में आखिल भारतीय शतरंज संघ का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। इतिहास के मुताबिक में ओलंपिक खेलों का आयोजन 1200 साल पूर्व योद्धा खिलाड़ियों के बीच हुआ था , हालांकि ओलंपिक का पहला आधिकारिक आयोजन 776 ईस्वीं पूर्व ओलंपिया स्टेडियम में हुआ था। तत्पश्चात ओलंपिक खेल आज तक जारी है, मगर शतरंज खेल अभी तक ओलंपिक खेलों का हिस्सा नहीं बन पाया। विश्व खेल शतरंज संघों को इस बारे में सोचना बाकी है। इस बार विश्व शतरंज संस्था द्वारा 20 जुलाई को, यह दिवस ' 101 वें विश्व शतरंज दिवस' के रूप में मनाया जा रहा है।

खेलकूद लोगों के मनोरंजन का प्रमुख एवं परंपरागत साधन है व इसका आयोजन प्राचीन काल से ही होता आया है। समय-समय पर इसके प्रारूप में परिवर्तन होता रहा है। खेलकूद प्राचीन समय में भी होती थी, लेकिन वे खेल शारीरिक गतिविधियों वाले होते थे। वर्तमान युग में शारीरिक श्रम का महत्व कम होता जा रहा है और लोगों को शारीरिक व मानसिक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, ऐसे में खेलों की प्रासंगिकता और भी बढ़ जाती है। बाल्यकाल से ही खेलों को जीवन का अभिन्न अंग बनाया जा रहा है। विकसित देशों में तो 2-3 साल की उम्र से ही बच्चों को उनकी रुचि के खेल में पारंगत किया जा रहा है, ताकि बेहतर परिणाम आ सके। वर्तमान में दिमागी संवर्धन के खेल की उपयोगिता व लोकप्रियता किसी से छुपी नहीं है और हमारे देश के युवा गुकेश, प्रज्ञानन्धा, अर्जुन इरीगासी व निहाल सरीन जैसे युवा, अपना परचम विश्व शतरंज में लहरा रहे हैं।



लेखक : हंसराज ठाकुर
लेक्चरर फिजिक्स, सुंदरनगर

विश्व स्तर पर नियमों में एकरूपता लाने हेतु अंतराष्ट्रीय स्तर पर 'विश्व शतरंज संघ' यानी वर्ल्ड चेस फेडरेशन की स्थापना 20 जुलाई, 1924 को की गई। यह संस्था दुनिया भर के राष्ट्रीय शतरंज संघों को निर्देशित करती है व निकाय के रूप में कार्य करती है। समय-समय पर शतरंज खेल नियमों में आवश्यक संशोधन होते रहते हैं व प्रत्येक वर्ष 1 जुलाई से प्रभावी माने जाते हैं। इस वर्ष जुलाई 2024 तक विश्व में 2000 ग्रांडमास्टर बन चुके हैं, जिसमें रूस अग्रणी है। आज विश्व में नॉर्वे का खिलाड़ी मेगनस कार्लसन क्लासिकल-2832, रैपिड-2827 व ब्लीट्ज-2888 रेटिंग के साथ विश्व का नंबर एक चेस प्लेयर है, मैगनस कार्लसन के विश्व चैंपियनशिप में स्वेछा से न खेलने के कारण वर्तमान में डींग लीरेंन-नेपोमिनियची को हराकर विश्व शतरंज चैंपियन बने। भारत के युवा गुकेश ने इतिहास रचते हुए, विश्व कैंडिडेट प्रतियोगिता जीतकर डींग लिरेन को विश्व शतरंज खिताब के लिए सितंबर-अक्तूबर 2024 में चुनौती पेश करेंगे। विश्व के शीर्ष 10 ग्रांडमास्टर खिलाड़ियों में भारत के अर्जुन एरिगासी चौथे, दोम्माराजू गुकेश सातवें, आर. प्रगनानंधा नौवें स्थान पर विराज हैं। विश्वनाथन आनंद 2754 रेटिंग के साथ विश्व नंबर 11 पर विराजमान हैं। आनंद शतरंज खेल के विभिन्न प्रारूपों में पांच बार वर्ल्ड चैंपियन रहे हैं, जबकि मेगनस भी पांच बार वर्ल्ड चैंपियन बन चुके हैं।

भारतीय मूल के अभिमन्यु मिश्रा ने सरगई कर्जाकिन का 12 वर्ष 7 महीने की उम्र में ग्रांडमास्टर बनने का विश्व रिकॉर्ड 12 वर्ष 4 महीने व 25 दिन की अवधि में ग्रांडमास्टर बनकर तोड़ दिया। आनंद के पद चिन्हों पर चलते हुए भारतीय युवा शतरंज में अपनी बादशाहत विश्व स्तर पर कायम कर रहे हैं। ग्रांडमास्टर इस खेल का सबसे बड़ा नोर्म है, जिसके लिए पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों को 2500 की ईएलओ रेटिंग प्राप्त करनी पड़ती है। भारत के 85वें ग्रांडमास्टर 12 साल के इंतजार के बाद पी श्याम निखिल बने। जुलाई 2024 तक भारत में 85 ग्रांडमास्टर, 124 इंटरनेशनल मास्टर, 23 महिला ग्रांडमास्टर, 42 महिला इंटरनेशनल मास्टर व कुल 65000 से अधिक अंतरराष्ट्रीय रेटिड खिलाड़ी बन चुके हैं तथा रेटिड खिलाड़ियों के मामले में भारत रूस के बाद दूसरे नंबर पर है।

सबसे ज्यादा शतरंज खेलने में संख्या के हिसाब से रूस का दबदबा है जहां 243 ग्रांडमास्टर हैं जो लगभग 143 देशों के ग्रांडमास्टरों की संख्या से अधिक है। रूस के 2559 खिलाड़ी विभिन्न प्रतियोगिताओं में खिताब जीत चुके हैं। जब विश्व में कोरोना की वजह से जहां खेलों सहित सब कुछ थम सा गया था। वहीं शतरंज खेल ऑनलाइन माध्यम से विश्व ,देश ,प्रदेश व जिला स्तर निर्बाध रूप से जारी रहा। जिसमें हिमाचल जैसा छोटा पहाड़ी राज्य भी पीछे नहीं रहा।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# आखिर ताश के पत्तों की तरह क्यों बिखरते जा रहे हैं रिश्ते

समाज में गत वर्षों से कुछ इस प्रकार की समस्याएं एवं चुनौतियां देखने एवं सुनने को मिलती है, जहां कहीं न कहीं पारिवारिक रिश्तों में एक बड़ी खाई पैदा होती जा रही है, नतीजे यह हो रहे हैं कि पारिवारिक रिश्ते मानो ताश के पत्तों की तरह ढह रहे हो, जिन रिश्तों के टूटने के अनेक कारण देखने को मिलते हैं, आधुनिकता के जिस दौर में हम प्रवेश कर चुके हैं, वहां कहीं न कहीं रिश्तों-नातों के लिए हमारे पास समय का भी अभाव देखने को मिलता है, तो वहीं दूसरी ओर जहां पूर्व के दशकों में पति-पत्नी में आपसी प्रेम प्यार और विश्वास देखने को मिलता था।

वर्तमान में वह कहीं न कहीं कम होता जा रहा है, वर्तमान में जैसे-जैसे शिक्षा का भी स्तर बढ़ता जा रहा है, वैसे ही अनेक क्षेत्रों में मानो रिश्तों-नातों में मानो जैसे वर्चस्व की लड़ाई शुरू हो गई हो, जिसमें एक दूसरे के प्रति मान-सम्मान और अहमियत भी कम देखने को मिलती है। जबकि होना यह चाहिए कि जितना हमारा शिक्षा का स्तर अधिक होगा, उतनी ही हमारी सोच और आपसी रिश्तों में विश्वास अधिक होना चाहिए, ताकि यह विश्वास ताउम्र बना रहे। जैसा कि हम सभी को मालूम है कि हमारे क्षेत्र, समाज में समय-समय पर शिक्षित और जागरूक नव दांपत्य के द्वारा भी कुछ ही वर्षों में रिश्ते टूटते नजर आते हैं, जिन्होंने वैवाहिक जीवन में कुछ ही वर्ष या फिर माह व्यतीत किए हैं, जिन रिश्तों के टूटने से क्षेत्र, समाज में एक नकारात्मक संदेश भी जाता है, तो वहीं अनेक प्रकार की चर्चाएं एवं आरोप-प्रत्यारोप एक दूसरे पर लगाए जाते हैं।

आज के परिप्रेक्ष्य में जहां पति-पत्नी अपने-अपने पेरों पर खड़े हैं, अर्थात आर्थिक रूप से सक्षम है, वहां पर एक दूसरे को समझने एवं विश्वास की बहुत जरूरत आज के परिप्रेक्ष्य में नजर आती है, क्योंकि वर्तमान में अधिकांश रिश्ते वही टूटते नजर आते हैं, जहां पति-पत्नी आत्मनिर्भर एवं संपन्न नजर आते हैं, परंतु वहां पर इन सभी बातों की कमी जरूर देखने को मिलती है तो वहीं एक सबसे बड़ा कारण यह भी देखने को मिलता है कि पति आत्मनिर्भर होने के बावजूद गलत आदतों का शिकार हो जाता है, जैसे शराब पीने, जुआ खेलने, या अन्य गलत रास्तों में जाने के कारण भी पति-पत्नियों के रिश्ते बिखर रहे हैं, क्योंकि वर्तमान में वह समय आ चुका है कि किसी भी व्यक्ति में सहनशीलता की सीमा अधिक समय तक की नहीं रह गई है, क्योंकि पूर्व के दशकों में पति-पत्नी न चाहकर भी रिश्तों को कहीं न कहीं उम्रभर तक भी झेल लेते थे, परंतु आज यह स्थिति बिलकुल भिन्न हो चुकी है, जहां एक दूसरे के प्रति आत्म-सम्मान और अपने अधिकारों के मूल्यों की अच्छी समझ भी देखने को मिलती है। हैरानी इस बात की भी है कि अनेक क्षेत्रों में ऐसे अनेक पति-पत्नी रहे हैं जो दोनों अच्छे खासे उच्च पदों पर आसीन हैं, परंतु वह कहीं न कहीं या तो रिश्तों को निभाने में कामयाब नहीं हो पा रहे हैं या फिर कुछ ही वर्षों में रिश्ते टूटकर विखर रहे हैं।



लेखक : हेमराज राणा
स्वतंत्र लेखक, सिरमौर

इनके रिश्तों के टूटने से सबसे ज्यादा प्रभावित अगर कोई होता है तो वह है उन तमाम पति-पत्नियों के नन्हे मुन्ने बच्चे, जिनको इन सभी रिश्तों-नातों और टूटते रिश्तों के कारण की कोई परख या जानकारी नहीं होती है, जिनको ताउम्र न जाने माता-पिता के किस किस प्रकार की समस्याओं एवं चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। तो वहीं अनेक क्षेत्रों में पति-पत्नी के तलाक की भी अनेक खबरें मानो आज के परिप्रेक्ष्य में आम हो चुकी है। आज कहीं न कहीं हमें इस गंभीर चुनौती एवं समस्या को गंभीरता से लेने की परम आवश्यकता है, अन्यथा यह समस्या आने वाले भविष्य में और अधिक विकराल रूप धारण करेगी, इस प्रकार टूटते रिश्तों के जाल में हर वर्ग के व्यक्ति शामिल हैं, जिसमें, राजनेता, अभिनेता, अधिकारी, कर्मचारी, व्यवसायी, इत्यादि विभिन्न क्षेत्रों के लोग शामिल हैं। इसलिए आज हम सभी को एक दूसरे के प्रति रिश्तों की अहमियत और महत्वत्ता को समझने की परम आवश्यकता है, ताकि भविष्य में आपसी रिश्तों-नातों में किसी भी रूप में कोई खटास पैदा न हो पाए ऐसी आशा एवं उम्मीद करते हैं। जैसे बुद्धिजीवियों द्वारा कहा भी जाता है कि रिश्ते और पहचान बनाने में मानो वर्षों लग जाते हैं, जबकि रिश्ते टूटने एवं तोड़ने में दो पल ही काफी हैं।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# ऊना में आपदा प्रबंधन पर दो दिवसीय कार्यशाला आरंभ

**राजेश शर्मा, ऊना**

**जिला स्तरीय अंतर एजेंसी ग्रुप के गठन व गतिशीलता पर फोकस**

ऊना जिले में आपदा प्रबंधन पर दो दिवसीय कार्यशाला का डीआरडीए सभागार में आगाज हुआ। अतिरिक्त उपायुक्त महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना द्वारा आयोजित इस कार्यशाला का मकसद आपदा प्रबंधन को लेकर जिला स्तरीय अंतर एजेंसी ग्रुप का गठन करना तथा उसे गतिशील बनाना है। इसके अलावा इसमें आपदा प्रबंधन की प्रभावी योजना के साथ बेहतर आपसी समन्वय स्थापित करने के महत्व और उपायों पर फोकस करने तथा व्यवहारिक जानकारियों के साथ अधिकारियों-संस्थाओं के क्षमता निर्माण पर जोर रहेगा।

उन्होंने बताया कि कार्यशाला के पहले दिन जिले में प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं से बचाव, उनसे निपटने तथा सही प्रबंधन और प्रभावशाली ढंग से राहत-बचाव कार्य में सरकारी व गैर-सरकारी संगठनों के बीच बेहतर समन्वय पर बल दिया गया। गुर्जर ने बताया कि कार्यशाला में शिमला-स्थित मानवतावादी संस्था 'डूअर्स' के विषय विशेषज्ञ नवनीत यादव, अनुराधा व सिंधु लूना ने आपदा जोखिम प्रबंधन के विभिन्न पहलुओं, मानवीय सहायता के मानकों व मानवतावादी सिद्धांतों, और आपदा के बाद राहत व बचाव के लिए यथाशीघ्र आवश्यकताओं के आकलन को लेकर जानकारी दी। जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण ऊना की प्रशिक्षण व क्षमता वृद्धि समन्वयक सुमन चहल ने कार्यशाला का संचालन किया।

कार्यशाला में रेडक्रॉस सोसायटी ऊना, ह्यूमन राइट्स एंड प्रोटेक्शन सेल वेलफेयर एसोसिएशन ऊना, रिषित फाउंडेशन टाहलीवाल, चिंतपूर्णी विकास समिति अंब, गुरु का लंगर सेवा समिति, देवभूमि फाउंडेशन, एक मौका एक उम्मीद ऊना, सन राइज एजुकेशन सोसायटी ऊना, अंकुर गगरेट, ब्लड लाइंस और सोशियल वेलफेयर समिति ऊना, एकल नारी कृषि सहकारी सभा व स्वां वुमन फेडरेशन संस्थाओं ने भाग लिया। इस मौके पर डीएसपी ऊना अजय ठाकुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# कांग्रेस ने बढ़ाया हिमाचल पर कर्ज का बोझ : अनुराग

**अनंत ज्ञान, ऊना**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ऊना में हिमाचल प्रदेश भाजपा कार्यसमिति की बैठक में गणमान्यों के साथ उपस्थित रहकर संगठन से जुड़े विषयों पर चर्चा में सम्मिलित रहे। भाजपा हिमाचल प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के मध्य पार्टी के गणमान्यों व कार्यकर्ताओं के समक्ष भारतीय जनता पार्टी के राजनीतिक प्रस्ताव का अनुमोदन किया। अनुराग ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में पिछले 18 महीने से चल रहा कांग्रेस का कार्यकाल अराजकता, अहंकार और अन्याय भरा रहा है। जनता की बजाय यह सरकार मित्रों की सरकार बन गई है, जहां जनहित नहीं मित्रहित सर्वोपरि है। कांग्रेस ने मात्र 1.5 साल में 25000 करोड़ का कर्ज लेकर प्रदेश पर कर्ज का बोझ 95000 करोड़ पहुंचा दिया।

कांग्रेस ने प्रदेश को दिया तो कुछ नहीं, लेकिन यहां चल रहे स्वास्थ्य संस्थान, शिक्षा केंद्र, सरकारी स्कूल में बच्चों को दी जाने वाली वर्दियां हों या मजदूरों को मिलने वाली सुविधाएं हों, सब बंद करने का काम किया। कांग्रेस ने मित्रों को लाभ पहुंचाने के अलावा पिछले 18 महीने में कुछ नहीं किया। अनुराग ने कहा आज हिमाचल में कांग्रेस को सरकार बनाए 16 महीने बीत गए हैं, पर इन्होंने अपनी एक भी गारंटी पूरी नहीं की है। हिमाचल की माताएं, बहनें अभी तक अपने 1500 प्रति महीने का इंतजार कर रही हैं। हिमाचल के किसान अभी तक 2 प्रति किलो गोबर और 100 प्रति लीटर दूध खरीदे जाने का इंतजार कर रहे हैं। हिमाचल के युवा 5 लाख नौकरियां का इंतजार कर रहे हैं। हिमाचल के परिवार 300 यूनिट फ्री बिजली का इंतजार कर रहे हैं।



मोबाइल स्वास्थ्य सेवा का अवलोकन करते भाजपा नेता।

## मनोहर लाल खट्टर ने सराहा अनुराग का अस्पताल

**ऊना।** केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ऊना में भाजपा प्रदेश कार्यसमिति बैठक के उपरांत पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पांचवी बार सांसद बने अनुराग ठाकुर द्वारा हमीपुर संसदीय क्षेत्र व हिमाचल प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में संचालित किए जा रहे सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा का अवलोकन किया व इसकी कार्यप्रणाली को समझा। अनुराग ने बताया कि यह सुविधा 14 अप्रैल, 2018 को 3 गाड़ियों से शुरू की गई थी, जो आज बढ़कर 32 की संख्या में हिमाचल के सुदूर इलाकों में अपनी सेवाएं घर-द्वार पर लोगों को उपलब्ध करवा रही है। इस स्वास्थ्य सेवा टीम में डॉक्टर, फार्मासिस्ट, लैब टेक्नीशियन व पायलट होते हैं, जो ग्रामीण क्षेत्रों में जनता के सामान्य स्वास्थ्य की जांच व रक्तजांच निशुल्क करते हुए मरीजों को दवाइयों का वितरण भी निशुल्क करते हैं। केंद्रीय मंत्री व पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल खट्टर ने इस सुविधा की सराहना करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर सुविधा उपलब्ध करवाना बहुत ही नेक काम है। अस्पताल-सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा आंखों की जांच व निशुल्क नजर के चश्मों के लिए भी समय-समय पर संसदीय क्षेत्र में शिविर आयोजित करती है।

## कांग्रेस को मृगमरीचिका की बीमारी हो गई है : खट्टर

भाजपा कार्यसमिति के मुख्यवक्ता केंद्रीय मंत्री एवं पूर्व मुख्यमंत्री हरियाणा मनोहर लाल खट्टर ने भाजपा के संगठन एवं कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी केवल झूठ बोलकर दुष्प्रचार करने का कार्य करती है। संविधान बदलने पर कांग्रेस पार्टी ने जम कर झूठ भी बोला और दुष्प्रचार भी किया। अग्निवीर योजना को लेकर भी कांग्रेस पार्टी ने जमकर दुष्प्रचार किया, वह योजना युवाओं के लिए है, बेरोजगारी हटाने के लिए है, देश भक्ति जगाने के लिए और एक व्यक्ति को प्रशिक्षित बनाने के लिए है। कांग्रेस केवल और केवल झूठ बोलना जानती है। भाजपा केंद्र में बहुमत में है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं, पर यह समझ नहीं आ रहा कि कांग्रेस किस बात से खुश हो रही है। यूपीए और एनडीए के 10 साल के कार्यकाल की तुलना करे, तो सीटों के मामले में भाजपा और एनडीए कांग्रेस से कई ऊपर है। कांग्रेस पोस्ट एलियंस से सरकार बनती है, ऐसा कांग्रेस ने पूर्व में भी किया है पर भाजपा प्री एलायंस करती है। भाजपा की सरकार पिछले 10 साल से पोस्ट एलियंस पूर्ण बहुमत में थी और अब भी है। कांग्रेस केवल झूठा प्रचार करती है। कांग्रेस पार्टी को मृगमरीचिका की बीमारी हो गई है। रेगिस्तान में जिस प्रकार से मृग पानी की छाया के पीछे दौड़ता है उसकी प्रकार से कांग्रेस सत्ता के पीछे दौड़ती है। खट्टर ने कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचालन करते हुए कहा कि भाजपा निरंतर काम करने वाला राजनीतिक दल है।

# कारगिल विजय दिवस पर ऊना में होगा जिला स्तरीय समारोह

**अनंत ज्ञान, ऊना**

कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य पर 26 जुलाई को एमसी पार्क ऊना में स्थित शहीद स्मारक में जिला स्तरीय समारोह आयोजित किया जाएगा। इस समारोह के सफल आयोजन को लेकर अतिरिक्त उपायुक्त (एडीसी) महेंद्र पाल गुर्जर ने शुक्रवार को संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की।

इस दौरान उन्होंने समारोह की तैयारियों को लेकर संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। एडीसी ने बताया कि जिला स्तरीय कारगिल विजय दिवस समारोह 26 जुलाई को प्रातः 10.30 बजे शुरू होगा। इस अवसर पर देश के लिए अपने प्राणों को न्यौछावर करने वाले वीर सैनिकों के पराक्रम और बलिदान को स्मरण करते हुए श्रद्धासुमन अर्पित किए जाएंगे तथा उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी जाएगी।



ऊना में बैठक की अध्यक्षता करते हुए एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर।

**एमसी पार्क ऊना स्थित शहीद स्मारक में होगा आयोजन**

गुर्जर ने कहा कि समारोह में शहीदों के परिजनों और भारतीय सेनाओं से सेवानिवृत्त हुए सैनिकों को विशेष रूप से आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने भूतपूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों और सभी ऊना जिला वासियों से कारगिल विजय दिवस समारोह में बड़ी संख्या में भाग लेने का आग्रह किया है।

बैठक में सैनिक कल्याण विभाग ऊना के उपनिदेशक लेफ्टिनेंट कर्नल (रि.) एसके कालिया सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। (अनंत ज्ञान)

# उपमुख्यमंत्री मुकेश आज जिले के दौरे पर

**अनंत ज्ञान, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री 20 जुलाई को ऊना जिले के एकदिवसीय प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान मुकेश अग्निहोत्री सुबह 11 बजे हरोली विधानसभा क्षेत्र के बीटन में समाधि कुटिया वाले महाराज की 25वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। यह जानकारी सरकारी प्रवक्ता ने दी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम के उपरांत मुकेश अग्निहोत्री सायं 5 बजे वापस शिमला के लिए रवाना होंगे।

**समाधि कुटिया के कार्यक्रम में लेंगे हिस्सा**

# मेजबान खड्ड की टीम ने जीती महिला फुटबाल प्रतियोगिता

**नरेश सिंघा, टाहलीवाल**

ऑल इंडिया एमआर शर्मा मेमोरियल महिला फुटबाल टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला मेजबान खड्ड के शुकराना फुटबाल अकादमी बनाम ग्रासरूट फुटबाल क्लब के बीच खेला गया। इसमें शुकराना फुटबाल क्लब ने 3-1 से विजय प्राप्त कर इस प्रतियोगिता के खिताब को अपने नाम किया।

शुकराना फुटबाल क्लब की ओर से रिया ने पहला गोल 26 मिनट में दागा। वंशिका ने 56वें मिनट में दूसरा गोल दागा। तीसरा गोल मंजू ने 66वें मिनट में दाग कर अपनी टीम की विजय को सुनिश्चित किया।

ग्रासरूट की ओर से ज्योति ने 45वें मिनट में एकमात्र गोल दागा। इस अवसर पर एएसपी संजीव भाटिया ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की और सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। मेडम नंदिता शर्मा द्वारा महिला फुटबाल को बढ़ावा देने वाले इस प्रयास के लिए सराहना की। इस अवसर पर एसएमसी प्रधान सोमनाथ, समाज सेवक जय दत्ता, जोगिंद्र, प्रदीप सिंह, कुलदीप, उपनेश दत्ता, हरीश धीमान, कृष्ण देव, सपना देवी ने वरिष्ठ अतिथितियों के रूप में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई और सभी खिलाड़ियों को आशीर्वाद दिया। (अनंत ज्ञान)



विजेता टीम के साथ आयोजक व अन्य गणमान्य।

# दीपक सोनी का बड़े गायन मंच के लिए चयन

**विवेक शर्मा, अंब।** उपमंडल अंब के पंजोआ लडोली गांव के दीपक सोनी दिल्ली में होने वाली गायन प्रतियोगिता (किस्मत का अड्डा) मंच में फाइनल के लिए चयनित हुए हैं। 21 जुलाई को होने वाले शो में दीपक अपनी आवाज का जादू बिखेरेंगे। दीपक इससे पहले भी इस प्रतियोगिता की अंतिम तीन की सूची में रह चुके हैं, लेकिन इस बार दीपक खिताब के प्रबल दावेदार हैं।



दीपक बचपन ने छोटे स्तर से कई नामी स्थानीय कार्यक्रमों में भाग लिया है और अपनी गायिकी से दर्शकों का दिल जीता है। पिछली प्रतियोगिता में दीपक ने अपनी शानदार आवाज से सभी को प्रभावित किया था और इस बार भी दीपक किस्मत का अड्डा के मंच पर अपनी प्रतिभा दिखाने के लिए तैयार हैं। दीपक के प्रशंसक उनसे इस बार शानदार प्रदर्शन की उम्मीद कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता-सहायिका के पदों के लिए 7 अगस्त तक करें अप्लाई

**राजेश शर्मा, ऊना**

**31 रिक्त पदों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 11 और सहायिका के हैं 20 पद**

बाल विकास परियोजना ऊना के अंतर्गत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के कुल 31 पदों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। इच्छुक पात्र महिलाएं इनके लिए 7 अगस्त तक अप्लाई कर सकती हैं। बाल विकास परियोजना अधिकारी कुलदीप सिंह दयाल ने बताया कि विज्ञापित 31 रिक्त पदों में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 11 और सहायिका के 20 पद शामिल हैं।

कुलदीप सिंह दयाल ने कहा कि इच्छुक प्रार्थी सादे कागज पर बाल विकास परियोजना अधिकारी ऊना के कार्यालय में 7 अगस्त सायं 5 बजे तक आवेदन कर सकती हैं। 7 अगस्त के बाद किसी भी आवेदक/अभ्यर्थी का आवेदन/दस्तावेज स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इन पदों के लिए साक्षात्कार 13 अगस्त को होंगे। प्रार्थी को साक्षात्कार के लिए 13 अगस्त को प्रातः 10 बजे समस्त मूल दस्तावेजों सहित बाल विकास परियोजना कार्यालय ऊना में पहुंचना होगा। अधिक जानकारी के लिए कार्यालय के दूरभाष नंबर 01975-225538 व संबंधित पर्यवेक्षक कार्यालय से संपर्क किया जा सकता है।

कुलदीप दयाल ने बताया कि महिला एवं बाल विकास विभाग, हिमाचल प्रदेश में आईसीडीएस कार्यक्रम के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मिनी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं की नियुक्ति के लिए नए दिशा-निर्देशों के मुताबिक संशोधन किया गया है। उन्होंने कहा कि इससे पहले जिन आवेदकों ने आंगनबाड़ी वर्कर्स और आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 22 सितंबर, 2023, 20 अक्तूबर, 2023 और 28 नवंबर, 2023 के विज्ञापित पदों के लिए आवेदन किया था, उनके आवेदनों को अब रद्द समझा जाएगा। ऐसे सभी प्रार्थियों को भी अपना आवेदन दोबारा 7 अगस्त, 2024 तक करना होगा।

# महाविद्यालय बंगाणा में पीजी के छात्रों के लिए एडमिशन 22 से

**राजेश ठाकुर, बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में 2024-25 नए सत्र का आरंभ होने जा रहा है। प्राचार्य डॉ. रमेश ठाकुर ने बताया कि एमए हिंदी, एमए इंग्लिश, एमकॉम के विद्यार्थी महाविद्यालय की साइट admission.gcbangana.ac.in पर जाकर 22 से 31 जुलाई 2024 तक फॉर्म भर सकते हैं। एमए हिंदी, एमए इंग्लिश, एम. कॉम के विद्यार्थियों को फॉर्म भरकर महाविद्यालय में जमा करवाने होंगे। पहली मेरिट आधारित सूची एक अगस्त को सूचना पट्ट पर लगा दी जाएगी। 2 से 3 अगस्त तक विद्यार्थी अपनी फीस ऑनलाइन माध्यम से जमा करवा सकते हैं।



दूसरी सूची 5 अगस्त लगा दी जाएगी। विद्यार्थी 6 अगस्त को अपनी फीस जमा करवा सकते हैं। एडमिशन के पश्चात नियमित कक्षाएं होंगी। उन्होंने यह भी बताया कि पूर्व वर्ष 2023 में महाविद्यालय में एनएसएस के स्वयंसेवी ऋषभ चौधरी ने एनएसएस का सर्वोच्च राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त कर महाविद्यालय व पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया।

खेलकूद के क्षेत्र में हिमाचल प्रदेश अंतर महाविद्यालय वॉलीबाल महिला चैंपियनशिप में महाविद्यालय के छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त कर इतिहास रचा है। इसके साथ-साथ हिमाचल प्रदेश अंतर महाविद्यालय बॉक्सिंग चैंपियनशिप पुरुष वर्ग में महाविद्यालय के छात्र परवीन मनकोटिया ने कांस्य पदक जीता। एनएसएस के दो छात्राओं श्वेता ने राज्य स्तरीय प्री रिपब्लिक डे कैंप में और नीलम ने नॉर्थ जॉन फ्री रिपब्लिक डे कैंप में भाग लिया। प्राचार्य ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे महाविद्यालय बंगाणा में प्रवेश लेकर अपने उज्ज्वल भविष्य की नींव रखें। (अनंत ज्ञान)

# वरिष्ठ व जूनियर स्टाफ के 5 पदों के लिए साक्षात्कार 22 को

**अनंत ज्ञान, ऊना।** व्यवसायिक प्रशिक्षण के लिए शिवम इंस्टीट्यूट बिलासपुर द्वारा पांच पद अधिसूचित किए गए हैं, जिनमें वरिष्ठ आईटी स्टाफ में दो पद, जूनियर आईटी स्टाफ में दो पद और टेली स्टाफ का एक पद शामिल है। इन पदों के लिए साक्षात्कार 22 जुलाई को प्रातः 10 बजे उपरोजगार कार्यालय बंगाणा में आयोजित होगा। यह जानकारी देते हुए जिला रोजगार अधिकारी अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता एमसीए/एमएससी सीएस/एमएससी आईटी/बीसीए/बीएससी आईटी/पीजीडीसीए/बी कॉम के साथ टेली होना अनिवार्य है। इसके अलावा चयनित अभ्यर्थी को 11,500 से 13,500 रुपए प्रतिमाह और आयु सीमा 18 से 32 वर्ष निर्धारित की है। अक्षय शर्मा ने बताया कि इच्छुक व योग्यक अभ्यर्थी अपने योग्यता प्रमाण पत्र, जन्म तिथि प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय का पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट साइज फोटो, बायोडाटा और मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 94180-14871 पर संपर्क किया जा सकता है।






**उपलब्धि** हौसलों की उड़ान से ज्वालामुखी के पिता-पुत्र ने मेहनत से विदेश में बनाई पहचान

# पर्यावरण के लिए हानिकारक पदार्थों का सुरक्षित उपचार करेंगे सुनिश्चित

**राजेश शर्मा, ऊना**

इतिहास लिखने के लिए कलम की नहीं, हौसलों की जरूरत होती है। हिमाचल प्रदेश के निवासी ज्ञान चंद सूद व उनके पुत्र शिव सूद जिन्होंने ओमान में हिमाचल का ही नहीं, बल्कि पूरे भारत का नाम रोशन किया है। एलीट इंटरनेशनल सर्विसेज एंड कॉन्ट्रैक्टिंग एलएलसी अपशिष्ट प्रबंधन स्टार्टअप के संस्थापक ज्ञान चंद सूद एक दूरदर्शी उद्यमी हैं, जिनका जीसीसी और ओमान सल्तनत में उद्योग में 35 वर्षों से अधिक का उल्लेखनीय करियर रहा है। भारत की देवभूमि हिमाचल प्रदेश के प्रसिद्ध शक्तिपीठ ज्वालामुखी से निकलकर, उन्होंने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कदम रखा और अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में एक अमिट छाप छोड़ी।

सूद की यात्रा उन्हें कुवैत, कतर और अंत में ओमान ले गई, जहां उन्होंने खतरनाक और गैर खतरनाक दोनों तरह के रासायनिक अपशिष्टों को संभालने में अपनी विशेषज्ञता को बढ़ाया, खासकर ओयल और गैस क्षेत्र में। 2007 में ज्ञान चंद सूद ने अपने अनुभव और अंतर्दृष्टि का लाभ उठाकर एलीट एंटरप्राइजेज वर्ल्डवाइड एलएलसी की स्थापना की। वर्षों से, उत्कृष्टता और उद्योग-अग्रणी प्रथाओं के कार्यान्वयन के प्रति उनकी प्रतिबद्धता ने कंपनी की प्रतिष्ठा को बढ़ाया। 2019 में उनके पुत्र शिव सूद ने एलीट इंटरनेशनल सर्विसेज एंड कॉन्ट्रैक्टिंग एलएलसी की स्थापना करके अपने पिताजी के दूरदर्शी प्रयासों को आगे बढ़ाया।





ओमान में प्रमुख भूमिका में पिता-पुत्र अन्य गणमान्य लोगों के साथ।

कंपनी के पोर्टफोलियो को व्यापक बनाते हुए इसमें लॉजिस्टिक्स, सुरक्षित भंडारण और ओयल और गैस क्षेत्र से उत्पन्न होने वाले खतरनाक और गैर खतरनाक रसायनिक अपशिष्टों का ओमान सरकार के नियमों के अधीन अपशिष्टों के पुनर्चक्रण, उपचार और निपटान को शामिल किया गया।

इसी व्यवसाय को आगे बढ़ाते हुए उनके पुत्र शिव सूद ने 15 जुलाई 2024 को सोहार (ओमान) में 3.5 मिलियन डॉलर की लागत की परियोजना का शिलान्यास किया। यह परियोजना, रणनीतिक रूप से सोहार फ्रेजॉन में है। ओमान में संचालित विभिन्न उद्योगों द्वारा उत्पन्न विभिन्न औद्योगिक केमिकल अपशिष्टों के पुनर्चक्रण, उपचार और निपटान में विशेषज्ञ होगी।

10,000 वर्ग मीटर में फैली और 3.5 मिलियन अमरीकी डॉलर (1.3 मिलियन ओएमआर) के कुल निवेश वाली नई सुविधा, कार्बन उत्सर्जन को कम करने के लिए उन्नत, पर्यावरण-अनुकूल तकनीक का उपयोग करेगी। इसमें अग्रणी प्रदूषण नियंत्रण उपकरण शामिल होंगे, जो ऑयली स्लज, कॉन्टैमिनेटेड सोईल, यूज्ड ऑयल, पर्यावरण के लिए हानिकारक प्लास्टिक, टायर्स जैसे औद्योगिक अपशिष्ट पदार्थों का सुरक्षित उपचार सुनिश्चित करेंगे। इस प्रकिया के अंत में हैवी ऑयल, वायर्स और कार्बन निकलेगी। हैवी ऑयल का उपयोग कृषि उपकरण, समुद्री जहाजों इत्यादि, कार्बन का उपयोग सड़कों का निर्माण करने के लिए, सीमेंट कारखानों, वायर्स का उपयोग स्टील इंडस्ट्रीज़ में किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि अल बातिनाह सोहार के गवर्नर शेख मुहम्मद सुलेमान अल किन्दी, पर्यावरण अधिकारी, ऑयल और गैस क्षेत्र के बिजनेस हेड्स, अन्य प्रमुख अधिकारी, एलीट के फाउंडर ज्ञान चंद सूद, को फाउंडर शिव सूद, कैमिकल इंजीनियर मुहम्मद शाकिर, एलीट के (सीओओ) इंजीनियर मुहम्मद सालिम साइद् हरदान, फाइनेंस हेड नवीन कुमार, बिजनेस मैनेजर अविनाश भाटिया और टीम एलीट की उपस्थिति में यह शिलान्यास संपन्न हुआ। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### मणिकर्ण में पंजाब के युवक से पकड़ा चिट्टा

**कुल्लू।** एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स की टीम ने पंजाब के एक युवक से 14 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स की टीम मणिकर्ण के एनएचपीसी कॉलोनी के पास गश्त पर थी। इस दौरान शक के आधार पर एक युवक की तलाशी ली गई, जिसमें युवक से 14 ग्राम चिट्टा बरामद किया। आरोपी की पहचान जसविंदर सिंह लुधियाणा (पंजाब) के रूप में हुई है। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकियन ने कहा कि पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### मनाली में सफल रहा मैत्री सम्मलेन : मकरध्वज

**कमलेश वर्मा, मनाली।** प्रदेश ज्वाइंट एक्सन कमेटी के अध्यक्ष मकरध्वज शर्मा व हिम आंचल टैक्सी यूनियन मनाली के अध्यक्ष पूर्ण चंद पोहलू ने कहा कि मनाली में आयोजित मैत्री सम्मेलन सफल रहा है। हिमाचल सहित पड़ोसी राज्यों से आए टैक्सी आपरेटर्स ने मैत्री सम्मेलन में अपनी-अपनी समस्याएं रखीं और इसका समाधान निकाला। इन पदाधिकारियों ने कहा कि अनाप-शनाप बयानबाजी कर माहौल खराब करने वाले शरारती तत्व अब अपने मनसूबों पर सफल नहीं होंगे। इस सम्मेलन को सफल बनाने में प्रदेश सहित पंजाब व चंडीगढ़ के दर्जनों टैक्सी यूनियनों का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आगे से कोई भी शरारती तत्व इस तरह का माहौल खराब करता है, तो उस पर कानूनी कार्रवाई करवाई जाएगी। कुछ एक शरारती तत्व इस मैत्री सम्मेलन पर भी उंगली उठा रहे हैं, लेकिन वे यह नहीं जानते कि अब सभी टैक्सी आपरेटर्स उनकी इस मंशा को समझ गए हैं। उन्होंने प्रदेश के सभी टैक्सी यूनियनों से आग्रह किया कि सम्मेलन में कोई कमी रह गई हो तो बूरा न मानें। अगली बार इससे भी बेहतर सम्मेलन करने का प्रयास किया जाएगा, ताकि सभी टैक्सी आपरेटर्स मिलजुल कर काम करें। सभी का प्रयास मिल-जुलकर पर्यटकों को बेहतरीन सेवाएं देना है। होटल एसोसिएशन मनाली के अध्यक्ष मुकेश ने कहा कि एसोसिएशन भी समय-समय पर बैठक कर अपने होटल में आने वाले वाहन चालक को अच्छी सुविधाएं देने पर बल देगी। कुल्लू टैक्सी यूनियन के अध्यक्ष दलीप ने भी शरारती तत्वों को चेताया कि वह अपनी हरकतों से बाज आ जाएं अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

### सांसों की प्रक्रिया सुदर्शन क्रिया सिखाई

**कमलेश वर्मा, कुल्लू।** आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन कुल्लू चैप्टर की ओर से कुल्लू जिला कारागार में कैदियों के लिए योग साधना शिविर आयोजित किया गया। आठ दिवसीय इस शिविर का शुक्रवार को समापन हुआ। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षक एवं जिला कुल्लू के को-ऑर्डिनेटर सुंदर ने बताया कि इस आठ दिवसीय योग ध्यान शिविर जिसे प्रोग्राम फॉर प्रिजन इनमेट्स भी कहा जाता है यह कुल्लू कारागार के रहवासियों के लिए आयोजित किया गया। इस शिविर में योग साधना तथा विशेष रूप से विश्व विख्यात सांसों की प्रक्रिया सुदर्शन क्रिया सिखाई गई। सुंदर ने बताया कि इन आठ दिनों में अधिकांश रहवासियों में एक अद्भुत सकारात्मक बदलाव पाया गया। शिविर के अंतिम चरण पर कारगार रहवासियों ने एक उत्सव की तरह मनाया तथा आर्ट ऑफ लिविंग के वरिष्ठ प्रशिक्षक एवं गायक सरिता शर्मा, वरिष्ठ गायक अंशुल पराशर, बाल कृष्ण वर्मा तथा कारागार अधीक्षक विशाल डोगरा के द्वारा गाए भजनों में खुशी से झूम उठे। रहवासियों ने अपना अनुभव साझा किया तथा योगस्थ रहते हुए जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण रखते हुए अपने कल्याणकारी उद्देश्य के साथ अग्रसर रहने का संकल्प लिया। सुंदर ने इस आठ दिवसीय शिविर को सुचारु रूप से आयोजन तथा सहयोग के लिए जिला कारागार प्रशासन व विशेष रूप से जिला कारागार अध्यक्ष विशाल डोगरा का भूरी-भूरी सराहना करते हुए आभार व्यक्त किया। (अनंत ज्ञान)

### समीर ने पैरा एथलेटिक्स में जीता सिल्वर मेडल

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** जिला किन्नौर के चगांव के समीर नेगी ने राष्ट्रीय पैरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में सिल्वर मेडल जीता। पैरा ओलंपिक कमेटी आफ इंडिया द्वारा 11 वीं नेशनल सब जूनियर एवं जूनियर पेरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन कांतिरावा इंडोर स्टेडियम बेंगलुरु, कर्नाटका में आयोजित किया गया। इस प्रतियोगिता में देश भर के सभी राज्यों के खिलाड़ियों ने भाग लिया और अपने-अपने राज्य के लिए मेडल जीतकर जिला व राज्य का नाम रोशन किया। किन्नौर पेरास्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेंद्र नेगी ने बताया कि पीसीआई द्वारा नेशनल प्रतियोगिता के आयोजन में आठ खिलाडियों ने प्रदेश से अपनी भागीदारी सुनिश्चित की और सभी खिलाड़ियों ने कड़ी मेहनत कर बेहतरीन प्रदर्शन किया। समीर नेगी ने 11वीं नेशनल पेरा एथलेटिक्स चैंपियनशिप में 100मी रेस व डिस्कस थ्रों स्पर्धा में भाग लिया और डिस्कस थ्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टी- 44 कैटेगरी में दूसरा स्थान प्राप्त कर प्रदेश एवं जिला किन्नौर की झोली में सिल्वर मेडल डाल कर देश और प्रदेश का नाम रोशन किया। (अनंत ज्ञान)

# मणिकर्ण घाटी के चौंग में पानी के लिए हाहाकार

## दो माह से पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे ग्रामीण, पशुओं के लिए पानी की हो रही सबसे अधिक दिक्कत

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

- 10 से 15 किलोमीटर दूर से वाहनों में ढोकर लाना पड़ रहा पानी
- ग्रामीणों की प्रशासन व विभाग से समस्या का हल करने की मांग



चौंग पंचायत में पानी की समस्या से जूझ रहे ग्रामीण बावड़ी से पानी ले जाते हुए।

कुल्लू की मणिकर्ण घाटी की पंचायत चौंग में पानी के लिए हाहाकार मची हुई है। गांव की 600 के करीब आबादी पीने के पानी को दो किलोमीटर दूर से वाहनों में कैन में भरकर लाने को मजबूर हैं।

स्थानीय ग्रामीणों गुरदीप शर्मा, महेंद्र पाल, सुनील, तरुण, शेर सिंह, युवराज वर्मा, तापे राम, जीवन, काकू, प्रताप लाल, रोनिका, संजीव, गुड्डु, नंदू, वेदराम, अशूल, पूर्ण, कर्मचंद, होशियार सिंह, योगराज, हेमराज, पिंटू, राजू, गिरधारी लाल, नारायण व संदेश ठाकुर सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि दो माह से नलों के हल्क सूखे हुए हैं, जिस कारण लोगों को काफी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। हमेशा ही यहां पर पेयजल की समस्या से लोगों को जूझना पड़ता है। उन्होंने बताया कि इस गंभीर समस्या के समाधान को लेकर जहां ग्रामीण प्रशासन से मिल चुके हैं। वहीं, जल शक्ति विभाग को भी कई बार इस समस्या के बारे में अवगत करवाया गया है। बावजूद इसके विभागीय अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंगी है।

ग्रामीण दस से 15 किलोमीटर दूर से वाहनों की मदद से सरसाड़ी, शारनी आदि क्षेत्रों से पानी ढोने के लिए मजबूर हैं, लेकिन पशुओं के लिए पानी की समस्या सबसे अधिक पेश आ रही है। लोगों के अनुसार जहां से पानी ढोकर लाते हैं, अब इतनी गर्मी में वह पेयजल स्रोत भी सूखने की कगार पर पहुंच गए हैं। लोगों का कहना है कि बिना पेयजल के गर्मी के इन दिनों में समस्या विकराल होती जा रही है। उन्होंने एक बार फिर से जिला प्रशासन से मांग की है कि संबंधित विभाग इस समस्या का शीघ्र हल करे। (अनंत ज्ञान)

**पेयजल मुहैया करवाने के लिए विभाग प्रयासरत**

पेयजल के सोर्स में पानी कम है, जिस कार चौंग पंचायत में पानी की समस्या हो रही है। विभाग ग्रामीणों को पेयजल मुहैया करवाने के लिए प्रयासरत है।

**अमित, अधिशाषी अभियंता जल शक्ति विभाग कुल्लू।**



# बारिश न होने से माइट की चपेट में सेब के बगीचे

**कमलेश वर्मा, मनाली**

- फलों की गुणवत्ता और उत्पादन पर विपरीत असर पड़ने की आशंका

मनाली घाटी में बारिश न होने के कारण सेब के बगीचे माइट रोग की चपेट में आ रहे हैं। ऊझी घाटी के पलचान व बुरुआ से लेकर नग्गर, बाड़ी व फोजल तक माइट कीटों की समस्या देखने को मिल रही है।

इन क्षेत्रों में माइट रोग का संक्रमण बगीचों में बहुत तेजी से फैल रहा है। बागवान डोला राम, चुनी लाल, सर्वदयाल, कमलेश बौद्ध व मनु शर्मा ने बताया कि माइट कीट पत्तों का रस चूसते हैं, जिस कारण पत्तों में क्लोरोफिल की कमी हो जाती है। पत्तों में कमजोरी के चलते फलों की गुणवत्ता और उत्पादन पर विपरीत असर पड़ने की आशंका है। सेब के आकार में वृद्धि नहीं हो पा रही है। बागवानों को अपनी फसल की चिंता सताने लगी है। उधर, कुल्लू फलोत्पादक मंडल के प्रधान महेंद्र उपाध्याय ने कहा कि बागवानों को अपने बगीचे में नजर रखनी चाहिए। पेड़ों और छोटे पौधों में अगर माइट के लक्षण दिखते हैं, तो इसकी रोकथाम के लिए उद्यान विभाग की ओर से अनुमोदित की गई दवाइयों का प्रयोग करें।

बरसात के दिनों में सेब के पेड़ों पर कई प्रकार के कीट हमला करते हैं, जिससे फलों को नुकसान पहुंचता है इसलिए बागवान विभाग की स्प्रे सारिणी के अनुसार अनुमोदित की गई दवाइयों का प्रयोग करना सुनिश्चित करें। सेब में माइट की रोकथाम के लिए फैनजाक्विन मेजिस्टर 100 ईसी मिलीलीटर 200 लीटर पानी या फिर प्रोपरजाइट सिंबा या ओमाईट 75 ईसी 200 मिलीलीटर, 200 लीटर पानी या हेक्सीभायाजोक्स मेडन, 5.45 ईसी 200 मिलीलीटर पानी का छिड़काव करें। (अनंत ज्ञान)

# पोरी मेला हिंदू व बौद्ध धर्म की आस्था का केंद्र : अनुराधा राणा

**कमलेश वर्मा, केलांग**



पोरी मेले के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों से चर्चा करती हुई विधायक अनुराधा राणा।

लाहौल-स्पीति का राज्य स्तरीय पोरी मेला 16 से 18 अगस्त तक त्रिलोकनाथ में मनाया जाएगा।

पोरी मेले के सफल आयोजन व आवश्यक प्रबंधों को लेकर विधायक अनुराधा राणा ने मेला आयोजन समिति के अध्यक्ष व उपसमितियां के समन्वयकों के साथ उदयपुर उपमंडल में समीक्षा बैठक की और आवश्यक दिशा-निर्देश भी जारी किए। विधायक ने कहा कि राज्य स्तरीय पोरी मेला लाहौल-स्पीति के हिंदू व बौद्ध धर्म के अनुयायियों की अनूठी संस्कृति का परिचायक व आस्था का केंद्र है। लाहौली संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए प्रदेश सरकार भी कृत संकल्पित है। मेले को और बेहतर तरीके से आयोजित करने को लेकर समिति के सभी सदस्यों के साथ आवश्यक विचार-विमर्श किया गया और सभी की सहभागिता भी सुनिश्चित बनाई जा रही है। बैठक में उन्होंने स्वच्छता को लेकर भी विशेष फोकस रखा और संबंधित अधिकारियों को भी विशेष प्राथमिकता रखने के लिए निर्देश जारी किए। एसडीएम उदयपुर एवं अध्यक्ष राज्य स्तरीय पोरी मेला समिति केशव राम ने बैठक का संचालन किया और विधायक अनुराधा का बैठक की अध्यक्षता करने के लिए स्वागत व आभार व्यक्त किया। विधायक को मेले के सफल आयोजन को लेकर किए गए आवश्यक प्रबंधों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। मेला आयोजन उपसमितियों के समन्वयकों व सदस्यों ने भी बहुमूल्य सुझाव रखे और सभी लोगों से बढ़-चढ़कर मेले में हिस्सा लेने के लिए आह्वान किया। एसडीएम ने समीक्षा बैठक में कि मेले का आगाज शोभायात्रा से होगा। मेले के दौरान कलाकारों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे व खेलकूद प्रतियोगिताएं भी आयोजित करवाई जाएंगी। एसडीएम ने बताया कि बेबी शो, हिमालयन क्वीन व हिमालयन प्रिंसेस प्रतियोगिता, वॉलीबाल, कबड्डी प्रतियोगिताएं मेले का मुख्य आकर्षण रहेंगी। (अनंत ज्ञान)

## लाइफ लाइन संस्था का निशुल्क स्वास्थ्य शिविर 22 को

**कमलेश वर्मा, मनाली।** लाइफ लाइन संस्था मनाली में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन करने जा रही है। शिविर में मनाली के आसपास और लाहौल-स्पीति से लोग चिकित्सीय परामर्श के साथ साथ बरसात के मौसम में विभिन्न रोगों के बचने पर भी विशेषज्ञ चिकित्सकों से सलाह लेंगे।

संस्था के मुख्य संरक्षक गौतम ने बताया कि सामाजिक कार्यों में गत वर्ष से अस्तित्व में आई संस्था लाइफ लाइन का मुख्य उद्देश्य समाज सेवा है। संस्था की ओर से मनाली के माल रोड पर 22 को प्रात: 11 से लेकर शाम 4 बजे तक बड़े स्तर पर एक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में हड्डी रोग, नाक-कान-गला, महिला रोग, शिशु रोग, नेत्र रोग और चिकित्सा के क्षेत्र में विशेषज्ञ अपनी सेवाएं देंगे। गौतम ने कहा कि स्वास्थ्य शिविर के साथ-साथ संस्था की ओर से खीर के भंडारे का भी आयोजन किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)

# थाची स्कूल मामले में अभिभावक ने राष्ट्रपति को भेजा शिकायत पत्र

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

थाची स्कूल में नाबालिग छात्र पर चोरी का आरोप लगाने और मारपीट के मामले कोई भी कार्रवाई नहीं होने पर छात्र के अभिभावक ने पुन: देश के राष्ट्रपति को शिकायत पत्र भेजा है। स्कूल के पीड़ित छात्र के पिता इंद्र शर्मा ने मामले में किसी भी तरह की कोई जांच न होने पर निराशा जताते हुए एक बार फिर से राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के नाम शिकायत पत्र भेजकर मौजूदा हालात एवं छात्र के भविष्य को छाए संकट से अवगत करवाया।

इसके साथ शिकायत पत्र में इंद्र शर्मा ने स्कूल के प्रधानाचार्य और अध्यापकों पर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके नाबालिग बेटे पर स्कूल के अध्यापकों के द्वारा चोरी का झूठा आरोप लगाकर मारपीट की गई है। इसके साथ ही उन्होंने शिकायत पत्र में 24 अप्रैल, 2024 का जिक्र करते हुए बताया कि स्कूल के मैदान में अध्यापकों ने धमकाते हुए समझौता करने के लिए मजबूर किया। वह इससे पहले भी राष्ट्रपति को शिकायत पत्र भेज चुके हैं, जिसका रिसीविंग उन्हें मिल चुका है, लेकिन अब तक इस मामले में किसी भी तरह की कोई कार्रवाई नहीं हो पाई है।

उन्होंने पत्र में इस बात का जिक्र भी किया है कि इसी मामले में 26 जून, 2024 को राज्य के मुख्यमंत्री को भी शिकायत पत्र भेज कर मामले से अवगत करवा चुके हैं, लेकिन यहां पर भी कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई गई है। इंद्र शर्मा ने शिकायत पत्र के साथ-साथ पुलिस द्वारा सौंपा पत्र भी संलग्न किया है, जिसे इंद्र शर्मा झूठा मानते हैं। इंद्र शर्मा ने राष्ट्रपति से आग्रह करते हुए कहा कि इस मामले में पांचों अध्यापकों की जांच दिल्ली पुलिस के द्वारा की जाए। (अनंत ज्ञान)

# मजदूरों के राशन कार्ड बनाना करें सुनिश्चित

## जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित, डीसी ने की अध्यक्षता

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक की अध्यक्षता करतीं डीसी।

ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत जिन श्रमिकों के राशन कार्ड अभी नहीं बने हैं, उन्हें राशनकार्ड जारी किए जाएंगे।

डीसी तोरूल एस रवीश ने शुक्रवार को जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। डीसी ने बताया कि जिले में 7806 श्रमिक ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत हैं, जिनमें से एक हजार प्रवासी श्रमिकों के मोबाइल नंबर की पुष्टि की जानी अभी बाकी है। डीसी ने जिला खाद्य एवं आपूर्ति नियंत्रक को इनसे संबंधित आकड़े शेयर करने के निर्देश दिए तथा जिला पंचायत अधिकारी को निर्देश दिए कि वे इन सभी श्रमिकों के बारे में जानकारी प्राप्त कर इनके बारे में पुष्टि करें। श्रमिकों को राशन कार्ड उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से यह कार्य पंचायत स्तर और स्थानीय नगर निकाय द्वारा किया जाएगा।

डीसी ने जिला श्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि वे सभी ठेकेदारों की एक बैठक करना सुनिश्चित करें, जिसमें उनके पास कार्य कर रहे प्रवासी मजदूरों के राशन कार्ड बनाना सुनिश्चित बनाएं। बैठक का संचालन जिला श्रम अधिकारी भावना शर्मा ने किया। (अनंत ज्ञान)

## जिस्पा में ईको-टूरिज्म फेस्टिवल 30 जुलाई से

**कमलेश वर्मा, केलांग।** लाहौल-स्पीति के जिस्पा में 30 जुलाई से ईको-टूरिज्म फेस्टिवल धूमधाम से मनाया जाएगा। दर्शकों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक और खेल गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

रैली ऑफ लाहौल सहित तीरंदाजी व मिस हिमालय सौंदर्य प्रतियोगिता फेस्टिवल का मुख्य आकर्षण रहेगी। रैली ऑफ लाहौल 30 व 31 जुलाई को आयोजित होगी। ईको टूरिज्म सोसायटी की ओर से इस रैली का दूसरी बार आयोजन हो रहा है। रैली में फोर व्हील विजेता को 25000, जबकि दो पहिया विजेता को 11,111 का नकद इनाम दिया जाएगा। लाहौल नक मशहूर पर्यटन स्थल जिस्पा में 31 जुलाई से दो अगस्त तक लाहौल टूरिज्म फेस्टिवल की धूम रहेगी। ईको-टूरिज्म लाहौल महोत्सव समिति के उपाध्यक्ष कलजंग ने कहा कि इस कार्यक्रम के आयोजन का मुख्य उद्देश्य अधिक पर्यटकों को आकर्षित करना तथा संस्कृति को संरक्षित करना है। (अनंत ज्ञान)

# यात्रा के साथ स्वच्छता की जगाई अलख

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**



14 से 27 जुलाई तक चलने वाली उत्तरी भारत की कठिनतम व रोमांचक धार्मिक यात्राओं में शुमार श्रीखंड महादेव कैलाश यात्रा में देशभर के श्रद्धालु भाग ले रहे हैं।

इसी कड़ी में इस बार भी इस धार्मिक यात्रा में जिला परिषद अध्यक्ष कुल्लू पंकज परमार ने भी भाग लिया। यात्रा के साथ-साथ उन्होंने जहां श्रद्धालुओं को स्वच्छता और पर्यावरण संरक्षण के बारे में जागरूक किया। वहीं, स्वच्छता अभियान चलाकर पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता की अलख भी जगाई। हर वर्ष की तरह इस बार भी जिला परिषद कुल्लू के अध्यक्ष पंकज परमार और उनकी पंचायतीराज टीम ने व्यापक स्वच्छता अभियान चलाया। जिप अध्यक्ष पंकज परमार ने बताया कि एचपीएमसी के प्रबंध निदेशक सुदेश ने स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का पार्वती बाग में शुभारंभ किया और लोगों का उत्साह बढ़ाया और सभी को मंगलमयी यात्रा की शुभकामनाएं दीं। श्रीखंड महादेव यात्रा हर साल अनेक भक्तों और प्रकृति प्रेमियों को आकर्षित करती है। इस पवित्र स्थल की पवित्रता और प्राकृतिक सुंदरता को बनाए रखने के लिए स्वच्छता अभियान का उद्देश्य यात्रा मार्ग के साथ कचरे को इकट्ठा करना और सही तरीके से निपटाना है। यात्रा पर जाने वाले श्रद्धालुओं को सुदेश ने पर्यावरण की सुरक्षा में सामुदायिक भागीदारी के महत्व पर जोर दिया। यह आवश्यक है कि हम सभी अपने पवित्र स्थानों को स्वच्छ रखने में योगदान दें। यह अभियान श्रीखंड महादेव की सुंदरता को बनाए रखने में स्थानीय समुदाय और नेतृत्व की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। अध्यक्ष पंकज परमार और उनकी टीम ने स्वयंसेवकों और संसाधनों को जुटाने में सक्रिय भूमिका निभाई है। वहीं, परमार ने बताया कि हम श्रीखंड महादेव के स्वच्छ और सुंदर पर्यावरण को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। (अनंत ज्ञान)



अनंत ज्ञान

# नारी शक्ति विशेष



## महिलाओं में होती है आश्चर्यजनक आंतरिक सहज शक्ति



शिवानी ठाकुर, वीपीओ करजां जिला कुल्लू।

*एक महिला होने के नाते मुझे गर्व का अनुभव होता है क्योंकि हम महिलाओं में एक आश्चर्यजनक आंतरिक सहज शक्ति होती है, जिससे की नारी प्रत्येक परिस्थितियों का सामना करने में अधिक सक्षम होती है। मैं समझती हूं कि महिलाओं में अतिरिक्त संवेदनशीलता होने के फलस्वरूप उनमें हर काम को सलीके से करने का हुनर विकसित हो जाता है, हर महिला जो भी काम करती है, वह सलीखे के साथ और साफ-सुथरे तरीके से करना पसंद करती है। एक समय था, जब महिलाओं के काम को बहुत ही कम आंका जाता था, लेकिन वर्तमान समय में शिक्षा के विस्तार के साथ-साथ समाज की इस सोच में अंतर आता जा रहा है, आज के समय में महिलाओं की कार्यक्षमता को किसी से भी कम कर आंका नहीं जा सकता। समाज महिलाओं के कार्य का सही मूल्यांकन करने की ओर अग्रसर है, मगर हम महिलाओं को भी किसी से मान सम्मान की उम्मीद रखे बिना ही अपने अंदर छुपी हुई प्रतिभा को ढूंढ निकालना होगा और आत्मनिर्भरता की दिशा में भी पहल करनी होगी।*

# जीवन देने की क्षमता भगवान के बाद केवल महिलाओं में

*यूं तो हमारे समाज में देवियों को पूजने की परंपरा है, हमारे देश में हर त्योहार, उत्सव और धार्मिक अनुष्ठानों में देवियों को पूजा जाता है, मगर बात जब एक महिला की होती है, तो समाज में नारी को अब भी वो स्थान हासिल नहीं है, जो कि एक पुरुष को हासिल है।*

*एक महिला एक ही जन्म में मां, बेटी, जननी, बहन, सहेली, पत्नी जैसे कई किरदार को एक साथ निभाती है और इसके बावजूद बिना किसी शिकायत के ओर बिना किसी बहाने के अपने काम को हर रोज अंजाम देती हैं। अब इसे विडंबना कहे या फिर समाज का दोहरा मापदंड। मंदिर में स्थापित देवी को नतमस्तक हो कर पूजा जाता है, मगर बात जब अपने घर की हो तो वहां परिवार की रीढ़ की हड्डी एक महिला के साथ अलग व्यवहार होता है। एक महिला सदस्य का परिवार में होना ही परिवार को पूर्णता प्रदान करता है। महिलाओं के अंदर कुछ गुण जन्म के साथ ही विद्यमान होते हैं, जैसे व्यवहार, कुशल होने के साथ-साथ हर कार्य को पूरे लग्न और सलीखे से करने का हुनर भी केवल महिलाओं में विद्यमान है। आज के आधुनिक समय में भी समाज और घर परिवार में महिलाओं के काम को कम करके ही आंका जा रहा है। एक महिला के द्वारा किए जाने वाले परिश्रम और कड़ी मेहनत को उतना सम्मान नहीं मिल पाता है, जितना एक पुरुष को मिलता है इसलिए सभी को अपनी सोच के दायरे को बढ़ाने की जरूरत है, ताकि समाज में महिलाओं को पूरा सम्मान और हक मिल सके, जिसकी वह हकदार हैं।*

*सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू।*

## महिला के पास हर मुश्किल काम का होता है समाधान



सुशीला ठाकुर, निवासी जिला कुल्लू।

मैं मानती हूं कि एक महिला होना ही गौरव की बात है और यही बात मुझे गौरवान्वित करती है। क्योंकि महिला मां लक्ष्मी और मां शक्ति का रूप होती है और वह कोई भी मुश्किल काम सरलता से कैसे किया जाए यह बखूबी जानती है। महिला हर काम को सलिखे से इसलिए कर पाती है क्योंकि यह उनमें पहले से होता है कि हर काम को किस तरह से किया जाए और कैसे किया जाए, ताकि सब कुछ समय पर सलीखे से हो जाए ओर इसके लिए हर महिला के पास हर काम का समाधान होता है। जहां तक बात है कि समाज में क्या महिलाओं को कमतर आंका जाता है, तो मुझे लगता है कि हां एक महिला होने के नाते मुझे भी कभी-कभी ये एहसास होता है कि हमारे समाज में महिलाओं के योगदान को हमेशा से ही कम कर आंका जाता है। मैं मानती हूं कि आज भी हमारे समाज में पुरुषों को महिलाओं के मुकाबले ज्यादा एहमियत, ज्यादा सम्मान और ज्यादा बढ़ावा दिया जाता है। हरेक महिला को वक्त के हिसाब से खुद को अपग्रेड करते हुए आधुनिकता और अपनी स्वाभाविक विचारधारा के बीच तालमेल बैठाना होगा तभी महिलाएं आगे बढ़ पाएंगी।

## जीवन देने की अद्भुत क्षमता केवल महिलाओं में



राजिया निवासी गांव डोभी, जिला कुल्लू।

*मैं मानती हूं कि जब भगवान के बाद अगर कोई जीवन देने का अद्भुत कार्य करती है, तो सिर्फ और सिर्फ महिलाएं ही कर सकती हैं। इसलिए महिला होने का एहसास मुझे हमेशा गौरवान्वित करता है। महिलाओं के अंदर जो करुणा और ममतामई स्वभाव विद्यमान है। वही, एक महिला को हर कार्य को अच्छे से देख-परख कर सलीखे से करने के लिए प्रेरित करता है। वैसे भी महिलाओं को हर काम को सलीखे से करने की प्रेरणा पीढ़ी दर पीढ़ी मिलती रही, जिसके फलस्वरूप एक महिला हर कार्य को कैसे किया जाए यह अपनी बेटीयों को भी सिखाती हैं, जिस कारण श्ह हुनर लगातार आगे बढ़ता जाता है। यह बात तो सही है कि हमारे समाज में महिलाओं को व उनकी कार्यक्षमता को हमेशा ही कमतर आंका जाता रहा है, मगर अब धीरे-धीरे पुरुष प्रधान समाज में महिलाओं के प्रति सम्मान की भावना बढ़ रही है और साथ ही सोच में भी बदलाव आ रहा है। महिलाओं को भी आने वाले समय में खुद को बेहतर साबित करने के लिए अपने हुनर को ज्यादा तराशना होगा, ताकि महिलाओं की काबिलियत पर कभी कोई शक न करे।*

## महिलाएं जीवन के हर पहलू में निभाती हैं महत्वपूर्ण भूमिका



निर्मला बिष्ट, निवासी गांव परगानु भुंतर, जिला कुल्लू

एक महिला होना मुझे इस कारण गौरवान्वित करता है क्योंकि महिलाएं जीवन के हर पहलू में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे न सिर्फ परिवार और समाज की नींव होती हैं, बल्कि वह व्यवसाय, विज्ञान, कला और राजनीति जैसे क्षेत्रों में भी महत्वपूर्ण योगदान देती हैं। उनकी सहनशक्ति, धैर्य और संवेदनशीलता उन्हें अद्वितीय बनाती है। महिलाओं में हर काम को सलीखे से करने का हुनर सामाजिक और पारिवारिक संरचना के माध्यम से विकसित होता है। उन्हें बचपन से ही जिम्मेदारियों और कार्यों का सामना करना सिखाया जाता है। उनकी सहनशक्ति, धैर्य और दृढ़ संकल्प उन्हें कठिन परिस्थितियों में भी उत्कृष्टता प्राप्त करने में सक्षम बनाता है। हां, एक महिला होने के नाते मुझे लगता है कि कई बार महिलाओं के योगदान को कम आंका जाता है। समाज में पुराने विचारधाराओं और रुढ़ियों के कारण कई बार उनके कार्यों और मेहनत की सही सराहना नहीं होती। हालांकि, समय के साथ इन धारणाओं में परिवर्तन आ रहा है और महिलाएं अपने हक और सम्मान के लिए आवाज उठा रही हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### भाषा अध्यापकों के 10 व शास्त्री के भरेंगे 16 पद

**एसपी जैरथ, नाहन।** नाहन उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा राजीव ठाकुर ने बताया कि सिरमौर में भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों के लिए आरक्षित शास्त्री के 16 पद व भाषा अध्यापकों के 10 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए काउंसलिंग एक से तीन अगस्त तक उपनिदेशक, प्रारंभिक शिक्षा नाहन में होगी। शास्त्री के 16 पदों में से 11 पद अनारक्षित हैं, जबकि तीन पद अनुसूचित जाति, एक पद अनुसूचित जनजाति व एक पद अन्य पिछड़ा वर्ग के भरे जाएंगे, जिसके लिए काउंसलिंग 1 अगस्त को होगी। उपनिदेशक, प्रारंभिक शिक्षा ने बताया कि भाषा अध्यापक के छह पद अनारक्षित हैं, जबकि दो पद अनुसूचित जाति, एक पद अनुसूचित जनजाति व एक पद अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षित है। इन पदों की काउंसलिंग 2 व 3 अगस्त को प्रातः 10 बजे से की जाएगी। अन्य जिलों से संबंध रखने वाले पात्र अभ्यर्थी भी इन पदों के लिए काउंसलिंग में भाग ले सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### बस ने टिप्पर को मारी टक्कर, 15 चोटिल

**भावना, सोलन।** नेशनल हाईवे-पांच पर स्थित सनवारा टोल प्लाजा के पास वीरवार रात को एक पंजाब रोडवेज की बस नं. पीबी-02-ईजी0-9524 जो चंडीगढ़ से शिमला जा रही थी उसके चालक ने बस को तेज रफ्तार और लापरवाही से ओवरटेक करते हुए एक टिप्पर को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बस में बैठी 25 से 30 सवारियों में से 15 को चोटें आई हैं, जिन्हे तुरंत उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जिनमें 13 सवारियों का धर्मपुर में उपचार चल रहा है और दो घायलों को उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल सोलन ले जाया गया है। जांच के दौरान व बस में बैठी सवारियों से पूछताछ करने पर पाया गया कि यह हादसा बस चालक द्वारा बस को तेज रफ्तार, लापरवाही व ओवरटेक करने के कारण घटित हुआ है, जिस पर पुलिस थाना धर्मपुर में अभियोग अधीन धारा 281,125 बीएनएस के तहत पंजीकृत किया है। इस मामले की जांच के दौरान आरोपी चालक गुरजीत सिंह पुत्र मोहिंद्र सिंह निवासी गांव मंडी मेगा तह. पट्टी जिला तरणतारण पंजाब उम्र 35 वर्ष को गिरफ्तार कर लिया गया है, जिससे पूछताछ जारी है। (अनंत ज्ञान)

### नेगी ने एलबम 'इश्कबाजियां' का किया विमोचन

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ।** राजस्व एवं बागवानी मंत्री जगत सिंह नेगी ने 'इश्कबाजियां' किन्नौरी वीडियो एलबम का विमोचन किया। इस अवसर पर ललिता पंचारस बीडीसी अध्यक्षा कल्पा, हितेश नेगी जिला परिषद सदस्य, दयाल सिंह नेगी पूर्व एनएसयूआई अध्यक्ष मौजूद थे। एलबम के गाने किन्नौर के युवा लोकगायक राजवीर नेगी और गायिका मिस प्रतिभा नेगी ने गाए हैं। मधुर संगीत से सजाया रामपुर बुशहर के संगीतकार नीरज और निशांत ब्रदर्स ने गीत लिखे हैं रत्न नेगी, अजेंद्र, नरेंद्र नेगी, बीरबल किनौरर व अमन रोनसेरू ने वीडियो में अभिनय किया है। राजवीर नेगी, हैप्पी नेगी, रवीना ठाकुर व साक्षी ठाकुर निर्माता हैं। हिमाचल की बेटी डॉ. अनिशा नेगी ने निर्देशन किया है। (अनंत ज्ञान)

### वार्ड नंबर 5, 8 व 12 के लिए मतदाता सूची प्रकाशित

**भावना, सोलन।** निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी नगर निगम एवं एसडीएम सोलन डॉ. पूनम बंसल ने बताया कि सोलन नगर निगम के अधीन वार्ड नंबर 5, 8 व 12 के निर्वाचन के लिए मतदाता सूची हिमाचल प्रदेश नगर निगम चुनाव नियम, 2012 के अनुसार तैयार कर दी गई है तथा इसकी प्रतिलिपि निरीक्षण के लिए कार्यालय समय में एसडीएम सोलन तथा आयुक्त नगर निगम सोलन के कार्यालय में उपलब्ध रहेगी। यदि किसी को मतदाता सूची में नाम दर्ज करने का कोई दावा करना है या नाम शामिल करने पर कोई आपत्ति है या किसी प्रविष्टि में विवरण पर कोई आपत्ति है, तो वह 22 तक या उससे पूर्व फॉर्म नंबर 4, 5 तथा 6 में दर्ज किया जा सकता है। डॉ. पूनम बंसल ने बताया कि प्रत्येक दावा या आपत्ति का आवेदन नगर निगम आयुक्त सोलन पुनरीक्षण प्राधिकारी को किया जा सकता है। दावा/आपत्ति को व्यक्तिगत रूप से या एजेंट के माध्यम से या पंजीकृत डाक द्वारा 22 तक या उससे पूर्व भेजा जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

### संत निरंकारी मिशन का रक्तदान शिविर 21 को

**रविदत्त भारद्वाज, राजगढ़।** निरंकारी भवन राजगढ़ में रविवार 21 को संत निरंकारी मिशन की राजगढ़ ईकाई की ओर से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर का शुभारंभ सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य एवं समाजसेवी राजेंद्र चौहान करेंगे। संगत के सयोंजक भोला नाथ साहनी व शिविर के प्रभारी नवदीप साहनी ने बताया कि यह आयोजन आईजीएमसी शिमला के चिकित्सकों के सहयोग से आयोजित किया जाएगा और रक्तदान का समय सुबह नौ से सायं चार बजे तक रहेगा। भोला नाथ साहनी ने कहा कि रक्तदान महादान है और हमारे द्वारा किए गए रक्तदान से न जाने किसका जीवन बच जाए। नवदीप साहनी ने कहा कि निरंकारी मिशन सबसे अधिक रक्तदान कर मानवता की सेवा करता आ रहा है। निरंकारी मिशन द्वारा राजगढ़ में पहले वर्ष में एक बार रक्तदान शिविर लगाया जाता था, लेकिन अब वर्ष में दो रक्तदान शिविर लगाए जाते हैं, ताकि अस्पतालों में रक्त की कमी को दूर किया जा सके। उन्होंने 21 को निरंकारी भवन राजगढ़ में लगने वाले रक्तदान शिविर में अधिक से अधिक संख्या में पहुंच कर इस पुनीत कार्य में भाग लेकर रक्तदान करने का आह्वान किया है। (अनंत ज्ञान)

### फाल आर्मी वोर्म कीड़े से बचाएं मक्का की फसल

**आर मोहन चौहान, सोलन।** सोलन में लगभग 23,500 हेक्टेयर भूमि पर मक्का की खेती की जाती है, जिससे लगभग 58,750 मीट्रिक टन उत्पादन प्राप्त होता है। इस वर्ष फाल आर्मी वोर्म नामक कीड़े के प्रकोप के कारण सोलन में मक्का की खेती करने वाले किसान काफी दिक्कत का सामना कर रहे हैं। यह जानकारी उपनिदेशक कृषि विभाग सोलन ने दी। नत्रजन के ज्यादा उपयोग करने के कारण पौधों की रोगों और कीटों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता खत्म हो जाती है, जिस कारण विभिन्न किस्म के रोग और कीड़े फसलों को नुकसान पहुंचाते हैं। अभी तक लगभग 4750 हेक्टेयर मक्का की फसल में खेत में स्थानीय पैच के रूप में 10 से 15 प्रतिशत पौधे इस कीड़े से ग्रसित पाए गए हैं। सोलन के किसानों को अपनी मक्का की फसल को फाल आर्मी वोर्म नामक कीड़े के प्रकोप से बचाने के लिए अपनी फसल का नियमित सर्वेक्षण करना चाहिए। यदि खेत में पांच प्रतिशत से अधिक पौधों पर फाल आर्मी वोर्म नामक कीड़े का प्रकोप पाया जाता है, तो सबसे पहले खेत की मिट्टी, रेत, राख ग्रसित पौधों के सबसे ऊपरी पत्ते व मध्य छल्ले में भरें और यदि उसके बाद बारिश न हो तो पानी भर दें। ऐसा करने से सुंडियां मर जाएंगी। किसान खेत में प्रकाश प्रपंच तथा फेरोमोन ट्रैप स्थापित करें। (अनंत ज्ञान)

### सुमित इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित



**बीबीएन।** हिमाचल प्रदेश बद्दी के क्योरटेक ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर सुमित सिंगला को सामाजिक सेवा में अग्रिम पंक्तियों में रहने परवर्ल्ड बुक ऑफ रिकॉर्ड यूके द्वारा ब्रिटेन की संसद में इंटरनेशनल एक्सीलेंस अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। ब्रिटिश पार्लियामेंट के पैलेस ऑफ वेस्ट मिनिस्टर लंदन यूके के चर्चिल रूम में आयोजित भव्य समारोह के दौरान प्रतिष्ठित अवॉर्ड प्रदान किया गया। इस अवसर पर बीबीएन क्षेत्र की एकमात्र महिला उद्यमी रेशु सिंगला जो सुमित सिंगला की धर्मपत्नी है, जो कि आईबीएन हर्बल्स की चेयरपर्सन एंड मैनेजिंग डायरेक्टर हैं उनको भी उनके शानदार कार्यों पर सम्मानित किया गया। इस भव्य समारोह में विश्व भर के 42 देशों से पहुंचे 60 महानुभावों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में शानदार उपलब्धियां प्राप्त की। क्योरटेक ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर सुमित सिंगला ने वर्ल्ड बुक ऑफ रिकाईर्स यूके लंदन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज जो इस मुकाम पर पहुंचे हैं उसका सारा श्रेय उनके बड़े भाई स्व. अमित सिंगला द्वारा क्योरटेक ग्रुप के रूप में लगाया गया वृक्ष है।

# परिवार रजिस्टर में एंट्री नहीं तो सरकारी सुविधाओं से रहना पड़ेगा वंचित

## निगम ने शहर के वार्डो में लोकमित्र केंद्र को दिया जिम्मा, सर्वे के बावजूद कई परिवारों ने नहीं करवाई एंट्री

**आर मोहन चौहान, सोलन**

शहर में रह रहे परिवारों का रिकॉर्ड मेंटेन किए जाने के लिए नगर निगम सोलन ने वार्डो के लोकमित्र केंद्र को जिम्मा सौंपा है। इसके लिए घर-घर जाकर सर्वे भी किया जा चुका है।

बावजूद इसके शहर के कई परिवारों ने अभी तक परिवार रजिस्टर में एंट्री नहीं करवाई है। ऐसी में संबंधित परिवारों को आगामी दिनों में सरकार से मिलने वाली सुविधाओं से वंचित रहना पड़ सकता है। इसमें मुख्यता हिमाचली प्रमाण पत्र, चरित्र प्रमाण पत्र और विवाह पंजीकरण करवाना आसान नहीं होगा। दरअसल नगर निगम ने परिवार रजिस्टर मेंटेन करने का जिम्मा स्थानीय लोकमित्र केंद्रों को दिया है। साथ ही निगम के कर्मचारी भी इसमें घर-घर जाकर परिवारों की डिटेल लेंगे। शहर में इस समय करीब 25 हजार परिवार रहते हैं। (अनंत ज्ञान)



"सरकार ने स्थानीय निकाय के दायरे में रहने वाले लोगों का परिवार रजिस्टर मेंटेन करना जरूरी किया है। इससे परिवार की सूची के साथ व्यक्ति विशेष के व्यवसाय और शैक्षणिक योग्यता की जानकारी भी उपलब्ध रहेगी। यह कार्य के लिए स्थानीय लोक मित्र केंद्रों को अधिकृत किया गया है।
**मीरा आनंद, कार्यकारी मेयर, नगर निगम सोलन।**



नगर निगम कार्यालय सोलन।

### जन कल्याण योजनाएं बनाने में मिलेगी मदद

शहरी क्षेत्रों में परिवार रजिस्टर को लागू करने के लिए राज्य सरकार ने प्रदेश नगर निगम अधिनियम की धारा 48ए, धारा 308ए और हिमाचल प्रदेश नगर निगम अधिनियम की धारा 43 (5) और धारा 393 में संशोधन किया है। इससे शहरी क्षेत्रों में रहने वाले परिवारों के बारे में महत्वपूर्ण डाटा उपलब्ध होगा, जिसके उपयोग से संसाधनों के बेहतर आवंटन सुनिश्चित कर जन कल्याण के लिए योजनाएं बनाई जा सकेंगी।

### सरकार से मिली है मंजूरी

नगर निगम, नगर परिषदों और नगर पंचायतों के परिवार रजिस्टर के रखरखाव नियम-2023 के प्रारूप को मंत्रिमंडल ने हाल में मंजूरी दी थी। अभी तक केवल पंचायतों में ही परिवार रजिस्टर रखे जाते थे। परिवार में रहने वाले सदस्यों, उनके व्यवसाय, जाति, शैक्षणिक स्थिति और अन्य आवश्यक विवरणों का रिकॉर्ड रखना महत्वपूर्ण है। संशोधित नियमों में वार्ड समिति के संबंधित सचिव को वार्ड के वास्तविक निवासियों के परिवारों के विवरण के लिए घर-घर जाकर सर्वेक्षण करना अनिवार्य होगा। निकायों में विशेष रूप से नामित सत्यापन अधिकारी की ओर से रजिस्टर सत्यापित किया जाएगा।

### व्यक्ति की वेरिफिकेशन करनी होगी आसान

इसके तहत अब शहर की कुल आबादी का अनुमान लगाया जा सकेगा। साथ ही निगम के अधिकारियों को भी परिवार के व्यक्ति की वेरिफिकेशन करना आसान होगा। निगम ने हाल में यह कार्य शुरू किया है। इस बाबत अतिरिक्त आयुक्त डॉ. प्रियंका चंद्रा ने लोकमित्र केंद्रों को अधिकृत किया है। आम तौर पर नगर निगम जन्म-मृत्यु का पंजीकरण तो करता है पर परिवार में कितने सदस्य हैं इसका रिकॉर्ड आज तक मेंटेन नहीं है। अब यह संभव होगा। निगम के कर्मचारी घर-घर जाकर भी व्यक्ति का नाम, पेशा और शैक्षणिक योग्यता का रिकॉर्ड लेंगे। इसके अलावा आधार, राशन कार्ड और बिजली बिल की प्रति भी दिखानी होगी। लोगों की सुविधा के लिए वार्डो में परिवार रजिस्टर के पंजीकरण का जिम्मा लोकमित्र केंद्रों को दिया गया। स्थानीय निवासी लोकमित्र केंद्र में जाकर निगम के परिवार रजिस्टर में एंट्री करवा सकते हैं।

# नाहन बिरोजा फैक्टरी में लगी आग

## जल्द पहुंचा दमकल विभाग, स्थानीय लोगों की सहायता से टला बड़ा हादसा

**एसपी जैरथ, नाहन**

नाहन में रियासत कालीन फॉरेस्ट कॉर्पोरेशन की तारपीन फैक्टरी में आग लग गई। मौके से प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना सवेरे करीब 8:30 बजे के आसपास की है। फैक्टरी के स्टीम बॉयलर के पास हल्के से तेल रिसाव में अचानक आग लग गई, जिस मौके पर उपस्थित कर्मचारियों ने फैक्टरी में रखे फायर उपकरणों से आग को बुझा दिया। थोड़ी ही देर बाद अचानक फिर से आग भड़क गई, जिस पर काबू पाना मुश्किल हो गया था।

इसके बाद घटना की जानकारी अग्निशमन विभाग को दी गई। फौरन मौके पर दमकल की गाड़ी पहुंच गई। मौके पर स्थानीय लोगों की सहायता और दमकल विभाग के द्वारा की गई कार्रवाई के बाद आग पर काबू पा लिया गया। अब यदि स्थानीय लोगों सहित फैक्टरी के कर्मचारी व फायर विभाग थोड़ी भी देरी कर देता, तो बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। अच्छी बात तो यह रही कि इस आग लगने की घटना में किसी भी तरह का नुकसान नहीं हुआ है। फैक्टरी प्रबंधन के द्वारा खबर की पुष्टि की गई है। वहीं, फैक्टरी के कर्मचारियों ने फैक्टरी के महाप्रबंधक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। फैक्टरी के महाप्रबंधक एके वर्मा ने बताया कि फैक्टरी की बराबर समय पर मेंटेनेंस होती रहती है, जितना समय फैक्टरी बीते एक वर्ष में चली है उससे पहले इतना आउटपुट कभी नहीं मिला है। कुछ कर्मचारी ऐसे भी हैं, जो सालों से यही डटे हुए हैं, जिन्हें काम करने में भी परेशानी रहती है। ऐसे व्यक्ति नारेबाजी कर फैक्टरी के नियमों की अनदेखी के साथ सरकारी व्यवस्था में बाधा डालने की कोशिश कर रहे हैं। फैक्टरी में आग किन कारणों से लगी है, इसकी जांच की जा रही है। (अनंत ज्ञान)



फॉरेस्ट कॉर्पोरेशन की तारपीन फैक्टरी में आग लगने के बाद मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड।

### फैक्टरी की लंबे समय से नहीं की गई है मेंटेनेंस

कर्मचारियों का कहना है कि फैक्टरी की लंबे समय से मेंटेनेंस नहीं की गई है, जिसके चलते बॉयलर और उसके आसपास काम करने वाले कर्मचारी अपनी जान को जोखिम में डालकर काम करते हैं। नाम न छापने पर फैक्टरी के कर्मचारियों ने कहा कि महाप्रबंधक कारखाने की देखभाल और यहां के कर्मचारियों के ग्रीवेंस को लेकर पूरी तरह से लापरवाही बरत रहे हैं। मेंटेनेंस के अभाव में पहले भी कई बार बताया जा चुका है कि कोई बड़ी घटना हो सकती है। बावजूद इसके शुक्रवार को यह आग लगने की घटना हो गई।

# ढाबा संचालक से अवैध शराब की 170 पेटियां बरामद

**एसपी जैरथ, पांवटा साहिब।** जिला सिरमौर के शिलाई विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले तिलोरधार में पुलिस टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर एक ढाबा संचालक के स्टोर से 170 पेटी शराब बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस थाना पुरुवाला की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर सुजान सिंह पुत्र शोभा राम निवासी गांव कांडो (दुगाना) डाकघर दुगाना तहसील कमरऊ जिला सिरमौर, जो कि तिलोरधार में कपूर ढाबा चलाता है, उसके किराये के स्टोर से 118 पेटी अंग्रेजी शराब व 52 पेटी बीयर की बरामद की।

आरोपी के खिलाफ पुलिस थाना पुरुवाला में आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। उधर, डीएसपी पांवटा साहिब अदिति सिंह ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि अवैध शराब के कारोबार में लिप्त लोगों के खिलाफ इस प्रकार की कानूनी कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। (अनंत ज्ञान)

# सोलन-खद्दर बस सेवा बंद होने से दर्जनों पंचायतों के लोग परेशान

**रविदत्त भारद्वाज, राजगढ़**



फाइल फोटो।

हिमाचल पथ परिवहन निगम द्वारा खद्दर क्षेत्र के लोगों की मांग के काफी समय बाद सोलन से खद्दर बस सेवा को आरंभ किया गया था। मगर पिछले कुछ समय से यह बस सेवा बंद पड़ी है, जिसके बाद सोलन, चौपाल व पच्छाद के दर्जनों पंचायत के लोगों को परैशानी का सामना करना पड़ रहा है।

यह बस सोलन से लेकर गिरिपूल तक सोलन विधानसभा क्षेत्र गिरिपूल से लेकर धारटूखाड़ी तक पच्छाद विधानसभा क्षेत्र व धारटूखाड़ी से खद्दर तक चौपाल विधानसभा क्षेत्र से होकर गुजरती है। मगर कुछ समय से यह बस सेवा बंद पड़ी है। यह बस सेवा धार्मिक पर्यटन की दृष्टि से भी काफी महत्वपूर्ण है। सोलन, शिमला व सिरमौर जिले के प्रसिद्ध आराध्य देव शिरगुल महाराज की तपोस्थली चूड़धार को भी यह सड़क जोड़ती है क्योंकि पुलबाहल से मढाह लाणी होते हुए यह सड़क खद्दर को जाती है। मढ़ाह लाणी से चूड़धार के लिए सबसे कम दूरी वाला पैदल ट्रेक है। इसलिए चूड़धार जाने वाले पर्यटकों के लिए यह बस सेवा काफी लाभदायक थी। इसके साथ-साथ यह बस सेवा विजट महाराज के मंदिर संराहा को भी जोड़ती है। इन दिनों हजारों की संख्या में श्रद्धालु धार्मिक पर्यटक स्थल चूड़धार जा रहे हैं। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जब इस बस सेवा को आरंभ किया गया था, तो इस बस का मुनाफा 20 हजार से 30 हजार रुपए था। फिर उसके बाद इस बस सेवा को बंद कर दिया गया। इस बारे में जब पथ परिवहन निगम के क्षेत्रीय प्रबंधक सुरेंद्र राजपूत के अनुसार यह मामला उनके संज्ञान में है वे जल्द इस बस को रूट पर चलाने का प्रयास कर रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# बद्दी में जगह-जगह ट्रैफिक जाम की समस्या

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



एशिया के सबसे बड़े फार्मा हब व प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन में ट्रैफिक समस्या विकराल होती जा रही है।

एक तरफ जहां एनएच पर निर्माण के चलते जगह-जगह जाम लग रहा है। वहीं, टोल बेरियर बद्दी, बद्दी साईं रोड, बद्दी बरोटीवाला रोड पर लक्कड़ पुल समेत अन्य संपर्क मार्गों पर भयंकर जाम लग रहा है। शुक्रवार को बद्दी साईं रोड पर दो घंटे जाम लगा रहा एक तरफ जहां बीबीएन एरिया में बारिश न होने के चलते भीषण गर्मी की मार पड़ रही है। वहीं, जगह-जगह लग रहे ट्रैफिक जाम ने लोगों का जीना दुष्वार कर दिया है। स्थानीय लोगों राकेश कुमार, संजीव कौशल, बेअंत ठाकुर, सुनील कुमार, नरेश कुमार, कुलवंत चौधरी, संदीप चौधरी, संजीव कुंडल्स, रोहन कुमार, मोहित कुमार, गुरप्रीत सिंह, कुलदीप सिंह, लक्ष्मण चौधरी, आदि लोगों ने बताया कि बद्दी नेशनल हाइवे पर मलपुर, भुड्ड बैरियर, मानपुरा चौक समेत बद्दी साईं रोड, बद्दी टोल बैरियर, बद्दी बरोटीवाला रोड के अलावा अन्य संपर्क मार्गों पर जाम लग रहा है।

स्थानीय लोगों के साथ उद्योगों में कार्यरत कर्मचारी समय पर उद्योगों में नहीं पहुंच पा रहे हैं, जबकि दोपहर के समय जाम की स्थिति में स्कूली बच्चे समय पर घर नहीं पहुंच पा रहे। बद्दी पुलिस के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा का कहना है कि सड़कों की बदहाली और नेशनल हाइवे पर काम के चलते कुछ जगहों पर जाम लग रहा है, उन्हें चिन्हित किया गया है व वैकल्पिक मार्गों का सहारा भी लिया जाएगा, जिससे जाम की समस्या न हो।

### एसपी के समक्ष रखेंगे ट्रैफिक जवानों की तैनाती की मांग

सड़क सुरक्षा व जागरूकता क्लब के अध्यक्ष सुरेंद्र शर्मा का कहना है कि एसपी बद्दी को लिखित ज्ञापन देकर जाम की समस्या से अवगत करवाया गया है। पिछले कुछ समय से सड़कों से ट्रैफिक पुलिस कर्मी गायब हैं। जल्द ही एसपी बद्दी के समक्ष ट्रैफिक जाम की समस्या को उठाया जाएगा ओर सड़कों पर ट्रैफिक जवानों की तैनाती करने की मांग एसपी के समक्ष रखी जाएगी।

# वातावरण को स्वच्छ बनाए रखना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी : अनिल धोलटा

**आर मोहन चौहान, सोलन**




उप-पुलिस अधीक्षक सोलन अनिल धोलटा ने कहा कि प्रकृति में संतुलन बनाए रखने के लिए तथा अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ बनाए रखना हम सब की सामूहिक जिम्मेदारी है। अनिल धोलटा सारथी सोशल वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित पोधरोपण कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे।

अनिल धोल्टा ने कहा कि पेड़ पर्यावरण को ऑक्सीजन प्रदान करते हैं और वायु की गुणवत्ता में सुधार लाते हैं, जो कि मनुष्यों और अन्य जीवित प्राणियों के लिए आवश्यक है। पौधरोपण से प्रदूषण के स्तर में भी कमी आती है, जिससे आने वाली पीढ़ियों का जीवन अधिक सुरक्षित होता सकता है। पौधे कई तरह से पर्यावरण को संतुलित बनाए रखने के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने इस अवसर पर देवदार के पौधे का पौधरोपण किया। सारथी संस्था के अध्यक्ष सुभाष ने इस अवसर पर मुख्यातिथि का स्वागत किया और उन्हें एक पौधा भी भेंट किया। (अनंत ज्ञान)

# विधानसभा चुनाव जीतने के लिए कांग्रेस ने जनता को दी झूठी गारंटी : प्रताप रावत

**एसपी जैरथ, नाहन**

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने विधानसभा चुनाव जीतने के लिए प्रदेश की जनता को झूठी गारंटी दी है।



विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री सुक्खू, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने अपनी सभी चुनावी जनसभा में कहा था कि यदि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बनती है, तो कांग्रेस पार्टी प्रदेश के सभी बेरोजगार युवाओं को हर साल एक लाख सरकारी नौकरी देगर और 18 वर्ष से ऊपर की सभी महिलाओं को हर महीने 15 सो रुपए भी देंगे तथा हर घर को 300 यूनिट मुफ्त बिजली के साथ-साथ भैंस का दूध 100 रुपए लीटर और गाय का दूध 80 रुपए लीटर लेंगे और साथ में दो रुपए किलो गोबर भी सरकार खरीदेगी, लेकिन यह सारी गारंटी झूठ का पुलिंदा बनकर रह गई है। रावत ने बताया कि कांग्रेस पार्टी के नेता चुनाव जीतने के लिए प्रदेश की जनता से बड़े-बड़े वादे करते हैं और चुनाव जीतने के बाद उन सभी वादों को भूल जाते हैं, जिससे जनता अपने आप को ठगा हुआ महसूस कर रही है। बेरोजगारी प्रदेश का सबसे बड़ा मुद्दा है, लेकिन प्रदेश सरकार इसके प्रति गंभीर नहीं है। (अनंत ज्ञान)

# 32 दिव्यांगों को बांटे फैब्रिकेटेड आइटम

**एसपी जैरथ, नाहन**

जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान नाहन में विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के लिए डिस्ट्रीब्यूशन कैंप ऑफ फैब्रिकेटेड आइटम का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ जिला परियोजना अधिकारी एवं प्रधानाचार्य डाइट हिमांशु भारद्वाज ने किया।



दिव्यांग बच्चों को फैब्रिकेटेड आइटम बांटने के दौरान परियोजना अधिकारी व अन्य।

उन्होंने सभी दिव्यांग बच्चों व उनके अभिभावकों का स्वागत एवं अभिनंदन किया और प्रेरक वचन कहे। उन्होंने सभी अभिभावकों से आग्रह किया कि सरकार की सभी योजनाओं का लाभ उठाएं और अपने बालकों को स्कूल जरूर लेकर जाएं। संस्थान के वित्त अनुभाग अधिकारी अरुण कुमार ने भी सभी दिव्यांग बच्चों को आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर आईईडी को-ऑर्डिनेटर शिवानी थापा ने बताया कि आज क्लास फर्स्ट से लेकर 12वीं तक लगभग 32 दिव्यांग बच्चों को फैब्रिकेटेड आइटम प्रदान किए गए। मीडिया ऑफिसर डॉक्टर मुनेश शर्मा ने बताया कि समग्र शिक्षा हिमाचल प्रदेश द्वारा प्रतिवर्ष दिव्यांग बच्चों की मेडिकल जांच करवा कर उनकी आवश्यकता अनुसार उनका मेजरमेंट लेकर यह फैब्रिकेटेड आइटम तैयार करवाए जाते हैं। मेडिकल असेसमेंट कैंप में दिव्यांग बच्चों की जांच भी की जाती है, फिर उनके चीजों को जिला स्तर पर वितरित किया जाता है। डिस्ट्रीब्यूशन कैंप में स्पेशल एजुकेटर सुषमा, विवेकानंद और भारती सिंह उपस्थित रहे। डाइट संस्थान से पूनम गुप्ता, नीतू तोमर, जयराज ठाकुर उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# भगवान से प्रेम करो : आचार्य प्रभात शर्मा

**आशीष, दाड़लाघाट।** पंचायत चाखड़ के गांव धूणी आसलू में शिव महापुराण कथा के शुक्रवार को आठवें दिन आचार्य प्रभात शर्मा ने प्रवचन दिए। उन्होंने कहा कि सांसारिक वस्तुओं से मोह न कर भगवान से प्रेम करो। आसक्ति और कामना न रहने पर बुद्धि सम हो जाती है। आचार्य प्रभात शर्मा ने कहा कि प्रभु ने भोग के लिए क्रिया शक्ति दी है, मोक्ष के लिए विवेक दिया है और अपने लिए प्रेम दिया है। प्रेम की भूख भगवान में भी है। प्रेम तो भगवान को भी तृप्त करने वाला है। कथा आयोजक नागा बाबा महेश भारती महाराज ने बताया कि प्रतिदिन एक से चार बजे तक कथा का आयोजन किया जा रहा है, जबकि 21 को गुरु पूर्णिमा के मौके पर सभी गुरु पूजन के लिए तथा गुरु कृपा प्राप्ति के लिए सुबह नौ बजे तक पधार कर गुरु कृपा प्रसाद का आयोजन होगा। (अनंत ज्ञान)

**आयोजन** पहली कक्षा से अंग्रेजी मीडियम होगा आरंभ, प्रदेश सरकार विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत

# जल्द की जाएगी छह हजार प्री-नर्सरी अध्यापकों की भर्ती : नेगी

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रिकांगपिओ ने वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस अवसर पर राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी बतौर मुख्यातिथि शिरकत की।

नेगी ने कहा कि वर्तमान प्रदेश सरकार हर एक विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए निरंतर प्रयासरत है तथा विद्यार्थियों की शिक्षा का स्तर बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों को भी शिक्षा से संबंधित आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री सुक्खू के नेतृत्व में जहां प्रदेश सहित जनजातीय जिलों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा रहा है। वहीं, प्रदेश की आने वाली पीढ़ी को गुणवत्ता युक्त शिक्षा उपलब्ध करवा शिक्षित करने की दिशा में अनेक ठोस एवं प्रभावी कदम उठाए जा रहे हैं। प्रदेश के सभी सरकारी विद्यालयों में पहली कक्षा से अंग्रेजी मीडियम आरंभ किया जा रहा है तथा विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा व आधुनिक उपकरणों के माध्यम से शिक्षित किया जा रहा है। हिमाचल के सरकारी विद्यालयों में शिक्षकों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया जारी है तथा प्रदेश सरकार द्वारा शीघ्र ही रिक्त पड़े अध्यापकों के पदों को भरकर प्रदेश सहित जनजातीय जिला किन्नौर के विद्यार्थियों को उनके घर-द्वार के निकट बेहतर व गुणवत्तायुक्त शिक्षा उपलब्ध करवाई जाएगी। इसके अलावा छह हजार प्री-नर्सरी अध्यापकों की भर्ती भी शीघ्र की जाएगी। (अनंत ज्ञान)



वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में जगत सिंह नेगी स्टूडेंट्स को सम्मानित करते हुए।

### स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंट कर किया सम्मानित

नेगी ने इस अवसर पर विद्यालय के स्टूडेंट्स को शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए स्मृति चिन्ह व प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया। रिकांगपिओ स्कूल के प्रधानाचार्य जिया लाल नेगी ने मुख्यातिथि का स्वागत किया तथा राजस्व मंत्री को विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस अवसर पर निदेशक सहकारी बैंक हिमाचल प्रदेश विक्रम सिंह नेगी, पंचायत समिति की अध्यक्ष ललिता पंचारस, जिला कांग्रेस समिति के अध्यक्ष उमेश नेगी आदि मौजूद रहे।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले
क्लासिफाइड

फिक्स साइज

| Size | Rate |
|---|---|
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार

विज्ञापन के लिए संपर्क करें

शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

## न्यूज ब्रीफ

### गाजा-यूक्रेन में युद्ध रुकवाने के लिए भारत करें मध्यस्थता

**एजेंसी, नई दिल्ली।** समाजवादी पार्टी (सपा) के सांसद मोहिबुल्ला नदवी ने कहा है कि सरकार को गाजा और यूक्रेन में युद्ध रोकने के लिए मध्यस्थता करनी चाहिए, क्योंकि भारत मानवीय दृष्टिकोण की सबसे बड़ी मिसाल है। संसद के निकट की जामा मस्जिद के इमाम नदवी ने कहा कि दुनिया ने गाजा को लेकर आंखें बंद कर ली हैं। पिछले साल सात अक्टूबर को हमास के चरमपंथियों ने इजराइल में हमला किया था, जिसके बाद इजरायल ने गाजा में सैन्य कार्रवाई शुरू की। इस युद्ध में अब तक लगभग 40 हजार लोग मारे जा चुके हैं। गाजा में युद्ध से जुड़े सवाल पर नदवी ने कहा, ''गांधी जी, नेहरू जी, मौलाना आजाद का कहना था कि जहां कहीं जुल्म होगा वहां हम (भारत) खड़े होंगे।''

### 2025 तक भारत हो टीबी मुक्त, दिए निर्देश



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़।** हरियाणा प्रदेश के सभी 22 जिलों में डॉ. सुषमा गुप्ता, वाईस चैयरपर्सन एवं डॉ. मुकेश अग्रवाल, राज्य महासचिव, भारतीय रैडक्रॉस समिति, हरियाणा राज्य शाखा के नेतृत्व में जिला रैडक्रॉस शाखाओं में स्वयंसेवक एवं स्वयंसेवी संस्थाएं टी.बी. मुक्त भारत अभियान को सफल बनाने के लिए महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं। भारतीय रैडक्रास समिति, हरियाणा राज्य मुख्यालय, चंडीगढ़ में प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के राष्ट्रीय सलाहकार डॉ. धर्मा राव के नेतृत्व में डॉ. अंजोरी अग्रवाल राष्ट्रीय सलाहकार, डॉ. सुखबंत सिंह डब्ल्यूएचओ सलाहकार हरियाणा, डॉ. निशांत सोनी डब्ल्यूएचओ सलाहकार हरियाणा, डॉ. चिन्नार एपीओ राज्य टी.बी. सैल हरियाणा, सरिता नरयाल एसीएसएम राज्य टीबी सैल हरियाणा ने हरियाणा राज्य रैडक्रास मुख्यालय चंडीगढ का औचक निरीक्षण किया। डॉ. धर्मा राव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने विश्व स्वास्थ्य संगठन के 2030 तक के लक्ष्य से भी पांच वर्ष पूर्व यानि 2025 तक भारत को टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य दिया है। (अनंत ज्ञान)

### वन कर्मियों की गश्त बढ़ाई जाए : सीएम धामी




**जगदीश शर्मा, देहरादून।** मानव वन्यजीव संघर्ष को कम करने के लिए वन विभाग द्वारा और प्रभावी प्रयास किए जाएं। इसके निवारण के लिए सुनियोजित नीति बनाते हुए इस पर गंभीरता से कार्य किया जाए। मानव-वन्यजीव संघर्ष में मृतकों के परिजनों और घायलों को यथाशीघ्र अनुमन्य सहायता उपलब्ध करवाई जाए। जंगलों से लगते जो स्थान बायो फेंसिंग से वंचित रह गए हैं, उन स्थानों को अतिशीघ्र बायो फेंसिंग से आच्छादित किया जाए। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ये निर्देश शुक्रवार को सचिवालय में उत्तराखंड राज्य वन्यजीव बोर्ड की 20वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि मानव वन्यजीव संघर्ष की रोकथाम हेतु चिन्हित हॉट स्पॉट क्षेत्रों में वन कर्मियों की गश्त बढ़ाई जाए एवं वन कर्मियों को पर्याप्त मात्रा में उपकरण कैमरा ट्रैप, एनाईडर, ट्रैक्यूलाइज गन आदि दी जाए। साथ ही आधुनिक उपकरण जैसे ड्रोन के माध्यम से भी जंगली जानवरों पर नज़र रखी जाए। जिन प्रभागों में मानव वन्यजीव संघर्ष के ज्यादा मामले आ रहे हैं उन स्थानों पर विशेष नजर रखी जाए। मुख्यमंत्री ने हल्द्वानी में प्रस्तावित जू एंड सफारी के मास्टर प्लान पर जल्द डीपीआर बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने राजाजी टाइगर रिजर्व के अन्तर्गत चौरासी कुटिया का अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार विकास एवं उच्चीकरण अति शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। (अनंत ज्ञान)

# चिनाब ब्रिज पर 15 अगस्त को चलेगी पहली ट्रेन, ट्रायल सफल

**अशोक ठाकुर, जम्मू**

भारतीय रेलवे रियासी और संगलदान के बीच नियमित सेवा शुरू करने की तैयारी कर रहा है। इस बहुप्रतीक्षित सेवा को 15 अगस्त को हरी झंडी दिखाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

चिनाब नदी पर स्थित दुनिया के सबसे ऊंचे रेल पुल पर से 15 अगस्त से रेलगाड़ी दौड़ सकती है। इसके लिए तैयारियां पूरी की जा रही हैं। इससे पहले पुल पर से ट्रेन के ट्रायल सफल रहे हैं। ऐसे में ट्रेन से कश्मीर जाने का इंतजार और कम होता दिख रहा है। अभी कश्मीर घाटी में बारामुला से संगलदान(रामबन) तक ट्रेन चल रही है। और देश के इस तरफ कन्याकुमारी से कटड़ा (रियासी) तक ट्रेन चल रही है।



भारतीय रेलवे रियासी और संगलदान के बीच नियमित सेवा शुरू करने की तैयारी कर रहा है। इस बहुप्रतीक्षित सेवा को 15 अगस्त को हरी झंडी दिखाने के प्रयास किए जा रहे हैं। कश्मीर रेल लिंक परियोजना के तहत शुरू की गई इस सेवा से तहत यात्री जम्मू के रियासी से कश्मीर के बारामुल्ला तक यात्रा कर सकेंगे।

यह उधमपुर-श्रीनगर-बारामुला रेल लिंक (यूएसबीआरएल) परियोजना में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। भौगोलिक और टेक्टोनिक रूप से चुनौतीपूर्ण परियोजना, लंबी सुरंगों और सबसे ऊंचे पुल वाली यह परियोजना मेक-इन-इंडिया का प्रमाण है।

46 किलोमीटर लंबे विद्युतीकृत मार्ग के चालू होने की उम्मीद है। रेलवे 272 किलोमीटर यूएसबीआरएल परियोजना में से कुल 255 किलोमीटर को कवर करेगा, जिससे कटड़ा और रियासी के बीच केवल 17 किलोमीटर मार्ग पूरा होना बाकी रह जाएगा।

इस परियोजना का उद्देश्य उधमपुर से बारामुला तक 272 किलोमीटर लंबे रेल मार्ग के माध्यम से कश्मीर को शेष भारत से जोड़ना है, जो घाटी को भारतीय रेलवे नेटवर्क से जोड़ेगा। परियोजना में 38 सुरंगें (संयुक्त लंबाई 119 किलोमीटर) शामिल हैं। सबसे लंबी सुरंग ( – 49) की लंबाई 12.75 किलोमीटर है और यह देश की सबसे लंबी परिवहन सुरंग है। (अनंत ज्ञान)

# अलकायदा का प्रमुख सदस्य पंजाब प्रांत में गिरफ्तार

**एजेंसी, लाहौर**

अलकायदा के सरगना रहे ओसामा बिन लादेन के करीबी सहयोगी अमीन उल हक को पाकिस्तान के पंजाब प्रांत से गिरफ्तार किया गया और देश में ''बड़े पैमाने पर आतंकवादी साजिश'' को विफल कर दिया गया। आतंकवाद निरोधक विभाग (सीटीडी) के अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सीटीडी के डीआईजी उस्मान अकरम गोंडल ने कहा, ''आतंकवादी को खुफिया जानकारी के आधार पर चलाए गये अभियान के दौरान पकड़ा गया।''

संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक आतंकवादी घोषित हक को पंजाब प्रांत में गुजरात जिले के सराय आलमगीर कस्बे से गिरफ्तार किया गया।

पंजाब पुलिस के सीटीडी के प्रवक्ता ने कहा कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में एक महत्वपूर्ण सफलता मिली है, क्योंकि विभाग ने विभिन्न खुफिया एजेंसियों के साथ मिलकर पंजाब प्रांत में एक योजनाबद्ध अभियान के दौरान हक को गिरफ्तार किया है।

**अलकायदा के सरगना रहे ओसामा बिन लादेन का था करीबी सहयोगी**

पुलिस प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि हक 1996 से ओसामा बिन लादेन का करीबी सहयोगी था और उसने पूरे प्रांत में आतंकी गतिविधियों की कथित तौर पर साजिश रची थी और महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों और हस्तियों को निशाना बनाना चाहता था।

इसमें कहा गया है कि सीटीडी ने बेहतर प्रदर्शन करते हुए अमीन उल हक का पता लगाने और उसे गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की। सीटीडी ने गिरफ्तार आतंकवादी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और पूछताछ के लिए उसे अज्ञात स्थान पर ले जाया गया है। बयान में कहा गया है कि हक पाकिस्तान में ''बड़े पैमाने पर आतंकवाद'' की साजिश बना रहा था। प्रवक्ता ने कहा कि हक की गिरफ्तारी पाकिस्तान और दुनियाभर में आतंकवाद से निपटने के लिए चलाये जा रहे अभियान के लिए एक बड़ी सफलता है।

# पिज्जाएक्सप्रेस ने भारत में अपना 30वां पिज्जेरिया मोहाली में खोला




**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

पीटर बोइजोट ने 1965 में लंदन के वार्डर स्ट्रीट, सोहो में पहला प्रसिद्ध पिज्जाएक्सप्रेस आउटलेट खोलकर जो सफर शुरू किया था, वह आज पूरे विश्व में अपने अलग स्वाद के लिए जाना जाता है।

इसी कैजुअल डाइनिंग रेस्टोरेंट ने मोहाली के सेक्टर 67 में सीपी67 मॉल में अपने 30वें पिज्जेरिया के लॉन्च के साथ पंजाब के पिज्जा के शौकीनों को एक नया स्वाद देने की शुरुआत की है। पिज्जाएक्सप्रेस, सभी उम्र के लोगों के स्वाद को पूरा करने के लिए अपने सिग्नेचर ऑल-डे डाइनिंग अनुभव को लेकर आ रहा है, जिसमें बेहतरीन और फ्रेश फूड कंटेंट से तैयार किए गए वास्तविक इटालियन हैंड-टॉस्ड टेस्टी पिज्जा, पास्ता, सलाद परोसे जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# बांग्लादेश में सुरक्षा बलों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं और आंसू गैस के गोले दागे

**एजेंसी, ढाका**

बांग्लादेश में सरकारी नौकरियों में आरक्षण प्रणाली में सुधार की मांग को लेकर जारी प्रदर्शनों के बीच शुक्रवार को पुलिस और सुरक्षा अधिकारियों ने प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलाईं और आंसू गैस के गोले दागे, साथ ही राजधानी ढाका में लोगों के एकत्र होने पर प्रतिबंध लगा दिया। हिंसक प्रदर्शनों के बीच इंटरनेट और मोबाइल सेवाएं बंद कर दी गई हैं।



राजधानी ढाका और कुछ स्थानों पर प्रदर्शन कुछ सप्ताह पहले शुरू हुए थे, लेकिन सोमवार से इनमें तेजी आ गई। ये विरोध प्रदर्शन प्रधानमंत्री शेख हसीना के लिए अहम चुनौती हैं। उन्होंने जनवरी में हुए चुनाव में लगातार चौथी बार जीत हासिल की थी। प्रदर्शनकारियों पर गोलीबारी की आज की घटना के एक दिन पहले भी काफी हिंसा हुई थी जिसमें स्थानीय मीडिया के अनुसार 22 लोगों की मौत हो गई थी।

‘समय टीवी’ ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि शुक्रवार को चार और लोग मारे गए। इन आंकड़ों की तुरंत पुष्टि करने के लिए अधिकारियों से संपर्क नहीं किया जा सका।

# कंबोडिया में दुर्लभ प्रजाति के मगरमच्छों के 106 अंडे मिले

**नोम पेन्ह।** कंबोडिया में एक वन्यजीव अभयारण्य में दुर्लभ प्रजाति के मगरमच्छ ‘सियामी’ के 106 अंडे मिले हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि बीते 20 वर्ष में हुई यह सबसे बड़ी खोज है और इससे दुनियाभर के जंगलों में मगरमच्छ की सबसे दुर्लभ प्रजाति के अस्तित्व में होने की उम्मीदें जगी हैं। कृषि एवं पर्यावरण मंत्रालय और संरक्षण समूह ‘फौना एंड फ्लोरा’ के संयुक्त बयान में कहा गया है कि ये अंडे मई में केरामोम नेशनल पार्क में मिले थे और 27 से 30 जून के बीच कुल 60 अंडों में से बच्चे निकल आए।

### हैरिस राष्ट्रपति पद के लिए योग्य उम्मीदवार: सर्वे



**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन पर राष्ट्रपति पद के चुनाव में उम्मीदवारी छोड़ने के लिए बढ़ रहे दबाव के बीच डेमोक्रेटिक पार्टी के अधिकतर नेताओं को लगता है कि उपराष्ट्रपति कमला हैरिस राष्ट्रपति पद के लिए सबसे अच्छी उम्मीदवार हैं। एपी-एनओआरसी सेंटर फॉर पब्लिक अफेयर्स रिसर्च के एक नए सर्वेक्षण में पता चला है कि डेमोक्रेटिक पार्टी के 10 में से 6 नेताओं को लगता है कि कमला हैरिस राष्ट्रपति पद के लिए सबसे योग्य उम्मीदवार हैं। दो नेताओं ने कहा कि उन्हें नहीं लगता की कमला हैरिस सही उम्मीदवार हैं, जबकि दो अन्य ने कहा कि उन्हें इस बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं है कि वे कुछ कह सकें।

### इंदौर में बैंक डकैती, यूपी से सेना का पूर्व जवान गिरफ्तार

**इंदौर।** इंदौर में पंजाब नेशनल बैंक की शाखा से 6.6 लाख रुपए लूटने के आरोप में सेना के एक पूर्व जवान को उत्तर प्रदेश से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस उपायुक्त अभिनय विश्वकर्मा ने संवाददाताओं से कहा, ''आरोपी अरुण सिंह राठौर उत्तर प्रदेश के एटा जिले के एक गांव में अपने मामा के घर में छिपा हुआ था। एक टीम ने उसे गिरफ्तार कर लिया और इंदौर ले आई।'' आरोपी के घर से तीन लाख रुपए, लूट का एक हिस्सा और 315 बोर की बंदूक बरामद की। विश्वकर्मा ने कहा उसे मोबइल की लोकेशन के आधार पर गिरफ्तार किया है।''



# कांवड़ मार्ग में हलाल प्रोडक्ट बेचने पर होगी कार्रवाई : योगी

**एजेंसी, लखनऊ**

मुख्यमंत्री योगी ने कांवड़ यात्रियों के लिए बड़ा कदम उठाया है। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि पूरे यूपी में कांवड़ मार्गों पर खाने-पीने की दुकानों पर संचालकों-मालिकों का नाम और पहचान बतानी होगी। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रियों की आस्था की शुचिता बनाए रखने के लिए यह फैसला लिया गया है। इसके अलावा हलाल सर्टिफिकेशन वाले प्रोडक्ट बेचने वालों पर भी कड़ी कार्रवाई होगी। उधर, इस फैसले का अखिलेश यादव और मायावती ने कड़ा विरोध किया है।



सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सामाजिक सद्भाव की दुश्मन है। समाज का भाईचारा बिगाड़ने का कोई न कोई बहाना ढूंढती रहती है। भाजपा की इन्हीं विभाजनकारी नीतियों के चलते प्रदेश का सामाजिक वातावरण प्रदूषित हो रहा है।

# ‘क्रॉसवोट’ करने वालों पर होगी कार्रवाई: वेणुगोपाल

**एजेंसी, मुंबई**

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शुक्रवार को कहा कि पार्टी ने महाराष्ट्र विधान परिषद के द्विवार्षिक चुनाव में ‘क्रॉस वोटिंग’ करने वाले विधायकों के खिलाफ कार्रवाई की है।



आगामी महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की तैयारियों की समीक्षा तथा उसकी चुनाव रणनीतियां तय करने के लिए यहां आयोजित एक बैठक में हिस्सा लेने के बाद वेणुगोपाल ने संवाददाताओं से कहा, ''(महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव में) जिन विधायकों ने ‘क्रॉस वोटिंग’ की है, उनके खिलाफ कार्रवाई की गई है और आपको भविष्य में उसका परिणाम नजर आएगा। अनुशासन बहुत महत्वपूर्ण (जरूरी) है।'' हालांकि, उन्होंने यह स्पष्ट नहीं किया कि कितने या किन-किन विधायकों ने मतदान के दौरान पार्टी के निर्देश का उल्लंघन किया।

# लॉकहीड मार्टिन के सीईओ ने पीएम मोदी से मुलाकात की



**एजेंसी, नई दिल्ली**

रक्षा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लॉकहीड मार्टिन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जिम टेसलेट ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने ‘मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड’ को लेकर कंपनी की प्रतिबद्धता की सराहना की।

प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ पर लिखा कि लॉकहीड मार्टिन के सीईओ जिम टेसलेट ने प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। लॉकहीड मार्टिन भारत-अमेरिका एयरोस्पेस और रक्षा औद्योगिक सहयोग में एक प्रमुख भागीदार है। हम ‘मेक इन इंडिया, मेक फॉर वर्ल्ड’ के सपने को साकार करने की दिशा में उनकी प्रतिबद्धता का स्वागत करते हैं।

### अमेरिका ने यूक्रेन के मुद्दे पर भारत से समर्थन मांगा

**वाशिंगटनद्ध** अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने विभिन्न क्षेत्रों में भारत के साथ द्विपक्षीय सहयोग को रेखांकित करते हुए कहा है कि अमेरिका चाहता है कि भारत यूक्रेन में स्थायी और न्यायपूर्ण शांति स्थापित करने के उसके प्रयासों का समर्थन करे। विदेश मंत्रालय के प्रधान उपप्रवक्ता वेदांत पटेल ने प्रधानमंत्री मोदी की मॉस्को में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ हाल में हुई बैठकों के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि भारत अनेक प्रमुख क्षेत्रों में हमारा साझेदार है, और यह बात पिछले ग्रीष्मकाल में स्पष्ट रूप से प्रदर्शित हुई थी, जब प्रधानमंत्री मोदी राजकीय यात्रा पर अमेरिका आए थे।



# तेल अवीव की सड़कों को ड्रोन से बनाया निशाना, एक की मौत, 10 घायल

**एजेंसी, तेल अवीव**

तेल अवीव में शुक्रवार सुबह-सुबह एक बड़ा विस्फोट हुआ। विस्फोट से कम से कम 10 लोग घायल हो गए। साथ ही एक व्यक्ति की मौत हो गई। वहीं इसराइली सेना विस्फोट की समीक्षा कर रही है। साथ ही निगरानी बढ़ा दी गई है। इसराइल को अब ड्रोन से निशाना बनाया जाने लगा है।



इसराइल में मध्य तेल अवीव की सड़कों पर सुबह-सुबह एक विस्फोट ने अफरा-तफरी मचा दी। दरअसल पिछले नौ महीनों से हमास और इसराइल के बीच युद्ध चल रहा है। इस दौरान हूतियों ने हमास के साथ सहानुभूति दिखाते हुए बार-बार ड्रोन ओर मिसाइल इसराइल पर दागी हैं, लेकिन फिर सभी को या तो इसराइल या क्षेत्र में तैनात

**यमन के हूती विद्रोहियों ने ली हमले की जिम्मेदारी**

पश्चिमी सहयोगियों द्वारा रोक दिया गया था। बता दें कि दोनों ने अब तक हूतियों पर कोई हमला नहीं किया है, बल्कि इसके सहयोगियों को आगे बढ़ने का मौका दिया, क्योंकि वह गाजा में युद्ध और लेबनान के हिजबुल्लाह आतंकवादी समूह के साथ चल रही लड़ाई पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहा है। यमन के हूती विद्रोहियों ने इसराइल की सड़कों पर हुए विस्फोट की जिम्मेदारी ली है।

# समंदर में बढ़ेगी भारत की ताकत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय नौसेना दिनों-दिन आधुनिक होती जा रही है और इसमें सबसे बड़ा हाथ रक्षा मंत्रालय का है। मंत्रालय लगातार नौसेना को एक से बढ़कर एक आधुनिक जहाज मुहैया करा रहा है, ताकि दुश्मन से लोहा लिया जा सके। इसी कड़ी में रक्षा मंत्रालय भारतीय नौसेना के लिए नए वॉरशिप या कहें युद्धपोतों के निर्माण के लिए 70,000 करोड़ रुपए का बड़ा कॉन्ट्रैक्ट देने वाला है। ये अत्याधुनिक स्टील्थ फ्रिगेट भारत में बनने वाली सबसे टेक्नोलॉजिकली एडवांस्ड जहाज होने वाले हैं।



वर्तमान में नौसेना के लिए नीलगिरि क्लास के जहाजों का निर्माण किया जा रहा है। इसी सीरीज को आगे बढ़ाते हुए ही इन अत्याधुनिक युद्धपोतों का भी निर्माण किया जाएगा, जिसमें स्टील्थ फ्रिगेट में स्वदेशी उपकरणों को लगाया जाएगा।

# आर्थिक वृद्धि मजबूत, मुद्रास्फीति को काबू में लाने पर ध्यान : आरबीआई गवर्नर

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने शुक्रवार को कहा कि मौजूदा माहौल में जब आर्थिक वृद्धि दर अच्छी है, मौद्रिक नीति को स्पष्ट रूप से मुद्रास्फीति पर ध्यान देना चाहिए। तटस्थ दरों को लेकर बहस के बीच, दास ने कहा कि सैद्धांतिक और अमूर्त अवधारणाएं किसी व्यक्ति के निर्णय पर आधारित होती हैं और ये वास्तविक दुनिया में नीति निर्धारित नहीं कर सकती हैं।



गौरतलब है कि आरबीआई लगातार नीतिगत दर पर यथास्थिति बनाए हुए है और दर पर फैसला करने वाली समिति के कुछ सदस्यों के बीच असहमति बढ़ रही है। ये सदस्य आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देने के लिए नीतिगत दर में कटौती के पक्ष में हैं। अधिक ब्याज दर के कारण वृद्धि पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर चिंता जताने वालों को जवाब देते हुए दास ने कहा कि मौजूदा नीतिगत दर के बावजूद वृद्धि मजबूत रही है।

उन्होंने कहा कि आरबीआई को उम्मीद है कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए उसका 7.2 प्रतिशत वास्तविक जीडीपी वृद्धि का लक्ष्य हासिल हो जाएगा। यह गति दूसरी तिमाही में भी जारी रहेगी। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि पिछले तीन साल में भारत की औसत वृद्धि 8.3 प्रतिशत रही है।

## डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस हादसा | लोको पायलट ने धमाके की आवाज सुनने के बाद लगाई थी इमरजेंसी ब्रेक

# रेल यातायात बहाल करने में जुटे 800 से अधिक अधिकारी-कर्मचारी

**एजेंसी, गोंडा**

उत्तर प्रदेश के गोंडा में वीरवार दोपहर हुए रेल हादसे में नई जानकारी सामने आई है। पता चला है कि लोको पायलट ने धमाके की आवाज सुनने के बाद इमरजेंसी ब्रेक लगाया था। अब पता लगाया जा रहा है कि यह धमाका किस चीज का था। बता दें कि हादसे के बाद 800 से अधिक कर्मचारी और अधिकारी मौके पर काम कर रहे हैं, ताकि रेल यातायात बहाल किया जा सके।



अयोध्या धाम से 19 जुलाई को चलने वाली 04260 अयोध्या धाम-मनकापुर विशेष गाड़ी निरस्त है। मनकापुर से 19 जुलाई को चलने वाली 04257 मनकापुर-अयोध्या धाम विशेष गाड़ी निरस्त है। अयोध्या धाम से 19 जुलाई को चलने वाली 04258 अयोध्या धाम-मनकापुर विशेष गाड़ी निरस्त है। मनकापुर से 19 जुलाई को चलने वाली 04241 मनकापुर-अयोध्या धाम विशेष गाड़ी निरस्त है।

### ट्रैक पर पानी भरने से हुआ हादसा

**रेलवे** की शुरुआती जांच में रेलवे ट्रैक में दिक्कत होने की बात सामने आई है, क्योंकि हादसे के स्पॉट के आस-पास गड्ढे हैं। बारिश का पानी भरा था। पानी रेलवे ट्रैक तक पहुंच गया था। ऐसे में आशंका है कि पानी की वजह से ट्रैक कमजोर हो गया। जब तेज रफ्तार ट्रेन दौड़ी तो पटरी अपनी जगह से खिसक गई और हादसा हो गया।

### सेक्शन के कीमैन स्नेह ने बताया हादसे का यह कारण

**सेक्शन** के कीमैन स्नेह ने संबंधित सीनियर सेक्शन इंजीनियर और सहायक अभियंता को बताया कि पटरी को काटकर अलग करने की डिस्ट्रेस प्रक्रिया को किया ही नहीं गया। इसके लिए ब्लॉक न लेने का भी दबाव था। उन्होंने कहा कि जिस जगह पर हादसा हुआ, वहां चार दिन से बकलिंग (गर्मी में पटरी में फैलाव होना) हो रही थी। बकलिंग के कारण वीरवार को 70 किमी प्रति घंटा की गति से जा रही चंडीगढ़-डिब्रूगढ़ एक्सप्रेस बेपटरी हो गई थी। कीमैन ने रेलवे की गोपनीय जांच के दौरान तैयार किए गए संयुक्त नोट में अपना बयान दर्ज कराया है। रेलवे के इंजीनियरिंग विभाग के ऊपर कार्रवाई हो सकती है।

# ...जब ओलंपिक पदक के करीब पहुंच कर भारतीय खिलाड़ियों को मिली निराशा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अक्सर कहा जाता है कि ओलंपिक में चौथा स्थान हासिल करना किसी खिलाड़ी के लिए सबसे बड़ी निराशा होती है। किसी प्रतियोगिता में आखिरी स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को अगर शर्मिंदगी का सामना करना पड़ता है, तो वहीं चौथे स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी को पदक चूकने की टिस रहती है। खेल के सबसे बड़े वैश्विक मंच पर भारतीय खिलाड़ी कई बार बेहद करीब से ओलंपिक पदक जीतने से चूक गए। इसकी शुरुआत 1956 मेलबोर्न ओलंपिक में हुई थी और यह तोक्यो में हुए पिछले ओलंपिक तक जारी रहा। 28 जुलाई से शुरू होने वाले पेरिस ओलंपिक में भारत के 117 खिलाड़ी उतरेंगे।

पेरिस ओलंपिक 6 दिन शेष

## मेलबोर्न ओलंपिक-1956

**भारतीय** फुटबॉल टीम ने क्वार्टर फाइनल में मेजबान ऑस्ट्रेलिया को 4-2 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। सेमीफाइनल में यूगोस्लाविया से भारत को हार मिली। कांस्य पदक मुकाबले में भारत बुल्गारिया से 0-3 से हार गया। भारत के महान खिलाड़ी पीके बनर्जी अक्सर अपनी इस पीड़ा को साझा करते थे।



## रोम ओलंपिक-1960

**मिल्खा** सिंह 400 मीटर फाइनल में पदक के दावेदार थे, लेकिन वह सेकंड के 10वें हिस्से से कांस्य पदक जीतने से चूक गए।



विभाजन के बाद अपने माता-पिता को खोने के बाद इसे उनकी सबसे बुरी याद के रूप में याद किया जाएगा। इस हार के बाद 'फ्लाइंग सिख' ने खेल लगभग छोड़ ही दिया था। उन्होंने इसके बाद 1962 के एशियाई खेलों में दो स्वर्ण पदक जीते, लेकिन ओलंपिक पदक चूकने की टिस हमेशा बरकरार रही।

## मास्को ओलंपिक-1980



**नीदरलैंड,** ऑस्ट्रेलिया और ग्रेट ब्रिटेन जैसे शीर्ष हॉकी देशों ने अफगानिस्तान पर तत्कालीन सोवियत संघ के आक्रमण पर मास्को खेलों का बहिष्कार किया था, भारतीय महिला हॉकी टीम के पास अपने पहले प्रयास में ही पदक जीतने का बड़ा मौका था। टीम को हालांकि पदक से चूकने की निराशा का सामना करना पड़ा। टीम अपने आखिरी मैच में सोवियत संघ से 1-3 से हारकर चौथे स्थान पर रही।

## लास एंजलिस ओलंपिक-1984

**लास** एंजलिस ओलंपिक ने मिल्खा की रोम ओलंपिक की यादें फिर से ताजा कर दीं जब पीटी उषा 400 मीटर बाधा दौड़ में सेकंड के 100वें हिस्से से कांस्य पदक से चूक गईं। 'पय्योली एक्सप्रेस' के नाम से मशहूर उषा रोमानिया की क्रिस्टीना कोजोकारू के बाद चौथे स्थान पर रहीं।



## एथेंस ओलंपिक 2004

लिएंडर पेस और महेश भूपति की जोड़ी एथेंस खेलों में पुरुष युगल में पोडियम पर पहुंचने से चूक गई। पेस और भूपति क्रोएशिया के मारियो एनसिक और इवान ल्युबिसिक से मैराथन मैच में 6-7, 6-4, 14-16 से हारकर कांस्य पदक से चूक गए और चौथे स्थान पर रहे।



## लंदन ओलंपिक-2012

**निशानेबाज** जॉयदीप करमाकर ने इस सत्र में कांस्य पदक विजेता से एक स्थान पीछे रहने के निराशा का अनुभव किया।



करमाकर पुरुषों की 50 मीटर राइफल प्रोन स्पर्धा के क्वालिफिकेशन राऊंड में सातवें स्थान पर रहे थे और फाइनल में वह कांस्य पदक विजेता से सिर्फ 1.9 अंक पीछे रहे। 2012 लंदन के लिए भारतीय निशानेबाजी दल अब तक का सबसे बड़ा दल था। इसमें 4 महिला निशानेबाजों सहित कुल 11 निशानेबाज थे।

## रियो ओलंपिक-2016

**दीपा** करमाकर ओलंपिक खेलों में प्रतिस्पर्धा करने वाली पहली भारतीय महिला जिमनास्ट बनीं।



महिलाओं की वॉल्ट स्पर्धा के फाइनल में जगह बनाने के बाद, वह महज 0.150 अंकों से कांस्य पदक से चूक गईं। उन्होंने 15.066 के स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल किया। इसी ओलंपिक में बीजिंग ओलंपिक में स्वर्ण जीतने वाले बिंद्रा कांस्य पदक से मामूली अंतर से पिछड़ गए।

## टोक्यो ओलंपिक-2020



भारतीय टीम तीन बार की ओलंपिक चैंपियन ऑस्टेलिया को हराकर सेमीफाइनल में पहुंची, लेकिन उसे अंतिम-4 मैच में अर्जेंटीना से 0-1 से हार का सामना करना पड़ा। रानी रामपाल की अगुवाई वाली टीम को इसके बार कांस्य पदक मैच में ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ 3-2 की बढ़त को बरकरार नहीं रख सकी और 3-4 से हार गई।

## न्यूज ब्रीफ

### अलग हुए हार्दिक और नताशा स्टेनकोविक



**नई दिल्ली।** भारत के स्टार ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या ने चार साल के रिश्ते के बाद पत्नी नताशा स्टेनकोविक से अलग होने की घोषणा की। दोनों ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक संयुक्त बयान में इस फैसले का खुलासा किया। दोनों ने 31 मई 2020 को शादी की थी और इसी साल 30 जुलाई को उनके बेटे अगस्त्य का जन्म हुआ था। उन्होंने 14 फरवरी 2023 को उदयपुर में एक भव्य समारोह में करीबी दोस्तों और परिवार की मौजूदगी में रीति रिवाज से दोबारा शादी की थी। इंस्टाग्राम पर उन्होंने लिखा, "चार साल साथ रहने के बाद नताशा और मैंने मिलकर अलग होने का फैसला किया है। हमने साथ मिलकर सर्वश्रेष्ठ प्रयास किया और सब अपना सर्वश्रेष्ठ दिया। अब हम लोगों को लगता है कि अलग होने में हम दोनों की भलाई है।" इसमें लिखा, "हमें अगस्त्य जैसा तोहफा मिला। अब वहीं हम दोनों की जिंदगी का केंद्र रहेगा। हम एक दूसरे का पूरा साथ देंगे ताकि हम अपने बेटे अगस्त्य के लिए हर वो काम करें, जिससे उसे खुशी मिले।"

### ओलंपिक में खेलेगी इसराइली फुटबॉल टीम

**ज्यूरिख।** फीफा ने इसराइल को अंतरराष्ट्रीय फुटबाल से प्रतिबंधित करने के फलस्तीन के प्रस्ताव पर फैसला टाल दिया है, जिससे इसराइली फुटबॉल टीम पेरिस ओलंपिक में खेल सकेगी। दो महीने पहले फलस्तीन के प्रस्ताव पर निष्पक्ष कानूनी आकलन की घोषणा के बाद फीफा को आमसभा की असाधारण बैठक में शनिवार को इस पर फैसला लेना था।



यह फैसला ओलंपिक की फुटबॉल स्पर्धा शुरू होने से चार दिन पहले आया जिसमें इसराइल को जापान, माली और पराग्वे के साथ एक ग्रुप में रखा गया है। फीफा ने कहा कि प्रक्रिया पूरी करने में अभी और समय लगेगा यानी फैसला अब ओलंपिक के बाद आएगा। फीफा ने कहा कि दोनों पक्षों ने अपना अपना पक्ष रखने के लिए समय सीमा बढ़ाने का अनुरोध किया है। इसके मायने हैं कि स्वतंत्र आकलन अब फीफा को 31 अगस्त से पहले नहीं सौंपा जा सकेगा। ओलंपिक फुटबॉल पुरुष फाइनल नौ अगस्त को है।

### स्क्वाश : भारत की जीत के साथ शुरुआत

**ह्यूस्टन।** भारत ने विश्व जूनियर स्क्वाश चैंपियनशिप में जीत के साथ शुरूआत की जब लड़के और लड़कियों की टीम ने अपने अपने मुकाबले अच्छे अंतर से जीते। लड़कों ने कुवैत को ग्रुपएफ के मुकाबले में 3-0 से हराया जबकि राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह की अगुवाई में लड़कियों ने ग्रुप-डी में चीनी ताइपै को इसी अंतर से मात दी। अब लड़कों का सामना शुक्रवार को ब्राजील से होगा जबकि लड़कियों की टीम को ब्राजील और आस्ट्रेलिया से खेलना है।




महिला एशिया कप

### दीप्ति शर्मा ने 20 रन देकर तीन और रेणुका ने झटके 2 विकेट

# भारत ने पाकिस्तान को 108 रनों पर समेटा

**एजेंसी, दाम्बुला**

गत चैम्पियन भारत ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से शुक्रवार को यहां महिला टी20 एशिया कप क्रिकेट टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में पाकिस्तानी टीम को 19.2 ओवर में 108 रन पर समेट दिया। भारतीय महिला टीम को जीत के लिए 109 रनों की जरूरत है। भारतीय गेंदबाजों में पूजा वस्त्राकर और रेणुका सिंह ने शुरूआती झटके देते हुए 2-2 विकेट लिए। दीप्ति शर्मा ने 20 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। श्रेयंका पाटिल को भी दो विकेट मिले।

टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने का फैसला करने वाली पाकिस्तानी महिला टीम की केवल चार खिलाड़ी ही दोहरे अंक के स्कोर तक पहुंच सकीं।

सिदरा अमीन 25 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहीं। उनके अलावा फातिमा सना ने नााबद 22, तुबा हसन ने 22 और मुनीबा अली ने 11 रन बनाए। पारी के दोनों छक्के फातिमा सना ने 19वें ओवर में राधा यादव की गेंदों पर लगाए।



### नेपाल ने दर्ज की एशिया कप के इतिहास की अपनी पहली जीत

श्रीलंका की मेजबानी में शुक्रवार को महिला एशिया कप 2024 का आगाज हो गया। पहला मुकाबल ग्रुप-ए की नेपाल और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के बीच खेला गया। इस मुकाबले में नेपाल ने यूएई को छह विकेट से हराकर इतिहास रच दिया। यह उनकी इस टूर्नामेंट के इतिहास में पहली जीत है। नेपाल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। यूएई ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 115 रन बनाए। जवाब में नेपाल ने समझना खड़का की दमदार पारी की बदौलत 16.1 ओवर में चार विकेट पर 118 रन बनाए और छह विकेट से जीत दर्ज की।

अनंत ज्ञान
विश्व शतरंज दिवस
की हार्दिक शुभकामनाएं




मनाने का कारण
विश्व शतरंज संघ (फीडे) की स्थापना के जश्न के लिए।
उत्पति
छठी शताब्दी में भारत में हुई। विश्वनाथन आनंद ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहवान दिलाई।
लाभ
मानसिक विकास, बुद्धिमता, रणनीति और धैर्य बढ़ता है।
खासियत
इस खेल में अपने अपनों को नहीं मारते।

## नौरी को हराकर नदाल नॉर्डिया ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**एजेंसी, बस्ताड (स्वीडन)**

राफेल नदाल ने पांचवीं वरीयता प्राप्त कैमरन नौरी को 6-4, 6-4 से हराकर नॉर्डिया ओपन टेनिस के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया।



दूसरे सेट के पहले गेम में नदाल गिर गए और खून बहने लगा जिससे उन्हें मेडिकल सहायता की जरूरत पड़ी।

उन्होंने मैच के आखिरी पांच गेम जीतकर जनवरी के बाद पहली बार किसी टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई ।

नदाल ने 2005 में 19 वर्ष की उम्र में यहां खिताब जीता था, जिसके बाद वह पहली बार यहां खेल रहे हैं। वह पेरिस में रोलां गैरा पर ओलंपिक में खेलने की तैयारी में हैं। उन्होंने पहले दौर में स्वीडन के महान खिलाड़ी ब्योर्न बोर्ग के बेटे लियो बोर्ग को हराया। नदाल ने विंबलडन में भाग नहीं लिया था। वह पिछले डेढ साल से कूल्हे और पेट की चोटों से जूझ रहे हैं।

## ओलंपिक खेल गांव आधिकारिक तौर पर खोला गया

**एजेंसी, पेरिस**

पेरिस ओलंपिक खेल गांव ने आधिकारिक तौर पर अपने दरवाजे खोल दिए, जिसमें दुनिया भर के उन एथलीटों का स्वागत किया गया जो अपनी ओलंपिक यात्रा शुरू करने के लिए तैयार हैं। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) के अध्यक्ष थॉमस बाक ने उद्घाटन के दिन गांव का दौरा किया।

206 राष्ट्रीय ओलंपिक समितियों और शरणार्थी ओलंपिक टीम के लगभग 10,500 एथलीट आगामी ओलंपिक खेलों में भाग लेंगे, जो 26 जुलाई से शुरू होंगे। अधिकांश एथलीटों को पेरिस ओलंपिक गांव में रखा जाएगा, जो सीन नदी के किनारे स्थित 54 हेक्टेयर का स्थल है। इसके अतिरिक्त, एथलीट चेटौरौक्स (शूटिंग), लिली (बास्केटबॉल प्रारंभिक और हैंडबॉल), मार्सिले (नौकायन) और ताहिती (सर्फिंग) में उपग्रह गांवों में रहेंगे।




गांव खेलों के दौरान एथलीटों के लिए घर के रूप में काम करेगा, जिसमें 3,200 सीटों वाला डाइनिंग हॉल, 24 घंटे खुला रहने वाला जिम, 3,500 वर्ग मीटर का पॉलीक्लिनिक और एक छोटा सुपरमार्केट होगा।

## आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के बजट पर होगी चर्चा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

हाल ही में अमेरिका और वेस्टइंडीज में हुए ट्वंटी-20 विश्व कप के लिए बजट से अधिक खर्च के आरोपों के बीच (विशेष रूप से न्यूयॉर्क में एक मॉड्यूलर स्टेडियम की तैयारी के संबंध में, जिसके कारण कथित तौर पर आईसीसी के दो शीर्ष अधिकारियों को इस्तीफा देना पड़ा) अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के लिए बजट को मंजूरी देने की तैयारी कर रहा है। कोलंबो में शुरू होने वाले आईसीसी के वार्षिक सम्मेलन में 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के लिए बजट के कागजात आईसीसी बोर्ड के समक्ष मंजूरी के लिए पेश किए जाएंगे।

आईसीसी के मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ) अंकुर खन्ना ने जून में लाहौर में तीन दिन बिताए और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के सीएफओ जावेद मुर्तुजा के साथ बजट पर काम किया, ताकि आठ टीमों की चैंपियंस ट्रॉफी के लिए वित्तीय परिव्यय को अंतिम रूप दिया जा सके।

## शरणार्थी ओलंपिक टीम पेरिस 2024 की तैयारी के लिए फ्रांस पहुंची

**एजेंसी, पेरिस**

शरणार्थी ओलंपिक टीम 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों से पहले फ्रांस पहुंच गई है। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) ने उक्त घोषणा की।

इस वर्ष की शरणार्थी ओलंपिक टीम में 15 देशों के कुल 37 एथलीट शामिल हैं। वे ओलंपिक में 12 स्पर्धाओं में भाग लेंगे, जो पहली बार एक टीम के रूप में एक साथ आने का प्रतीक है। बेयूक्स में, शरणार्थी एथलीट शीर्ष-स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाओं का उपयोग करके ओलंपिक के लिए तैयारी करना जारी रखेंगे। टीम के सामंजस्य को बढ़ावा देने और उन्हें एक-दूसरे को बेहतर तरीके से जानने में मदद करने के लिए, वे टीम गतिविधियों की एक श्रृंखला में भी भाग लेंगे।

शरणार्थी ओलंपिक टीम जल्द ही ओलंपिक गांव में जाने के लिए पेरिस जाएगी। यह ओलंपिक में शरणार्थी ओलंपिक टीम की तीसरी उपस्थिति होगी।

ओलंपिक तैयारी

### ओलंपिक खेलों में व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय घुड़सवार

# सही घोड़े के बिना, आप कुछ भी नहीं : अनुष

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पेरिस ओलंपिक में चुनौती पेश करने को तैयार घुड़सवार अनुष अग्रवाल को यह समझने में देर नहीं लगती कि उनका घोड़ा 'सर कारमेलो' घबराया हुआ, उत्साहित या खुश महसूस कर रहा है।

अग्रवाल ने कहा कि कोई रिश्ता सद्भाव और विश्वास पर बना है तो भाषा कोई बाधा नहीं है। चौबीस साल के अग्रवाल 26 जुलाई से शुरू होने वाले ओलंपिक खेलों में व्यक्तिगत ड्रेसेज स्पर्धा में क्वालीफाई करने वाले पहले भारतीय घुड़सवार हैं। वह ओलंपिक में परिणाम को लेकर ज्यादा चिंता किए बिना अपने खेल को सुधारने पर ध्यान दे रहे हैं।

अग्रवाल 'सर कारमेलो' के साथ इस स्पर्धा का लुत्फ उठाना चाहते हैं। दोनों के बीच ऐसा बंधन है कि अग्रवाल खुद की देखभाल से ज्यादा अपने घोड़े की देखभाल करना पसंद करते हैं।

अग्रवाल ने कहा, "घोड़ों के बिना, हम कुछ भी नहीं हैं। बेशक, आपको एक अच्छा सवार बनने की जरूरत है। आपके पास एक अच्छा कोच होना चाहिए, लेकिन सही घोड़े के बिना, आप कुछ भी नहीं हैं।"

अग्रवाल 17 साल की उम्र में जर्मनी के पैडरबोर्न गए थे। उन्होंने शौकिया तौर पर घुड़सवारी शुरू की जो जल्द ही जुनून में बदल गई। कड़ी मेहनत और उचित मार्गदर्शन के साथ वह 2023 एशियाई खेलों में दो पदक जीतने में सफल रहे। उन्होंने व्यक्तिगत स्पर्धा में कांस्य जबकि टीम स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता था।

### घोड़ा और सवार पूर्व-निर्धारित गतिविधियों की एक श्रृंखला करते

**घुड़सवारी** के ड्रेसेज इवेंट में घोड़े के साथ राइडर की आपसी तालमेल इवेंटिंग और शो जंपिंग से अलग होती है। ड्रेसेज में घोड़ा और सवार पूर्व-निर्धारित गतिविधियों की एक श्रृंखला करते हैं। इस स्पर्धा में पुरुष और महिला घुड़सवार एक साथ भाग लेते हैं। ड्रेसेज स्पर्धा को घोड़े के लिए शारीरिक रूप से कठिन और मानसिक रूप से चुनौतीपूर्ण माना जाता है।




### पांच साल से कर रहे 'सर कारमेलो' की सवारी

कोलकाता में जन्मे इस घुड़सवार ने कहा कि उनका अपने घोड़े के साथ बहुत अच्छी समझ है, लेकिन इस भरोसे को विकसित करने में काफी समय लगा। अग्रवाल को 'सर कारमेलो' की सवारी करते हुए पांच साल हो गए हैं।

उन्होंने कहा, "घोड़ों के साथ मानसिक जुड़ाव बनाना, लोगों के साथ संबंध बनाने जैसा ही है। इसमें समय लगता है। रिश्ते कुछ घंटों या कुछ दिनों में नहीं बनते। मैंने उसके साथ काफी समय बिताया है।" अग्रवाल ने कहा, "मैं कहूंगा कि वह हमेशा चाहता है कि मैं उस पर पूरा ध्यान दूं। यह उसके लिए सबसे जरूरी बात है। वह चाहता है कि मैं उसकी पीठ सहलाते रहूं। वह एक ऐसा घोड़ा है, जिसे इंसानों के बीच रहना पसंद है।"

## गिल से शादी पर रिद्धिमा ने कहा हम पर्सनली एक-दूसरे को नहीं जानते

**एजेंसी, नई दिल्ली**



टीवी एक्ट्रेस रिद्धिमा पंडित इन दिनों अपनी शादी की खबरों को लेकर चर्चा में हैं। उनका नाम क्रिकेटर शुभमन गिल से जोड़ा जा रहा है। मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया जा रहा है कि एक्ट्रेस दिसंबर 2024 में अपने से 9 साल छोटे शुभमन गिल के साथ शादी करने जा रही हैं। इन खबरों पर रिद्धिमा ने अब एक इंटरव्यू में सफाई दी है। साथ ही उन्होंने शुभमन को क्यूट भी कहा है। रिद्धिमा से पहले शुभमन का नाम सचिन तेंदुलकर की बेटी सारा तेंदुलकर और सारा अली खान के साथ भी जोड़ा जा चुका है।

एक इंटरव्यू में रिद्धिमा ने कहा, 'पहली बात तो यह है कि मैं शुभमन को जानती तक नहीं हूं। वो एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं, लेकिन मैं उन्हें पर्सनली जानती नहीं हूं। जब मैं कभी उन्हें मिलूंगी तो मुझे पक्का पता है कि हम हंसेंगे इस बारे में बात करके। वो बेहद क्यूट हैं, लेकिन फिलहाल ऐसी कोई बात नहीं है।'

कुछ महीने पहले भी रिद्धिमा ने शुभमन के साथ अपनी शादी की खबरों का सोशल मीडिया पर खंडन कर दिया था। उन्होंने एक पोस्ट शेयर करके कहा था, 'मेरी सुबह की शुरुआत बहुत सारे जर्नलिस्ट के कॉल से हुई। सभी को मेरी होने वाली शादी के बारे में जानना था, लेकिन कौन सी शादी? किसके साथ ?अगर मेरे जीवन में ऐसा कुछ हो रहा है। मैं शादी के बारे में सोच रही हूं तो इसकी अनाउंसमेंट खुद सामने से आकर करूंगी। फिलहाल इस खबर में कोई सच्चाई नहीं है।'